CMYK

तापमान
अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 22°C

सेंसेक्स 81,451.01
निफ्टी 24,750.70

सोना 98,010
चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, सोमवार 2 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 300 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 5 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## मई में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025 के दूसरे महीने मई में जीएसटी राजस्व संग्रह 2,01,050 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 1,72,739 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 16.4 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में सीजीएसटी संग्रह 35434 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 43902 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 108836 करोड़ रुपये रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 12879 करोड़ रुपये रहा है। रिफंड के बाद मई 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 173841 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 144381 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक है। मई 2025 में 27210 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है।

## आर्मी अफसर की याचिका खारिज, बर्खास्तगी बरकरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय सेना के एक अधिकारी की बर्खास्तगी को सही ठहराया है, जिसे धार्मिक परेड में हिस्सा न लेने के कारण 2017 में सेवा से हटा दिया गया था। अधिकारी सैमुअल कमलेसन ने यह कहते हुए परेड में शामिल होने से इन्कार कर दिया था कि वे ईसाई धर्म से हैं। कमलेसन ने कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। उन्होंने पेंशन और ग्रेच्युटी की मांग के साथ नौकरी पर दोबारा बहाल करने की अपील की थी, लेकिन 30 मई को जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने सेना के फैसले को बरकरार रखा।


## मान ने वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायुसेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। वह राष्ट्रपति के 'अति विशिष्ट सेवा पदक' और 'वायुसेना पदक' से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायुसेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे। एयर मार्शल मान राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के छात्र रहे हैं और 16 दिसम्बर-1989 को भारतीय वायुसेना में लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त हुए थे। उन्हें विभिन्न प्रकार के लड़ाकू विमानों में 3000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। वह एक पायलट अटैक इंस्ट्रक्टर हैं और अपने ऑपरेशनल करियर में उन्होंने एक फाइटर स्क्वाड्रन की कमान संभाली है।

# ऑपरेशन सिंदूर से उजागर हुआ जासूसी नेटवर्क

## पाक से हुए यूपीआई, हवाला लेनदेन से पकड़े गए 12 जासूस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नौ आतंकी ठिकाने तबाह होने पर पाक ने भारत में एक्टिव किए थे जासूस

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में गिरफ्तार किए गए पाकिस्तान के 12 जासूसों तक आखिर खुफिया एजेंसियां कैसे पहुंचीं? इस सवाल का जवाब चौंकाने वाला है।

इन एजेंसियों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जब भारत ने 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए, तभी बौखलाए पाक ने भारत में अपने सभी जासूस एक्टिव किए। उनसे सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से भारतीय सैन्य ठिकानों, सेना के मूवमेंट्स, सैन्य बेस, एयरबेस की संवेदनशील जानकारियां मंगाना तेज कीं। इसके लिए इन्हें पाकिस्तान से पे-पल पेमेंट एप, ऑनलाइन गैंबलिंग एप, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, हवाला, यूपीआई और क्रिप्टोकरेंसी के जरिये 20 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक मिले। सीजफायर के बाद भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर वे सोशल मीडिया अकाउंट और फोन नंबर आए, जो लड़ाई के दौरान लगातार एक्टिव थे और आईएसआई उनसे संपर्क में थी। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक से भारत में हुए हवाला, यूपीआई और बिटकॉइन ट्रांजेक्शन की जानकारी डार्क वेब पर मिली। इन ट्रांजेक्शन्स की पड़ताल में पाकिस्तान की जासूस ज्योति मल्होत्रा, अरमान, देवेंद्र सिंह ढिल्लो, मोहम्मद मुर्तजा अली, सुखप्रीत सिंह, करनबीर सिंह, नोमान इलाही, हारून, तुफैल, सुखदेव सिंह गोहिल, शहजाद और मोतीराम जाट की जानकारी मिली। गृह मंत्रालय को इसकी जानकारी दी गई। यदि कार्रवाई में जरा भी देरी होती, तो जासूस भाग सकते थे। इसलिए तय हुआ कि जो जासूस जिस राज्य का है, वहां की जांच एजेंसी को पकड़ने की जिम्मेदारी दें। नतीजा इन 12 समेत 15 पकड़े गए।

# नौ दिन में देश में 1300 प्रतिशत बढ़े कोरोना केस

### 48 घंटे में 21 मौतें, 3783 एक्टिव केस, बेंगलुरु में वैक्सीन की तीनों डोज ले चुके मरीज की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में 14 गुना की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं। जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने जारी की है। इससे पहले 30 मई को सुबह 8 बजे तक सिर्फ 7 मौतों का आंकड़ा सामने आया था। ऐसे में बीते दो दिनों में देश के अंदर 21 लोगों की मौत दर्ज की गई। 31 मई को बेंगलुरु में 63 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है। कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखन




# दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी और बारिश, छाया अंधेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो


■ 76 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है। रविवार शाम को दिल्ली और आसपास के इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई।

शाम करीब 5 बजे 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। कई जगहों पर हल्की से मध्यम और भारी बारिश भी देखने को मिली है। शाम को दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में काले बादलों की वजह से अंधेरा छा गया। कई जगहों पर तेज आंधी की वजह से नुकसान की खबरें आ रही हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी और बारिश के लिए पहले ही अलर्ट जारी किया था। दिल्ली के प्रगति मैदान में 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। नोएडा और गाजियाबाद के क्षेत्रों में भी 65 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की हवाएं दर्ज की गईं। कई जगहों पर पेड़ों के टूटने और वाहनों को नुकसान होने की खबरें सामने आ रही हैं। बिजली विभाग की ओर से सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए कई इलाकों में बिजली सप्लाई को बंद किया गया है। दिल्ली के पालम, झरोदा कलां, सफदरजंग समेत कई इलाकों में शाम करीब 4.30 बजे 37 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं दर्ज की गईं।

## मणिपुर में नई सरकार पर भाजपा में बनी सहमति

**इंफाल।** जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा के 27 विधायकों ने 30 मई को बैठक की थी। इसमें नई सरकार बनाने पर सहमति बन गई है। बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और स्पीकर रहे सत्यव्रत सिंह को दूर रखा गया था। बैठक में बीरेन सिंह के खिलाफ विद्रोह करने वाले भाजपा विधायकों के साथ-साथ 9 फरवरी को सीएम पद से इस्तीफा देने तक उनका समर्थन करने वाले विधायक भी शामिल थे। एक विधायक ने बताया कि बीरेन सिंह को नहीं बुलाया गया था। बैठक के बाद विधायकों ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार गठन की दिशा में काम करने के लिए व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को अलग रखने का संकल्प लिया गया है।



# अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को एक चुनावी रैली के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से रविवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

इस संबंध में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने रविवार को अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार अब्बास अंसारी को 31 मई से अयोग्य माना जाएगा और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। अब्बास अंसारी मुख्तार अंसारी के बेटे हैं। अब्बास अंसारी ने 2022 के चुनावों में मऊ सीट से जीत दर्ज की थी, जब सुभासपा का समाजवादी पार्टी (एसपी) के साथ गठबंधन था।

# डांटना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: कोई नहीं सोच सकता ऐसी घटना हो सकती है, आरोपी हॉस्टल वार्डन बरी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को डांटना उसे सुसाइड के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। जिसमें हॉस्टल वार्डन को आईपीसी की धारा 306 के तहत स्टूडेंट को सुसाइड के लिए उकसाने का दोषी माना था। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- कोई यह सोच भी नहीं सकता कि डांटने से ऐसी घटना हो सकती है।

दरअसल, वार्डन ने एक स्टूडेंट की शिकायत पर एक अन्य स्टूडेंट को डांट लगाई थी। इसके बाद स्टूडेंट ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। वार्डन का तर्क था कि उसने पैरेंट के तौर पर स्टूडेंट को डांटा था, जिससे वो आगे से गलती न करे। वार्डन ने कहा था कि उसके और सुसाइड करने वाले स्टूडेंट के बीच कोई निजी संबंध नहीं था। इससे पूर्व कोर्ट ने अन्य मामले जिनमें सुप्रीम कोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसावा नहीं माना। दिसम्बर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि व्यक्ति पर किसी की आत्महत्या के लिए उकसाने का दोष तभी लगाया जा सकता है, जब इसका पुख्ता सबूत हो। सिर्फ प्रताड़ना का आरोप इसके लिए काफी नहीं है। दरअसल, गुजरात हाईकोर्ट ने एक महिला के उत्पीड़न और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में उसके पति और ससुराल वालों को बरी करने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए बरी कर दिया था।





## संक्षिप्त समाचार

### पुणे में झील में डूबने से चार किशोरों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के चाकन के पास एक झील में शनिवार को तैरते समय चार किशोरों की डूबने से मौत हो गई। अधिकारियों ने आज इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि कल शाम को चारों शव पझर झील से बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार कल तैरते समय लड़के झील की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए। जब वे घर नहीं लौटे, तो उनके परिजनों ने अधिकारियों को सूचित किया। पीड़ितों की पहचान ओमकार बाबासाहेब हांगे (13), श्लोक जगदीश मानकर (11), प्रसाद शंकर देशमुख (11) और नैतिक गोपाल मोरे (12) के रूप में हुई है। ये सभी मेदंकरवाड़ी के रहने वाले थे। वे प्रवासी श्रमिकों के परिवारों से थे और रोजगार के लिए चाकन में आए हुए थे। पुलिस के अनुसार झील के किनारे लड़कों के कपड़े और जूते मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। स्थानीय निवासी, चाकन पुलिस और ट्रेकिंग समूह बचाव प्रयासों में शामिल हुए और शाम तक चारों शव बाहर निकाल लिए गए।

### कर्नाटक में मछली पकड़ने पर दो माह का प्रतिबंध

**कारवार।** कर्नाटक के तटीय इलाकों में मछली पकड़ने पर दो महीने का वार्षिक प्रतिबंध लागू हो गया है। इसका उद्देश्य समुद्री संसाधनों का संरक्षण करना और मानसून के मौसम में मछलियों की संख्या में वृद्धि करना है। एक जून से 31 जुलाई तक के प्रतिबंध के दौरान हालांकि गहरे समुद्र में मछली पकड़ने पर निर्भर हजारों मछुआरों की आजीविका के नुकसान की आशंका के कारण नाव मालिकों और मछली पकड़ने वाले समुदाय के नेताओं ने सरकार से इस अवधि के दौरान प्रभावित लोगों की सहायता के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा करने का आग्रह किया है। प्रतिबंध के तहत ट्रॉल बोट और पर्स सीन जहाजों के संचालन पर रोक लगा दी गई है, जबकि केवल पारंपरिक, गैर-मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं को समुद्र में जाने की अनुमति है। कारवार में, नाव संचालकों ने प्रतिबंधों का पालन करते हुए अपने जहाजों को बैथकोल बंदरगाह पर लंगर डाला है।

### पूर्व युवा कल्याण अधिकारी का शव मिलने से हड़कंप

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्र स्थित वाजिदपुर तिराहे के पास रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल की फोरेंसिक जांच भी कराई जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव (65) मूल रूप से खुटहन थाना क्षेत्र के मैरवां गांव के रहने वाले थे, और वर्तमान में शहर के पॉलिटेक्निक के पास स्थित सुंदर नगर कॉलोनी में निवास कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा, वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं और जांच की निगरानी कर रहे हैं।

# उप्र की चुनाव व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी

**सांसद और विधायक की ही तरह आम जनता चुनेगी जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार सांसद और विधायक की ही तरह यूपी में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव भी सीधे जनता से कराने पर मंथन कर रही है।सूत्रों की माने तो प्रदेश सरकार जल्द ही इस बारे में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज सकती है। माना जा रहा है कि अगर केंद्र ने राज्य सरकार के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दिया, तो आगामी पंचायत चुनाव में ही इस नई चुनाव प्रक्रिया को लागू कर दिया जाएगा। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके चर्चा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने प्रस्ताव रखा कि वह अधिकारियों को निर्देशित करें कि जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव सीधे जनता से कराने के संबंध में प्रस्ताव तैयार करें। प्रस्ताव तैयार कर इसे जल्द से जल्द केंद्र सरकार को भेजा जाए जिससे समय रहते इसकी तैयारी की जा सके। राजभर का कहना है कि मुख्यमंत्री ने उनके इस प्रस्ताव से सहमति जताई है और जल्द ही प्रस्ताव केंद्र को भेजने का आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि वह पिछले चुनाव में ही यह चाहते थे। अधिकारियों से इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराने के लिए कहेंगे। इस मुलाकात के दौरान ओम प्रकाश राजभर के पुत्र सुभासपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर भी साथ थे। राजभर ने बताया कि पिछले महीने उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर भी इस मुद्दे पर चर्चा की थी।

# मुख्यमंत्री योगी से मिले उत्तर प्रदेश के नए डीजीपी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पदभार ग्रहण करने के बाद राजीव कृष्णा बोले: सरकार की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाऊंगा**



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को डीजीपी नियुक्त किया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष के साथ डायरेक्टर विजिलेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव कृष्ण 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को सुपरसीड कर डीजीपी बनाए गए हैं।

बता दें कि निवर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल सका, जिसके बाद देर शाम राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी है। उन्होंने रात करीब 9 बजे डीजीपी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवनियुक्त डीजीपी ने कार्यभार संभालने के बाद रविवार को सीएम योगी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के बाद डीजीपी ने एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का नेतृत्व करने का महत्वपूर्ण दायित्व मुझे सौंपने के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उनके मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से मैं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं- अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस, महिला सुरक्षा, नागरिक केन्द्रित पुलिसिंग तथा उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था- को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। शनिवार को पूरे दिन प्रशांत कुमार का सेवा विस्तार होने की अटकलें लगती रहीं। देर शाम तक प्रशांत कुमार द्वारा डीजीपी पद का कार्यभार नहीं छोड़ने पर इन अटकलों को बल मिलता गया, हालांकि रात करीब आठ बजे राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी गई। देर शाम प्रशांत कुमार, राजीव कृष्णा और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें पुलिस विभाग की काफी टेबिल बुक भेंट की। वर्ष 1989 बैच के शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, वर्ष 1990 बैच के संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्य, एमके बशाल, तिलोत्तमा वर्मा, वर्ष 1991 बैच के आलोक शर्मा और पीयूष आनंद। बता दें कि राजीव कृष्णा प्रदेश के पांचवें कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए हैं।


### यूपी में नए डीजीपी के सामने हैं बड़ी चुनौतियां: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी में कानून का राज ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है। नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण के सामने कानून व्यवस्था को सुधारने में बड़ी चुनौतियां आएंगी। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में से खासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व होने से जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार तथा लोगों को उजाड़ने आदि की कार्रवाइयों से यह साबित है कि यहां कानून का राज सही से नहीं चल रहा है। ऐसे माहौल में यूपी पुलिस के नए प्रमुख के सामने राज्य में अपराध नियंत्रण व कानून का राज स्थापित करके सर्वसमाज के लोगों को उचित राहत पहुंचाने की बड़ी चुनौती है। राज्य सरकार व सत्ताधारी दल के लोगों को भी यूपी में कानून का राज स्थापित करने में हर प्रकार का सहयोग व सक्रियता जरूरी है। वैसे भी भारत के बहुआयामी विकास व यहां की विशाल आबादी की समग्र उन्नति में यूपी को देश की प्रगति की रीढ़ होना चाहिए किन्तु इसके ग्रोथ इंजन बनकर उभरने के बजाय ज्यादातर अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था की बदहाली को लेकर निगेटिव चर्चाओं में रहना क्या यह जन व देशहित में उचित है।

## अमित शाह ने कोलकाता में ममता बनर्जी पर साधा निशाना

# 'दीदी' सरकार का समय अब हुआ समाप्त

कोलकाता, वार्ता



**कहा: अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा यहां सत्तारुढ़ होगी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जबरदस्त निशाना साधा और कहा कि राज्य में ममता दीदी की सरकार का समय समाप्त हो गया है और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारुढ़ होगी।

शाह ने यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिसा मुक्त चुनाव में राज्य की जनता तृणमूल कांग्रेस की हार सुनिश्चित करेगी और वर्ष 2026 में भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि मैं आपको बता रहा हूं, आपका (सरकार का) समय समाप्त हो गया है। अगले वर्ष राज्य में भाजपा सरकार बनाएगी। मैं अपने सभी मंडल पदाधिकारियों को आश्वस्त करता हूं कि तृणमूल सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद, हम जरूरत पड़ने पर दोषियों को जमीन के नीचे से निकालेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या के लिए उन्हें सजा मिले। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिसा का कोई स्थान नहीं है। बंगाल में चुनावों के दौरान और दीदी (सुश्री बनर्जी) की जीत के बाद सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मारे गए। दीदी, आप कब तक उनकी रक्षा करेंगी? अगर आप में हिम्मत है, तो हिसा के बिना चुनाव कराएं और देखें कि क्या होता है। बंगाल की जनता सुनिश्चित करेगी कि आपकी जमानत जब्त हो जाए। मुख्यमंत्री के उस आरोप का जवाब देते हुए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीतिक लाभ के लिए 'ऑपरेशन सिदूर' बेच रहे हैं, उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा भेजे गए आतंकवादियों ने परिवारों के सामने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी। आप मुझे बताएं- क्या पाकिस्तान द्वारा भेजे गए उन आतंकवादियों को सजा नहीं मिलनी चाहिए? क्या मोदी जी ने ऑपरेशन सिदूर को अंजाम देना सही नहीं था? यही बात दीदी के पेट में दर्द पैदा कर रही है। जब बंगाल के लोगों को वहां मारा जा रहा था, तब दीदी अगर इस दर्द को व्यक्त करतीं तो सही होता। लेकिन तब उन्होंने कुछ नहीं कहा। अब जब मोदी जी ऑपरेशन सिंदूर के बाद यहां आते हैं, तो ऑपरेशन का विरोध करते हुए सस्ती राजनीतिक टिप्पणी की जाती है। आप सिर्फ ऑपरेशन सिदूर का विरोध नहीं कर रही हैं - आप इस देश की करोड़ों माताओं और बहनों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने बंगाल की मातृशक्ति से अपील की कि वे मुख्यमंत्री को ऑपरेशन सिदूर पर सवाल उठाने की हिम्मत करने के लिए आगामी चुनाव में सिंदूर का सही मूल्य समझाएं। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों, उन्हें दिखाएं कि सिदूर का अपमान करने का सही मतलब क्या होता है! शाह ने कहा कि बंगाल की भूमि ने पीढ़ियों से भारत का मार्गदर्शन किया है। चाहे वह ज्ञान हो, विज्ञान हो, अध्यात्म हो या स्वतंत्रता संग्राम हो, बंगाल ने हमेशा नेतृत्व किया है। कई वर्षों तक बंगाल पर कम्युनिस्टों का शासन रहा। फिर ममता दीदी अपने 'मां-माटी-मानुष' (मां, मातृभूमि और लोग) के नारे के साथ आईं। आज उन्होंने बंगाल की इस महान भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिदुओं के साथ दुर्व्यवहार का केंद्र बना दिया है। इससे पहले शाह दोपहर 14.16 बजे विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के साथ नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देकर की।

### पश्चिम बंगाल को नॉर्थ कोरिया न बनाओ शर्मिष्ठा के सपोर्ट में आई कंगना रनौत

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इसी को लेकर भाजपा सांसद कंगना रनौत का बयान सामने आया है। एन्फ्लुएंसर की गिरफ्तारी को लेकर वे पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करती नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को नार्थ कोरिया की तरह मत बनाओ। भाजपा सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्थितियां ठीक नहीं हैं। अगर कोई इनजनरल अपनी बात कहता है, तो उसके खिलाफ इतनी कठोर कार्रवाई करना कहीं से भी सही नहीं ठहराया जा सकता है। सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है यहां इस तरह का माहौल न खड़ा जाए, जिससे यह नार्थ कोरिया लगने लगे। उन्होंने ममता सरकार से ए मांग की है कि उसे जल्द से जल्द रिहा किया जाए। कंगना ने कहा कि जब शर्मिष्ठा ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी और माफी मांग ली है, तो सरकार को उसके खिलाफ इस तरह की कठोर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। कंगना ने कहा कि किसी बेटी को जेल में डाल देना और उसका पूरा करियर खराब कर देना बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

# पश्चिमी यूपी में फिर करवट लेगा मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद में मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में सोमवार को मौसम में आंशिक परिवर्तन के आसार हैं। तापमान में गिरावट हो सकती है। लेकिन, बाकी जगहों पर रविवार जैसा ही मौसम बना रहने की संभावना है।

मंगलवार को पूरे प्रदेश में बारिश के आसार बन रहे हैं। इससे तापमान में दो से चार डिग्री की कमी दर्ज की जाएगी। रविवार को झांसी, प्रयागराज और अमेठी में तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी यूपी सोमवार से ही छिटपुट बारिश की शुरुआत हो जाएगी। तराई वाले क्षेत्रों में इस बारिश की वजह से तापमान में भी दो से चार डिग्री की गिरावट की उम्मीद है। मंगलवार को पूरे प्रदेश में बारिश होगी। बुधवार और गुरुवार को भी कई इलाकों में ए बारिश जारी रह सकती है।

इस दौरान कई जगह 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। इससे मौसम में राहत मिल सकती है। अतुल ने बताया कि इसके बाद पांच जून से गर्मी बढ़ना शुरू होगी। तापमान में तीन से पांच डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। पछुवा हवा चलेगी। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना है।

## अर्थ व्यापार

# आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता



**के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी**

वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय बाजार में सकारात्मक उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से कम गिरे बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णयों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 270.07 अंक अर्थात 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 81451.01 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 102.45 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 24750.70 अंक पर आ गया। वहीं समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 274.93 अंक अर्थात 0.61 प्रतिशत उछलकर 45136.35 अंक और स्मॉलकैप 891.83 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर 52413.25 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों ने लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की, क्योंकि वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय स्तर पर सकारात्मक ट्रिगर्स की अनुपस्थिति ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी व्यापार नीतियों में अस्थिरता, विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक व्यापार रणनीति की वापसी के संकेत, वैश्विक बाजारों में व्यापक आर्थिक चिताओं को और गहरा सकते हैं, जिससे उभरते बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों के दम पर मजबूती दिखाई, जबकि लार्जकैप कंपनियों के ब्लूचिप परिणाम अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके, जिससे इन शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा। विशेष रूप से निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने दरों में संभावित कटौती की उम्मीदों के चलते प्रमुख सूचकांकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार फिलहाल चौथाई फीसदी की दर कटौती को मूल्यांकन में शामिल कर चुका है, जिससे ब्याज दर के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक बनता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 692.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आारक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 23 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 23 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 586.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# खाद्य तेल और दाल-दलहन में रहा मिलाजुला रुख


नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सामान्य रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों में स्थिरता रही।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 3838 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.47 सेंट की गिरावट लेकर 47.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगे हो गए, जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल के भाव 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए।सप्ताहांत पर सरसों तेल 15824 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17582 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14871 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती रही, वहीं मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर चना 6000-6100, दाल चना 7000- 7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। सप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

# राम मदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी पूरी



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में नवनिर्मित दिव्य और भव्य राम मंदिर की द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बताया कि राम मंदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इससे पूर्व दो जून को अर्थात कल महिलाओं के द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सरयू तट के संत तुलसी घाट से अपरान्ह चार बजे से शुरू होगी और लता चौक से रामपथ होते हुए हनुमानगढ़ी, बड़ा स्थान व रंगमहल होकर श्रीराम मंदिर परिसर में यज्ञ मण्डप तक जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए पहले मां सरयू का पूजन एवं यजमान का प्रायश्चित कर्म भी सम्पादित होगा। तीन जून से अनुष्ठान का विधिवत शुभारम्भ शुरू हो जाएगा। तीन व चार जून को सुबह साढ़े छह बजे से सायंकाल साढ़े छह बजे तक बारह-बारह घंटे का अनुष्ठानन होगा। इस दौरान मध्यान्ह में एक घंटे फलाहार के लिए विश्राम दिया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के मुताबिक पांच जून को अनुष्ठान सुबह साढ़े छह बजे प्रारम्भ होगा और अभिजीत मुहूर्त के बाद देवविग्रहों में प्राणों के आधान की प्रक्रिया होगी और फिर आरती के साथ अपरान्ह एक बजे अनुष्ठान की पूर्ण आहुत हो जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी तैयारियां वैदिक रीति-रिवाज के साथ की जा रही है ताकि यह समारोह पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न हो। अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थायें की जा रही हैं ताकि वे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकें।

# जम्मू-कश्मीर भारत-पाक के बीच युद्ध का मैदान बना

## हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचली जा रही घास जैसी: मुफ्ती

श्रीनगर, वार्ता



**हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है। हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है।

महबूबा ने कहा कि पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है। हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके। महबूबा बोलीं- हमारी पाकिस्तानी लोगों से असहमति नहीं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान के खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई की मांग समेत नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं के हालिया बयानों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान खतरनाक सोच को दर्शाते हैं। महबूबा ने कहा कि जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी।

उन्होंने ने कहा कि हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, लेकिन वहां के लोगों से नहीं। यह दुख की बात है कि देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल राज्य का नेता इस तरह की बातें कर रहा है। शांति और बातचीत के प्रति अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध और नफरत की भाषा बोलने वाले नेताओं को और लाशें चाहिए, लेकिन पीडीपी ही एकमात्र पार्टी है जो लगातार शांति की बात कर रही है और लोगों के सम्मान से जीने के हक के लिए आवाज उठा रही है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि ये हमला लोकल सपोर्ट के बिना नहीं हो सकता। क्योंकि आतंकवादी वहां कैसे आए, ये सवाल आज भी बना हुआ है। किसी लोकल ने उनकी मदद तो जरूर की है। अब्दुल्ला के इस बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि फारूक अब्दुल्ला का ऐसा बयान देश के बाकी हिस्सों में रह रहे कश्मीरी लोगों के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि इससे कुछ मीडिया चैनलों को कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का मौका मिल जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com



वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हर घर से निकले खिलाड़ी, तब बनेगा प्रदेश खेल भूमि : आर्या



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**■ संडे ऑन साइकिल रैली में शहर वासियों के साथ खेल मंत्री ने चलाई साइकिल ■ दूनवासियों को दिलाई गई फिटनेस अवेयरनेस की शपथ**

**देहरादून।** जून का पहला संडे देहराद. ून वासियों के लिए बेहद खास रहा, जब सैकड़ो की संख्या में लोगों ने शसंडे ऑन साइकिलश कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर साइकिल रैली में सैकड़ों प्रतिभागियों के साथ खेल मंत्री रेखा आर्या ने साइकिल रैली का नेतृत्व किया। संडे ऑन साइकिल रैली सुबह 6:30 बजे पवेलियन ग्राउंड से शुरू हुई और एनआईवीएच के गेट से वापस पवेलियन ग्राउंड में समाप्त हुई।

इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सैन्य भूमि उत्तराखंड को खेल भूमि बनाने का उनका सपना तब पूरा होगा ,जब यहां हर घर से एक खिलाड़ी निकलेगा। रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश के गांव गांव और छोटे कस्बों में खेल मैदान और मिनी स्टेडियम बनाने के पीछे यही संकल्प है। उन्होंने कहा कि जिस तरह उत्तराखंड में घर-घर से सैनिक निकलते रहे हैं, ठीक उसी तरह हर गांव गली में खेलों में चौंपियन पैदा हों। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग फिटनेस का बहुत अच्छा साधन है और इससे हमारी सेहत सुधरने के साथ-साथ पर्यावरण की सेहत भी सुधरेगी। खेल मंत्री ने आम लोगों को आह्वान किया कि वह साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। खेल मंत्री ने प्रतिभागियों को फिटनेस अवेयरनेस की शपथ भी दिलाई। साइकिल रैली में 7 साल के बच्चे भी शामिल थे तो वही 70 साल के वरिष्ठ नागरिकों ने भी इसमें पूरे उत्साह के साथ शिरकत की। रैली के समापन अवसर पर लकी ड्रा के जरिए अलग-अलग आयु वर्ग के विजेताओं को चुना गया और उन्हें पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर राजपुर विधायक खजान दास, खेल निदेशक प्रशांत आर्य, उपनिदेशक संजीव पौरी, प्रभारी जिला खेल अधिकारी रविंद्र भंडारी आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भर में होंगे संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम

**■ कार्यक्रमों के माध्यम से साझा की जायेगी उल्लेखनीय उपलब्धियों की तस्वीर**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ष्मोदी सरकार के 11 साल ष्संकल्प से सिद्धि तकश कार्यक्रम के माध्यम से व्यापक जनसहभागिता से मनाने जा रही है। जिसके तहत सभाओं के माध्यम से विकसित भारत का संकल्प लिया जाएगा। इसके साथ ही पत्रकार वार्ता, कार्यशालाएं, विकास प्रदर्शनी, विधानसभा स्तर पर केंद्रीय योजनाओं के पंजीकरण शिविरों का भी आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए रविवार को प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में राष्ट्रीय महामंत्री उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम , सह प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कार्यक्रम के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कुलदीप कुमार के नेतृत्व में 4 सदस्य प्रदेश समिति गठित की गई है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया, 9 जून को मोदी सरकार के शानदार 11 साल पूर्ण होने जा रहे हैं। देश के यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने इस कार्यकाल में अनेकों उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की है। विकास, विरासत और जनकल्याण के सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए भारत अब विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है और विकसित भारत बनने जा रहा है। लिहाजा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा के निर्देश पर केंद्र की 11 वर्षो की उपलब्धियों पर आधारित संकल्प से सिद्धि तक, राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने जा रही है। वर्चुअल कार्यशाला में समस्त प्रदेश पदाधिकारी , कार्यक्रमों की प्रदेश समिति के सदस्य सभी जिलाध्यक्ष , कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिलों में गठित जिलो की समितियों के सदस्य वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# फसलों पर रोग एवं कीटों से बचाव के लिये किसानों को दी गई जानकारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ कार्यक्रम 2025 का आयोजन जनपद देहरादून के विकासखण्ड रायपुर के शेरखी ग्राम सभा के पंचायत भवन में भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के उप सचिव, अनूप सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया। जिसमें कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं पशुपालन विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी तथा कृषि विज्ञान केन्द्र ढकरानी के वैज्ञानिक उपस्थित थे।

सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को कृषि, उद्यान, पशुपालन से सम्बन्धित नवीन तकनीकी जानका. रियां उपलब्ध करायी गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा.ऐकेषसिंह तथा डा. विजेता द्वारा कृषकों को फसलों पर रोग एवं कीटों से बचाव के लिये जानकारियां प्रदान की गयी तथा पशुपालकों को खुरपका तथा मुहंपका अफारी (गैस) तथा गाय तथा भैंस में थनेला रोग से बचाव के सम्बन्ध में जानकारियां दी गयी। इसके साथ-साथ डा. विजेता द्वारा प्राकृतिक खेती सम्बन्धी पंचगव्य जीवामृत बीजामृत के बारे में बताया गया। प्राकृतिक खेती कम लागत पर तथा लघु संसाधनों के प्रयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी।

भारत सरकार, कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय से कार्यक्रम में उपस्थित उप सचिव महोदय अनूप सिंह बिष्ट द्वारा भारत सरकार से जारी कृषकों के हित में विभिन्न केन्द्रपोषित योजनाओं यथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तथा अन्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा किसानों से संवाद किया गया। कार्यक्रम में 150 से अधिक किसान तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कृषि विभाग से सहायक कृषि अधिकारी सोनी रावत, पूनम, विरेन्द्र नेगी, एसपी मैठानी तथा उद्यान विभाग से सहायक उद्यान अधिकारी निधि थपलियाल पशुपालन विभाग से मगन लाल उनियाल उपस्थित थे।

# उत्तराखंड के नर्सिंग कॉलेजों को मिले 26 ट्यूटर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय नर्सिंग कॉलेजों को 26 नर्सिंग ट्यूटर्स मिल गये हैं। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित इन नर्सिंग ट्यूटर्स को प्रदेश के विभिन्न नर्सिंग कालेजों में प्रथम तैनाती दे दी गई है। इन ट्यूटर्स की तैनाती से नर्सिंग काले. जों में शैक्षणिक गतिविधियों में तेजी आयेगी साथ ही नर्सिंग छात्र-छात्राओं को बेहरत प्रशिक्षण भी मिल सकेगा।

**■ चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ रावत ने कहा, कालेजों में मजबूत होगी शैक्षणिक व्यवस्था ■ अल्मोड़ा, बाजपुर, चमोली, चम्पावत, देहरादून, हल्द्वानी, पिथौरागढ़ और टिहरी के नर्सिंग कॉलेज शामिल**



राज्य सरकार प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी संकल्प के तहत राज्य के विभिन्न राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में 26 नवनियुक्त नर्सिंग ट्यूटरों को प्रथम तैनाती दे दी है। इन ट्यूटरों की नियुक्ति से न केवल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी दूर होगी, बल्कि शैक्षणिक गतिविधियां भी तेज होंगी। - **डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

उत्तराखंड सरकार चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार करने में जुटी है। राज्य सरकार द्वारा मेडिकल कालेजों के साथ-साथ नर्सिंग कालेजों में सुविधाएं जुटा रही है, साथ ही मेडिकल फैकल्टी की भी नियुक्ति कर रही है। ताकि मेडिकल शिक्षण संस्थानों में छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व प्रशिक्षण मिल सके। इसी कड़ी में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा नर्सिंग ट्यूटर के पदों पर चयनित 26 अभ्यर्थियों को प्रदेशभर के 8 राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में प्रथम तैनाती दे दी है। जिनमें राजकीय नर्सिंग कॉलेज अल्मोड़ा, बाजपुर, चमोली, चम्पावत, देहरादून, हल्द्वानी, पिथौरागढ़ और टिहरी शामिल है। चयन बोर्ड द्वारा नर्सिंग ट्यूटर पड़ पर चयनित किरन को नर्सिंग कालेज अल्मोड़ा में प्रथम तैनाती दी है। इसी प्रकार स्वेता, सुरभी नेगी, राहुल राणा, ज्योति भनारी, अनुज कुमार और सुधांशु पटेल को बाजपुर, अंकित तिवारी और अभिषेक नेगी को चमोली, सौरभ कुमार, दिव्या चौहान, धीरेंद्र सिंह पंवार, रोहित सिंह, सुरिचा, मोहम्मद शहजाद, मानसी चौहान और नरेंद्र दत्त रतूड़ी को चम्पावत, एकता उपाध्याय, मानसी दबोला, अंजली डिमरी, संदीप सिंह नेगी, दिग्विजय सिंह कठैत और प्रशांत रावत को देहरादून, हेमलता को हल्द्वानी, रश्मि कन्याल को पिथौरागढ़ और जयदीप सिंह गुसाईं को राजकीय नर्सिंग कालेज टिहरी में पहली तैनाती दी गई है। विभागीय मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि इन ट्यूटर्स की नियुक्ति से नर्सिंग कालेजों में शिक्षकों की कमी दूर होगी साथ ही कालेजों में शैक्षणिक गति. विधियों में तेजी आयेगी। इसके अलावा नर्सिंग छात्र-छात्राओं को बेहतर चिकित्सकीय प्रशिक्षण भी मिल सकेगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने सभी नवनियुक्त ट्यूटरों को बधाई देते हुए आशा जताई कि वे अपनी सेवा और समर्पण से राज्य की नर्सिंग शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# सीएम धामी ने किया वात्सलय गंगा आश्रय का लोकार्पण



**■ सराहनीय कार्य कर रही उत्तराखण्ड सरकार: रेखा गुप्ता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरिद्वार पहुँचकर वात्सलय गंगा आश्रय का लोकार्पण किया तथा श्री कृष्ण कथा में प्रतिभाग करते हुए साधु सन्तों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने माँ गंगा की आराधना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की भी प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साध्वी ऋतम्भरा की और से जो प्रकल्प चलाए जा रहे हैं, उनके बारे में जितना कहा जाए उतना ही कम है। उनके के नेतृत्व में निराश्रित बेटियों को नव जीवन देने का जो दिव्य कार्य हो रहा है, वह समाज में आशा, करुणा और पुनर्निर्माण का सशक्त प्रतीक है। उनके संकल्प से अनेक बेटियों का जीवन सकारात्मक दिशा में परिवर्तित हुआ है। यह वास्तव में समाजसेवा की प्रेरणादायी मिसाल है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं, यह दिल्ली के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि है और धामी जी पूरे देश के लिए प्रेरणा हैं। इस दौरान साध्वी ऋतम्भरा, परमानन्द गिरी महाराज, आचार्य बाल कृष्ण, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महन्त रविन्द्रपुरी महाराज, महानिर्वाणी पीठ के आचार्य महामंडलेश्वर विशोखानंद, महामंडलेश्वर संतोषी माता, महामंडलेश्वर हरिचेतनानंद महाराज, साध्वी मैत्रीगिरी, विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान, विधायक प्रदीप बत्रा, मेयर किरन जेसल, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल, उपाध्यक्ष एचआरडीए अंशुल सिंह, नगर आयुक्त नन्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र सिंह नेगी, दर्जा राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल, डॉ. जयपाल सिंह चौहान, ओमप्रकाश जमदग्नि, शौभाराम प्रजापति सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# जल संस्थान के नए सीजीएम डीके सिंह के सामने कई चुनौतियां

**एम. फहीम 'तन्हा'**



**■ जल संस्थान में विभागीय प्रमोशन का पेंच सबसे बड़ी चुनौती ■ पेयजल की बढ़ती मांग के अनुरूप नई योजनाओं की चुनौती भी है**

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** उत्तराखंड जल संस्थान इस समय ऐसे दौर से गुजर रहा है जब विभाग में ऊपर के पदों पर अधिकारियों की बेहद कमी है ए ऐसे हालात में जल संस्थान के नए सीजीएम यानि मुख्य महाप्रबंधक डीके सिंह ने चार्ज संभाल लिया है। निवर्तमान सीजीएम निलिमा गर्ग 31 मई को सेवानिवृत हो गई हैं ए नए सीजीएम डीके सिंह मुख्यालय में जीएम के पद कार्य कर रहे थे अब सीनियर मोस्ट होने के नाते उनको सीजीएम का चार्ज दिया गया है यानि वे अब उत्तराखंड जल संस्थान के सर्वेसर्वा बन गए हैं।

सबसे बड़ी चुनौती नए सीजीएम डीके सिंह के सामने यही होगी कि विभागीय ढांचे को ठीके से फंक्शन में लाने के लिए अपने हाथों को कैसे मजबूत किया जाए, यानि इन सभी महत्वपूर्ण पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति हो, इसके रास्ते तलाशे जाने बेहद जरुरी हैं, क्योंकि अधिशासी अभियंता से अधीक्षण अभियंता के पदों पर ही अहर्यता के आधार पर प्रमोशन लंबित हैं, और अधीक्षण अभियंताओं में से ही फिर महाप्र. बंधक पद पर प्रमोशन या फिर चार्ज देने की व्यवस्था की जाएगी।

इसके साथ ही प्रदेश में पानी की योजनाओँ को समय से पूरा करने, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, सहित भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई योजनाएं बनाना भी अहम होगा। डीके सिंह ने बात करते हुए कहा है कि वे अपने विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर सभी चुनौतियों का सामना करेंगे ए उन्होंने अपनी कुछ प्राथमिकताएं गिनाई ए

## नए मुख्य महाप्रबंधक के सामने कई चुनौतियां

डीके सिंह जल संस्थान के अबतक के एकमात्र ऐसे अधिकारी हैं जो अब मुख्य महाप्रबंधक होने के साथ-साथ पूरे प्रदेश के महाप्रबंधकों का चार्ज भी संभाल रहे हैं। सीजीएम होने के साथ-साथ उनके पास महाप्रबंधक (मुख्यालय), महाप्रबंधक (टीआरएम), महाप्रबंधक (पौड़ी गढ़वाल), महाप्रबंधक (पिथौरागढ़) एवं महाप्रबंधक ( नैनीताल) का चार्ज भी है। क्योंकि इन सभी परिक्षेत्रों में जल संस्थान के अधिकारियों की लंबे समय डीपीसी ना होने के कारण इन सभी जीएम का चार्ज पिछले कुछ समय से डीके सिंह के पास ही चल रहा है। ऐसी स्थिति में उनके सामने कई चुनौतियां हैं ए क्योंकि गर्मियों का और चारधाम यात्रा का सीजन भी चल रहा है।

## सीजीएम डीके सिंह ने गिनाई प्राथमिकताएं

विभागीय अधिकारी ढांचे को दुरुस्त करते हुए विभिन्न खाली पदों पर अधिकारियों के प्रमोशन की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। जहां कोई तकनीकि अड़चन है उसको नियमानुसार कैसे ठीक किया जाए उसपर काम करके अगले महीने तक पदों पर नियुक्ति की कोशिश की जाएगी। प्रदेश के सभी क्षेत्रों , विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के संकट को कम करना प्राथमिकता रहेगी, क्योंकि संकटों का सामना आम जनता को करना पड़ता है, ये स्थिति ठीक नहीं है। दूरस्थ क्षेत्रों में भी प्रतिदिन की जरुरत का एक बार जरुर पानी मिल जाए लोगों को। कई-कई दिन में पानी मिलने की शिकायतों को समाप्त करना है।

पर्यटन उत्तराखंड में बेहतरीन तरीके से बढ़े, जहां पर्यटन क्षेत्र विक. सित हो रहे हैं वहां पानी योजना विक. सित करनी हैं, वर्तमान में जो दूरस्थ स्थानों में पानी की स्थिति है गांव वालों के लिए जो नौला धौरा से पानी ढो रहे हैं। देहरादून एवं हल्द्वानी जैसे शहरों में वाटर टेबल नीचे जा रहा है, इसको स्टेबिलिटी प्रदान करना, इनको रेनवाटर हार्वेस्टिंग के जरिए प्रोटेक्ट करना, यदि हम सौ मिलियन

# एक महीने में केदारनाथ में 200 करोड़ का कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** केदारनाथ धाम यात्रा हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। एक ओर जहां बाबा केदारनाथ के दर्शन को देश विदेश से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा नए रिकॉर्ड कायम कर रहा है वहीं स्थानीय लोगों के रोजगार को भी बढ़ती हुई यात्रा से लगातार लाभ मिल रहा है। दूसरी ओर शासन प्रशासन द्वारा यात्रा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं से सरकार को भी भारी राजस्व प्राप्त हो रहा है। बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है और इसी एक महीने में सरकारी सुविधाओं से लेकर स्थानीय व्यापारियों ने दो अरब से अधिक का कारोबार कर लिया है। वहीं जून का महीना शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा भी होने लगा है, जिसका स्थानीय व्यापारियों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को पूरा लाभ मिलेगा।

केदारनाथ धाम यात्रा उत्तराखंड की आस्था और संस्कृति की धुरी बन चुकी है। सरकार का लक्ष्य केवल तीर्थयात्रियों को सुविधाएं देना नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं, महिलाओं एवं व्यापारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। हम प्रयासरत हैं कि यात्रा सुरक्षित, सुगम और समृद्ध बनाने की दिशा में हर संभव कदम उठाएं... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

## सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दर्शन

वर्ष 2025 की यात्रा के लिए 02 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुल गए थे। बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है। रविवार 01 जून को बाबा के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या 07 लाख पार हो चुकी है। पिछले एक महीने का औसत निकला जाए तो प्रतिदिन 24 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शनों को केदारपुरी पहुंचे हैं।

## घोड़ा -खच्चर संचालन से 40.5 करोड़ रुपए की आय

केदारनाथ यात्रा देश की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में से एक है। करीब 20 किलोमीटर का कठिन पैदल मार्ग पार करने के बाद हिमालय पर्वत की गोद में बसे 11 वें ज्योतिलिंग के दर्शन हो पाते हैं। इस कठिन पैदल धार्मिक यात्रा में घोड़ा-खच्चरों का बेहद अहम योगदान होता है। असमर्थ एवं बुजुर्ग भक्त अक्सर इन्हीं के माध्यम से यात्रा करते हैं वहीं खाद्य पदार्थ से लेकर अन्य अनिवार्य सामग्री इन्हीं घोड़े खच्चरों से यात्रा मार्ग एवं केदारपुरी में पहुंचाई जाती है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रावत ने बताया कि 31 मई तक 1,39,444 तीर्थलु घोड़े खच्चरों के माध्यम से दर्शनों को पहुंचे हैं जिसके माध्यम से 40 करोड़ 50 लाख से अधिक की आय प्राप्त हुई है।

## हेली सेवाओं ने किया 35 करोड़ रुपयों का कारोबार

हेली सेवाओं की केदारनाथ यात्रा में अपनी एक अहम भूमिका है। हेली सेवाओं के माध्यम से किसी भी हालात में पैदल यात्रा करने में असमर्थ श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन का मौका मिलता है। वहीं रेस्क्यू अभियान में हेली सेवाएं अहम किरदार निभा रही हैं। प्रत्येक दिन दो से तीन मेडिकल आपातकाल से जूझ रहे लोगों को हेली सेवाओं से ही समय पर हायर सेंटर रेस्क्यू किया जाता है। जिला पर्यटन अधिकारी एवं नोडल हेली सेवा राहुल चौबे ने बताया कि इस वर्ष आठ हेली कंपनियां नौ हेलीपैड से अपना संचालन कर रही हैं। 31 मई तक लगभग 33000 श्रद्धालु हेली सेवाओं के माध्यम से बाबा केदारनाथ धाम पहुंचे हैं जिससे करीब 35 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई है। चौबे ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि हेली बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट से ही बुकिंग की जाए।

## होटल प्रतिष्ठानों ने किया 100 करोड़ से अधिक का कारोबार

केदारनाथ यात्रा मार्ग एवं केदारपुरी में श्रद्धालुओं की ठहरने की व्यवस्था जीएमवीएन एवं स्थानीय व्यापारी करते हैं। श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग से लेकर केदारपुरी तक स्थानीय लोगों के सैकड़ों होटल, टेंट एवं रेस्तरां हैं जिनमें ठहरने एवं खाने के लिए श्रद्धालु रुकते हैं। व्यापार संघ अध्यक्ष गौरीकुंड रामचंद्र गोस्वामी ने कहा कि केदारनाथ धाम यात्रा का स्वरूप हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। इस वर्ष भी ऐतिहासिक रूप से यात्रा चल रही है, अकेले गौरीकुंड में करीब 350 प्रतिष्ठान हैं जहां श्रद्धालुओं के रहने- खाने की व्यवस्था होती है।

# मालदेवता क्षेत्र में हुड़दंग मचाने वालों का राज कायम

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** थाना रायपुर को मालदेवता क्षेत्र में आए दिन वाहन सवार युवक शराब के नशे में गाड़ी की छत व खिड़की से बाहर निकाल कर हुड़दंग मचा रहे हैं। जिसके चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं पुलिस का गस्त न होने के चलते लोगों के हौसले बुलंदी छू रहे हैं। मालदेवता क्षेत्र से आए दिन हो रही वीडियो वायरल को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रीय पुलिस को आदेशित किया था कि जांच पड़ताल कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाहित की जाए जिसके चलते पुलिस ने चेकिंग के दौरान उक्त वाहन को रोककर शराब पीकर वाहन चलाने पर वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया।

# विश्व धरोहर 'फूलों की घाटी' पर्यटकों के लिए खुली

**■ पहले दिन 83 पहुंचे ■ ऑनलाइन पंजीकरण की भी सुविधा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चमोली।** विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी को रविवार को पर्यटकों के लिए आधिकारिक तौर पर खोल दिया गया। सुबह सात बजे पर्यटकों का पहला दल घाटी के अंतिम पड़ाव घांघरिया से अपनी रोमांचक यात्रा के लिए रवाना हुआ। घाटी खुलने के पहले दिन कुल 83 पर्यटक यहां पहुंचे, जिनमें से 79 ने मौके पर ऑफलाइन पंजीकरण कराया, जबकि चार पर्यटकों ने ऑनलाइन पंजीकरण की नई सुविधा का लाभ उठाया।



उत्तराखंड वन विभाग की वन क्षेत्राधिकारी चेतना कांडपाल ने इस समाचार पत्र को बताया, ष्उत्तराखंड में फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए हमेशा से पहली पसंद रही है। इसकी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता हर साल हजारों की संख्या में देश-विदेश से पर्यटकों को आकर्षित करती है।ष उन्होंने आगे स्पष्ट किया, ष्नियमानुसार, इस विश्व धरोहर घाटी को हर साल एक जून को पर्यटकों की आवाजाही के लिए खोला जाता है और 31 अक्तूबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिया जाता है।ष

इस वर्ष भी तय समय पर रविवार एक जून से फूलों की घाटी में आम लोगों का प्रवेश शुरू हो गया है। घाटी में ऊंची चोटियों से बर्फ पिघलने के बाद अब धीरे-धीरे विभिन्न प्रजातियों के फूलों का खिलना शुरू हो गया है, जो इस घाटी की पहचान है। इन मनमोहक दृश्यों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहाँ आते हैं।

जुलाई और अगस्त माह घाटी का श्पीक सीजनश होता है, जब यहां 350 से अधिक प्रजाति के फूल अपने पूर्ण यौवन पर खिलते हैं। पूरे सीजन के दौरान, घाटी में 500 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के फूलों को देखा जा सकता है, जो इसे जैव विविधता का एक अद्भुत केंद्र बनाते हैं।

फूलों की घाटी की वन क्षेत्राधिकारी चेतना कांडपाल ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया, ष्शीतकाल में हुई भारी बर्फबारी के कारण क्षतिग्रस्त हुए रास्तों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही, घाटी में बहने वाले छोटे गदेरों (जलधाराओं) पर भी अस्थायी पुलिया बना ली गई हैं, ताकि पर्यटकों को आवाजाही में कोई परेशानी न हो।ष उन्होंने यह भी जोड़ा, ष्इस साल फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की नई व्यवस्था भी शुरू की गई है, जिससे उनकी यात्रा और सुगम बनेगी।

# जंगलों में लगी आग, चैन की नींद सोया रहा वन विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिले के कई इलाकों में जंगल धूं-धूं कर जल रहे हैं। जंगलों में लग रही आग से वन सम्पदा राख में तब्दील हो रही है। हरे-भरे पेड़ जलकर नीचे गिर रहे हैं तो मवेशियों के लिए चारापत्ति की समस्या खड़ी हो गई है और तो और जंगलों की आग से भूस्खलन की घटनाओं के बढ़ने की भी संभावनाएं बढ़ गई हैं। जंगलों में लगी आग के कारण राजमार्गों से लेकर लिंक मार्गों में बोल्डर आ रहे हैं, जो दुर्घटना का कारण बने हुए हैं। जंगल जल रहे हैं और वन महकमा चौन की नींद सोया हुआ है।

रविवार को कलक्ट्रेट भवन से कुछ दूरी पर सनबैंड के जंगल-जंगल धूं-धूं कर जलते रहे। दोपहर के समय तेज हवाओं के चलने से आग की लपटे फैलती गई। धीरे-धीरे जंगल राख में तब्दील होते रहे। इस दौरान मार्ग से गुजर रही गौ रक्षा विभाग की टीम ने जंगल की आग के सड़क मार्ग तक पहुंचने पर आग को बुझाने का प्रयास किया। टीम ने किसी तरह से आग को बुझाया। ऐसे में सड़क मार्ग तक आग नहीं पहुंच सकी। विभाग के उपाध्यक्ष दीपक नौटियाल ने कहा कि जंगलों में लग रही आग पर समय पर काबू पाये जाने की जरूरत है। जिला मुख्यालय के नजदीकी क्षेत्रों के जंगलों में आग लग रही है और वन विभाग को कोई खबर हीं नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यालय के नजदीकी क्षेत्रों के जंगलों को बचाने में वन महकमा नाकाम दिखाई दे रहा है तो दूरस्थ क्षेत्रों के जंगल भगवान भरोसे हैं। फायर सीजन में वन विभाग की सुस्ती जंगलों को भारी पड़ रही है। कहा कि जंगलों में लग रही आग के



■ धूं-धूं कर जल रहा रुद्रप्रयाग-चोपता-पोखरी मार्ग के सनबैंड का जंगल

कारण रुद्रप्रयाग-चोपता-पोखरी मोटरमार्ग पर जगह-जगह बोल्डर गिर रहे हैं, जबकि प्राकृतिक वन सम्पदा नष्ट हो रही है। मवेशियों के लिए चारापत्ति की समस्या बन गई है। जंगलों में पेड़ जलकर नीचे गिर रहे हैं, जिससे लिंक मार्ग पर सफर करने वाले लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। वहीं, प्रभागीय वनाधिकारी कल्याणी ने कहा कि जंगलों में आग लगने के बाद त्वरित कार्यवाही की जा रही है। अग्निशमन की टीम के साथ ही वन विभाग की टीमें भी आग बुझाने के प्रयास में जुटी है। सनबैंड के जंगलों में लगी आग को बुझाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो व्यक्ति जंगलों में आग लगाकर प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे लोगों पर पैनी नजर रखने की जरूरत है। स्थानीय लोगों को ऐसे लोगों की धरपकड़ को लेकर वन विभाग व पुलिस में सूचना देनी चाहिए।

## जंगल जलकर हो रहे राख, अधिकारी एसी कमरों में ले रहे हैं मजे: बद्री

**रुद्रप्रयाग।** पर्यावरण विशेषज्ञ देवराघवेन्द्र बद्री ने कहा कि जंगलों में आग लगने से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। अब तक कई हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गए हैं। अपनी सुरक्षा को लेकर वन्य जीव जंतुओं ने ग्रामीण इलाकों में घुसना शुरू कर दिया है। आगजनी की घटनाओं से हरा-भर जंगलों को नष्ट होने से भूस्खलन की घटनाएं भी बढ़ जाएंगी। अब बारिश होने पर जगह-जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आएंगी। उन्होंने कहा कि पहले ही रेल परियोजना और ऑल वेदर कार्य के साथ बड़ी-बडी इमारतों के भवनों के बने से प्रदेश का जंगल कम हो गया है, वहीं वन विभाग के अधिकारी एसी रूमों में बैठकर पैंसे ठिकाने लगाने को लेकर फाइलें तैयार कर रहे हैं, जबकि धरातल पर आग बुझाने को लेकर कोई कार्यवाही होती नहीं दिख रही है। उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा कि लाखों-करोडों रूपए आग बुझाने को लेकर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी डकार रहे हैं और जंगल जलकर राख में तब्दील हो रहे हैं।

# राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग में भविष्य ने स्वर्ण पदक जीता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** द्वाराहाट के बसेरा गांव निवासी भविष्य अधिकारी ने राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। बीते दिनों महाराष्ट्र के शिवाजी विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में असाधारण प्रदर्शन से डेडलिफ्ट में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे देश में उत्तराखंड व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।




भविष्य उत्तराखंड पावरलिफ्टिंग संगठन के माध्यम से भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। भविष्य के पिता सुनील अधिकारी डेयरी विकास विभाग में उप निदेशक और माता प्रीति अधिकारी एक शिक्षिका हैं। उसकी इस उपलब्धि पर विधायक मदन सिंह बिष्ट, जिला उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व विधायक महेश नेगी, पुष्पेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख दीपक किरौला, नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता अधिकारी, भूपेंद्र कांडपाल, दीपक पांडे, अनिल चौधरी आदि ने खुशी जताई।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता

■ छात्रों ने पोस्टर और कचरा संग्रहण अभियान से दिया स्वच्छ पर्यावरण का संदेश, एचएनबी विश्वविद्यालय में प्लास्टिक मुक्त भविष्य की ओर सार्थक पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसआरटी परिसर, बादशाहीथौल में पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना" पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समाज को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और पर्यावरण संरक्षण के लिए सकारात्मक पहल करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विभाग ने प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान चलाया, जिसमें छात्रों ने परिसर और आसपास के क्षेत्रों में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर उसके निस्तारण की पहल की। साथ ही, छात्रों और शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए पोस्टर और चार्ट के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। सभी ने एकजुट होकर शपथ ली कि वे अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के प्रयोग को कम करेंगे और पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की आदतों को अपनाएंगे। कार्यक्रम में बताया गया कि प्लास्टिक न केवल भूमि और जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहा है, बल्कि यह खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मानव स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहा है।

पर्यावरण विज्ञान विभाग ने इस आयोजन के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया कि यदि आज हमने प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाए, तो भविष्य की पीढ़ियों को इसका गंभीर खामियाजा भुगतना पड़ेगा। विभाग का यह प्रयास न केवल विश्वविद्यालय स्तर पर, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी पर्यावरणीय चेतना जगाने में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है।

# वनों के व्यावसायिक दोहन पर सुरेश भाई ने जताई नाराजगी

■ अंयारखाल में दुर्लभ वन प्रजातियों की कटाई पर उठे सवाल, पर्यावरणीय संतुलन पर खतरे की आशंका, रक्षा सूत्र आंदोलन के प्रणेता ने वन विभाग से की कठोर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित और रक्षा सूत्र आंदोलन के प्रणेता सुरेश भाई ने टिहरी वन प्रभाग की बालगंगा रेंज के अंतर्गत आने वाले अंयारखाल क्षेत्र में दुर्लभ वन प्रजातियों के व्यावसायिक दोहन पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि लगभग 7,000 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस संवेदनशील वन क्षेत्र में राई (फर) और कैल जैसी बहुमूल्य प्रजातियों के पेड़ों का कटान बेरोकटोक किया जा रहा है, जो न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि जल स्रोतों और जैव विविधता के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है।

सुरेश भाई ने बताया कि इस क्षेत्र में जलकुर और मेड नदियों का उद्‌गम स्थल है, जिनके इर्द-गिर्द कई गाड-गदेरे बहते हैं। ये नदियां और



इनसे जुड़ा वन क्षेत्र अत्यंत समृद्ध पारिस्थितिक तंत्र का हिस्सा हैं। लेकिन इसके बावजूद यहां पर वन प्रजातियों को सूखे पेड़ों के नाम पर बेतरतीब ढंग से काटा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन और वन विभाग की अनदेखी के चलते यह कटान बेधड़क हो रहा है। यहां से लकड़ी के स्लीपरों को खच्चरों के माध्यम से बूढ़ाकेदार-अंयारखाल मोटर मार्ग तक लाया जा रहा है और सड़क किनारे एकत्रित किया जा रहा है।

उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि कोरोना काल के दौरान जब आम जनजीवन ठहराव में था, तब भी इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों का कटान हुआ था।

हालांकि, उस समय जनसमुदाय के हस्तक्षेप के बाद वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए उसे रोका था, लेकिन अब वही प्रक्रिया दोबारा शुरू हो गई है। सुरेश भाई ने इस पूरे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय को पत्र भेजा है और अविलंब कठोर कार्रवाई की मांग की है।

इस मामले में बालगंगा रेंज के रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान का कहना है कि अंयारखाल क्षेत्र उत्तरकाशी और टिहरी जिले की सीमा पर स्थित है। उनके अनुसार, उनकी रेंज के अंतर्गत किसी प्रकार का दोहन नहीं हो रहा है, लेकिन उत्तरकाशी जिले की सीमा में लकड़ी के लॉट की सूचना मिली है, संभवतः वहीं से लकड़ी के स्लीपर लाए जा रहे हैं।

पर्यावरणविदों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई, तो इससे क्षेत्र की जलवायु, वनस्पति और जीव-जंतुओं पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। सुरेश भाई जैसे अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ताओं की चेतावनी को नजरअंदाज करना भविष्य में पर्यावरणीय आपदा को आमंत्रण देने जैसा होगा।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लापता

**काशीपुर।** घर से बिना बताए नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने मां की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस में तहरीर सौंपकर बताया कि बीती 28 मई की शाम उसकी नाबालिग बेटी घर से लापता हो गई। आरोप लगाया कि रामनगर चिलकिया टांडा निवासी फरदीन व उसका ठाकुरद्वारा निवासी दोस्त बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। महिला ने बताया कि इससे पहले भी उसकी बेटी घर से चली गई थी। तब उसने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। उस समय बेटी ने बताया था कि फरदीन उसको अपने साथ ले गया था। महिला ने पुलिस में तहरीर सौंपकर उसकी बेटी को दोबारा बरामद करने की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर फरदीन व उसके दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पोस्टमार्टम हाउस में गंदगी से बुरा हाल

**काशीपुर।** पोस्टमार्टम हाउस परिसर गंदगी से बुरा हाल है। स्फाई न होने से स्थित लगातार बदहाल होती जा रही है। आसपास के लोग यहां कूड़ा डालकर गंदगी फैला रहे हैं। पिछली बरसात में पोस्टमार्टम हाउस की चहारदीवारी की एक तरफ की दीवार ढह गई थी, जबकि दो तरफ से पहले ही खुला हुआ है। पोस्टमार्टम हाउस परिसर में गोबर के कंडे बनाए जा रहे हैं। साथ ही आसपास के लोग बाहर के क्षेत्र में अपनी कार खड़ी करके पार्किंग बनाए हुए हैं। इसके अलावा पोस्टमार्टम कक्ष के बराबर खाली भूखंड में लंबे समय से झाड़ियां और घास उगी हुई है। यह समस्या काफी समय से बनी हुई है। इसके निस्तारण को लेकर अभी तक कोई ठोस कदम तक नहीं उठाया गया है। सीएमएस डॉ. राजीव कुमार गांधी ने बताया कि पोस्टमार्टम की क्षतिग्रस्त चहारदीवारी के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कराकर उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। गंदगी फैलाने वालों के संबंध में निगम से वार्ता की जाएगी।

### गन्ना किसानों को दी फसल की जानकारी

**काशीपुर।** कार्यालय आयुक्त गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार द्वारा बाजपुर परिक्षेत्र के ग्राम मुंडिया कला, रामपुर सकर, बाजपुर ग्राम में प्राथमिक पौधशाला निरीक्षण तथा सर्वे कार्य की जांच की गई। रामपुर सकर में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में निलेश कुमार ने बताया कि गन्ना किसान अपनी खेती की अच्छी सी तैयारी कर लें। प्रत्येक कृषक को नवीनतम तकनीक के आधार पर गन्ना की कृषि की जानी चाहिए। हमें अपनी भूमि की जांच करानी चाहिए। गोष्ठी का उद्देश्य गन्ना कृषकों को उन्नत प्रजाति की गन्ना बीज की जानकारी, गन्ने की फसल में लगने वाली बीमारियों तथा उसमें प्रयोग की जाने वाली दवाईयां तथा उनको गन्ने की वैज्ञानिक विधि से कृषि कैसे करें जिससे की प्रति हैक्टेयर उत्पादकता बढ़े इसकी जानकारी कृषकों को प्रदान करना है। वैज्ञानिकों ने गन्ने में आने वाली विभिन्न बीमारियों, उसकी रोकथाम तथा उसकी दवाइयां के बारे में भी जानकारी दी।

### छात्र संगठनों में झड़प, युवक लहुलुहान

**बागेश्वर।** शनिवार देर शाम कैंपस बागेश्वर के दो छात्र संगठन आपस में भिड़ गए। जिसमें एक छात्र को बुरी तरह मारा तथा लहूलुहान किया गया। पीड़ित छात्र ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। बता दें रविवार को कैंपस में फेयरवेल होना था, जिसे लेकर एनएसयूआई के छात्र आपस में मंथन कर रहे थे। तभी वहां पहुंचे एबीवीपी के छात्रों ने एनएसआई के छात्र 22 वर्षीय प्रेम दानू पुत्र मोहन सिंह दानू की जमकर पिटाई कर दी। जिसमें प्रेम दानू बुरी तरह घायल हो गए। घायल छात्र को उसके साथी तत्काल जिला अस्पताल लाए। वही घटना की जानकारी सोशल मीडिया में फैलते ही पुलिस भी हरकत में आई। पुलिस घटस्थल पर पहुंची। लेकिन तब तक वहां कोई नहीं मिला। इधर घटना के बाद एनएसआई छात्र संगठन ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस घटना को सत्ता की धमक बताया है। उधर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण सहित अन्य कांग्रेस नेता भी घायल छात्र के समर्थन में आए उन्होंने पुलिस से तत्काल आरोपी छात्रों को दंडित कर जेल भेजने की मांग की है।

### जाम से निपटने पालिका उतरी मैदान में

**बागेश्वर।** नगर में आए दिन जाम की स्थिति को देखते हुए अब नगर पालिका भी मैदान में उतर गई है। पालिका ने रविवार को नगर क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर कड़ा रुख एकतियार किया।

### नियमितिकरण के लिए आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को 331वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत रविवार को कानपुर से आए पर्यटकों राहुल चौधरी, अंजली पांडे, जेएस चौधरी, गुडिया चौधरी, शुशाम पटेल, स्तुति पटेल, शैलेंद्र चौधरी व गीता चौधरी ने पर्यटक आवास गृह परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया।

# क्वारब पुल के पास दरकती पहाड़ी बनी मुसीबत

## 17 घंटे थमी रही वाहनों की रफ्तार, करोड़ों का बजट खपा देने के बाद भी स्थिति जस की तस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** पहाड़ से मैदान को जोड़ने वाले अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब डेंजर जोन परेशानियों का सबब बना हुआ है। शनिवार देर शाम क्वारब के समीप एनएच का निचला हिस्सा धंस गया। इससे देर रात एनएच पर यातायात ठप पड़ गया। इधर, रविवार को भी सुबह से ही दोपहर तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। इससे एनएच के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। शाम को यातायात को सुचारु किया गया। क्वारब की दरकती पहाड़ी लंबे समय से मुसीबत का सबब बनी हुई है। अब यहां पर खतरा अब और अधिक बढ़ गया है। अब सड़क के नीचे का हिस्सा दरकने से मुसीबत और बढ़ गई है। बीते शनिवार देर रात सड़क का एक हिस्सा भरभराकर नदी में जा गिरा। इससे सड़क काफी संकरी



हो गई। मजूबरन प्रशासन को एनएच से आवाजाही बंद करनी पड़ी। लोगों के लिए वैकल्पिक मार्गों खैरना-रानीखेत और शहरफाटक से आवाजाही करना एक मात्र विकल्प बच गया। इसमें लोगों को डेढ़ से दो घंटे का अतिरिक्त समय के साथ सौ रुपये ज्यादा किराया चुकाना पड़ा। इधर, रविवार को प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पहाड़ी का एक हिस्सा काटा गया। जिसके बाद छोटे वाहनों का संचालन सुचारू किया गया। अल्मोड़ा व नैनीताल जनपद की सीमा पर स्थित क्वारब डेंजर जोन बन गया है। यहां पर सड़क का निचला हस्सा दरकने के कारण यातायात ठप हो गया है। जिस कारण प्रशासन को रूट डायवर्ट करना पड़ा है। इस दौरान वाहनों को अल्मोड़ा लमगड़ा-शहर फाटक व खैरना-रानीखेत मार्ग से भेजा गया। वहीं, हल्द्वानी से माल भाड़ा लेकर अल्मोड़ा वाले वाहन भी अतिरिक्त फेरा लगाने को मजबूर है। एनएच के जेई जगदीश पैपने ने बताया कि शनिवार देर शाम क्वारब के पास सड़क के नीचे का हिस्सा दरक गया था। जिससे मार्ग की चौड़ाई बेहद कम हो गई थी, एहतियातन रात में ही वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। रविवार को पहाड़ी का हिस्सा काटकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई। जिसके बाद छोटे वाहनों के लिए यातायात सुचारू किया गया।

### कंधों में सामान रख पुल पार कर रहे लोग

**अल्मोड़ा।** क्वारब पुल के समीप बना डेंजर जोन लोगों की परेशानियों का सबब बना हुआ है। करोड़ों का बजट खपा देने के बाद भी डेंजर जोन की स्थिति जस की तस बनी हुई है। डेंजर जोन में जहां पहाड़ी से बार-बार मलबा गिर रहा है, वहीं सड़क से नीचे का हिस्सा भी अब धीरे-धीरे खिसकने लगा है। रविवार शाम मोटर मार्ग बड़े व छोटे वाहनों के लिए खोला जा सका। वहीं, हल्द्वानी समेत अन्य नगरों से अल्मोड़ा आ रहे यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। यात्रियों को अपने सामानों को कंधों पर रखकर पुल पार करना पड़ा। जिससे लोगों में शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है। लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### सद्‌भावना साईकिल रैली का आयोजन

**अल्मोड़ा।** खेल विभाग की ओर से रविवार को फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान के तहत ओपन पुरुष व महिलाओं की सद्‌भावना साईकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर अजय वर्मा, जिला क्रीड़ाधिकारी महेशी आर्या, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश चंद्र खत्री, फुटबॉल संघ जिलाध्यक्ष हरीश कनवाल तथा उप क्रीड़ाधिकारी अरुण बनग्याल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली का आरसीएम मॉल में समापन हुआ। मेयर अजय वर्मा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज की भाग-दौड़ भरे जीवन में स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने आवश्यक हो गया है। ऐसे में साइकिलिंग के माध्यम से हम खुद को फीट रख सकते है। यहां डा. जेसी दुर्गापाल, जीवन प्रकाश, हरीश गोस्वामी, जीवन बोरा, मनमोहन सिंह, करिश्मा नायक, कैलाश राम आर्या, प्रेम सिंह रावत, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### सोना सिलिंग में नाप भूमि के जंगल में लगी आग

**अल्मोड़ा।** दन्या के सोना सिलिंग में नाप भूमि के जंगल में रविवार दोपहर बाद अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते आग तेजी से फैलने लगी। सड़क मार्ग के समीप पहुंच जाने से यात्रियों में भी हड़कंप मच गया। मोटर मार्ग में वाहनों का आवगमन भी बंद हो गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आग लगने के सूचना जागेश्वर रेंज के वन कर्मियों को दी गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने आग बुझाना शुरु किया। करीब 01 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया जा सका। वनक्षेत्राधिकारी जागेश्वर आशुतोष जोशी ने बताया कि नाप भूमि के जंगल में आग लगने की सूचना मिली थी। वन कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई कर आग पर समय रहते काबू पा लिया।

# पुलिस लाइन में योग शिविर शुरू



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** पुलिस जवानों को शारीरिक रूप से स्वस्थ और तनावमुक्त रखने के लिए कवायद शुरू हो गई है। रविवार को पुलिस लाइन अल्मोड़ा में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में जवानों को योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन में पुलिस लाइन में योग शिविर का शुरू हुआ। इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को योग आसनों वृक्षासन, ताड़ासन, तितली आसन, सूर्य नमस्कार सहित अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। साथ ही पुलिस बल को शारीरिक रुप से स्वस्थ्य और मानसिक तनाव से मुक्त रहने के लिए योग को जीवन का हिस्सा बनाने की जानकारी दी गई। यहां आयुष विभाग के डा. मुकेश कुमार, डा. प्रभा फोनिया, योग अनुदेशक डा. मंजु बोरा, प्रतिसार निरीक्षक विजय विक्रम, मोहित कुमार, एसआई आनंद बल्ल कश्मीरा, निर्मला, विवेक सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

# दिव्यांग सहायता शिविर 20 जुलाई को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** भारत विकास परिषद देवभूमि महिला शाखा द्वारा 20 जुलाई को विशेष निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आज देवभूमि महिला शाखा की अध्यक्ष डॉ. शिखा चौहान द्वारा उदयराज प्रेक्षा गृह में पत्रकारों को दी गई। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को प्रातः 9 बजे से नवीन मंडी पुलिस चौकी के नजदीक एक निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जरूरतमंद दिव्यांगों को कृत्रिम अंग नाप लेकर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों को कृत्रिम अंग निशुल्क दिए जाएंगे, जो पूर्ण रूप से चलने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि उपकरण देने के लिए ऑनलाइन मोबाइल पर पंजीकरण करना शुरू कर दिया है।




कोई भी दिव्यांग व्यक्ति अपना पंजीकरण कर सकता है। शिविर में 100 से अधिक लोगों को कृत्रिम अंग देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति इस पुनीत कार्य में सहायता करना चाहता है तो वह व्यवस्था कर सकता है। इस दौरान शाखा की अध्यक्ष डॉ. शिखा चौहान, सचिव अनुजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीप्ति गुप्ता, उपाध्यक्ष रेनू अग्रवाल, सहसचिव अर्चना सिंह, सेवा संयोजिका दीपिका अग्रवाल एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# वेद, पुराणों और नदी सभ्यता पर हुई विशेष चर्चा

■ नंदा देवी मंदिर परिसर में नमामि गंगे अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम व योग शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि के योग विज्ञान विभाग की ओर से रविवार को नंदा देवी मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर पुजारी पंडित तारा चंद जोशी, सीताराम बाबा, लल्लन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पंडित ताराचंद जोशी ने



बताया वेद हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद में बताया गया है। योग शिक्षक लल्लन कुमार सिंह ने ऋग्वेद में हमारी राष्ट्रीय नदियों का वर्णन मिलता है जिसमें गंगा, यमुना, सरस्वती व सिंधु नदी की चर्चा की गई है। योग शिक्षक रजनीश जोशी ने बताया किस प्रकार योग हमें वेद पुराणों उपनिषदों की ओर ले जाता है। योग शिक्षक डा. गिरीश अधिकारी ने बताया कि ऋग्वेद की दसवें मॉडल में माता भूमिः पुत्रो हम पृथिव्याः की बात कही गई अर्थात् यहां पृथ्वी मेरी माता है और मैं इसका पुत्र हूं यह मंत्र हमें पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति कर्तव्य का बोध साथी हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि नमामि गंगे कार्यक्रम ने एक नई पहल करते हुए योग शिविरों के साथ-साथ आसपास स्थित मंदिरों और मठों में वेद, पुराणों और नदी सभ्यता पर विशेष चर्चा की जा रही है। इन संवादों में वेदों, पुराणों में वर्णित नदियों के महत्व, गंगा नदी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भूमिका पर चर्चा की जा रही है। योग में शोधरत स्कॉलर रोबिन हिमानी ने आयुर्वेद और योग के समन्वय को वर्तमान जीवनशैली में अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डा. नवीन भट्ट की संरक्षण में चल रहा है। नंदा देवी मंदिर परिसर के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए। जिससे हमारा राष्ट्र सनातन की ओर अग्रसर हो सके। वही मंदिर समिति के सदस्य अर्जुन बिष्ट ने कहा कि वेद पुराणों व योग की जो चर्चा कार्यक्रम में हुई है, इससे कार्यक्रम में आने वाले आम जनमानस को बहुत लाभ मिलेगा।

### पंतनगर विवि में प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत ख्रषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक एवं एमसीए कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा राज्यभर में 19 केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कुल 9291 आवेदकों में से 7942 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1349 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति दर 85.48 प्रतिशत रही। एमसीए कार्यक्रम के लिए 135 में से 111 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय परिसर में 2902 अभ्यर्थी शामिल हुए। अभिभावकों के लिए बीबी सिंह ऑडिटोरियम में बैठने की व्यवस्था, जल सेवा और चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी।

# दायित्व फाउंडेशन ने किया 300 मेधावी छात्रों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दायित्व फाउंडेशन की ओर से आयोजित चौथे प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्रों को न केवल सम्मानित किया गया, बल्कि उन्हें भविष्य की राह दिखाने का सार्थक प्रयास भी किया गया।

रविवार को माया देवी विश्व. विद्यालय, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और तस्मिया ऑल इंडिया एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से संस्कृति विभाग प्रेक्षागृह, देहरादून में यह कार्यक्रम अत्यंत भावनात्मक, प्रेरणादायी और गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता हाजी मोहम्मद युसूफ, चेयरमैन, दायित्व फाउंडेशन ने की। उन्होंने मंच से छात्रों को कड़ी मेहनत, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ देश और समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी।

मुख्य अतिथि डॉ. एस. फारूक, अध्यक्ष, तस्मिया ऑल इंडिया एजुक.ेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा आज के समय की अनिवार्यता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. नवाज देव. बंदी, अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त शायर एवं पूर्व अध्यक्ष, उर्दू अकादमी उत्तर प्रदेश ने बालिका शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि समाज में प्रगति लाने के लिए बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षा के अवसर प्रदान करना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद शाहनजर ने अत्यंत कुशलता और सरस भाषा में किया।



### तीन सौ छात्रों को मिला मंच से सम्मान

इस आयोजन की विशेष उपलब्धि यह रही कि विभिन्न बोर्डों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 300 छात्रों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने से न केवल छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई, बल्कि उनके परिवारों को भी गर्व की अनुभूति हुई। इसके अतिरिक्त, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल छात्रों को भी विशेष रूप से नवाजा गया।

### समारोह में इन अतिथियों ने दी उपस्थिति

इस अवसर पर अफजल खान, हाजी इकबाल, परवेज अंजुम, हारून रशीद, मास्टर अब्दुल सत्तार, एम. ए. खान, नदीम अथहर, एम. एम. सिद्दीकी, वसीम अहमद, तनवीर अली, मुस्तकीम हसन, मोहम्मद इकराम, डॉ. तौफीक अहमद, वली मोहम्मद, आरिफ खान, मोह. अनस, मोह. आकिल, मोह. यासीन, मोह. दानिश, फैजान अली, आई. ए. खान, मोह. कैफी, अहमद नवाज, अब्बास अली और इसरार अहमद सहित कई अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहे।

### एक ऐतिहासिक पहल बना यह आयोजन

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। मंच पर छाया उत्साह, जोश और उम्मीदों का वातावरण यह स्पष्ट कर रहा था कि दायित्व फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह समारोह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य निर्माण की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम था।

## करियर काउंसलिंग बनी छात्रों के भविष्य की दिशा

कार्यक्रम के दौरान आयोजित करियर काउंसलिंग सत्र छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ। इसमें विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं, सेना, पुलिस और सिविल सेवाओं से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रवेश प्रक्रियाओं और करियर निर्माण की तकनीकों पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. तंजीम अली (पीसीएस) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी और मानसिक रणनीति पर प्रकाश डाला। शाहजहां जावेद (पुलिस उपाधीक्षक, कार्मिक मुख्यालय) ने पुलिस सेवा में करियर की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। गुलफाम अहमद (पीसीएस, अपर निदेशक कोषागार) ने वित्तीय सेवाओं में अवसरों की जानकारी दी। मोहम्मद असलम (पीसीएस) ने उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की तैयारी में दिशा देने वाला मार्गदर्शन दिया। आमिर नोशाद (आईएफएस)रू भारतीय विदेश सेवा में जाने की प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया। आरए खान (निदेशक, प्रयाग आईएएस अकादमी) ने सिविल सेवा परीक्षा की रणनीति, स्मार्ट अध्ययन के टिप्स और मनोबल बनाए रखने के तरीके बताए। लेफ्टिनेंट कर्नल कादिर हुसैन ने भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया और देश सेवा की भावना पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। फरमान इकबाल ने 12वीं के बाद विभिन्न शैक्षिक और व्यावसायिक विकल्पों पर विस्तार से जानकारी दी।

## 10 जून तक मानसून आने के आसार

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** मौसम विभाग की माने तो इस बार उत्तराखण्ड में मानसून 10 दिन पहले दस्तक देगा। इस बार प्रदेश में छह फीसदी अधिक बारिश होने की संभावना है। उत्तराखंड में 10 जून तक मानसून आने के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि जून के पहले सप्ताह में प्री मानसून की अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। खासकर पहाड़ी जिलों में तेज दौर की बारिश होगी। हालांकि पांच जून के बाद लोगों को बारिश से थोड़ी राहत जरूर मिलेगी। इससे पहले उत्तराखंड में कई जगहों पर हल्की बारिश होती रहेगी, जिसे प्री मानसून शॉवर भी कहा जा सकता है। मानसून की तो प्रदेश में दस जून के बाद मानसून सक्रिय होने की उम्मीद है। मानसून आने के बाद प्रदेश में बारिश भी जोर पकड़ेगी। उत्तराखंड में लंबी अवधि का औसत बारिश मानक 87 सेंटीमीटर का है। इस बार इससे छह फीसदी ज्यादा बरसात देखने को मिलेगी।

# कार्यक्रम में ईद-उल-अजहा के इतिहास से कराया रूबरू




**शाहटाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** ईद-उल-अजहा के इतिहास, शिक्षाएँ और महत्व पर एक कार्यक्रम तस्मिया ऑडिटोरियम, देहरादून में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि वर्ष में दो ईदें होती हैं, एक रमजान महीने के अंत में और दूसरी हज की अदायगी के बाद मनाई जाती है। इस वर्ष 7 जून 2025 को ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाया जाएगा, जिसमें एक-दूसरे को बधाइयाँ दी जाएंगी और स्वादिष्ट व्यंजन साझा किए जाएंगे। दुनियाभर में लोग हज के महत्व को चिह्नित करने के लिए एकजुट होते हैं। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन हजरत आदम और हजरत हव्वा का मिलन हुआ था। यह हमें यह सिखाता है कि सम्पूर्ण मानव जाति आपस में भाई-बहन है। सभी को ईद की मुबारकबाद और समृद्धि की शुभकामनाएँ।

## डॉक्टरों की मेहनत से मरीज ने मौत को दी मात

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** दून शहर के एक बड़े अस्पताल के ईएनटी और हेड-नेक सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने एक मरीज को नया जीवन दिया है। नाक कान गला रोग विभाग के डॉक्टरों ने मरीज का जीवन रक्षक शल्य चिकित्सा कर एक मरीज को दूसरी जिंदगी दी। उत्तर प्रदेश के मंगलौर निवासी 45 वर्षीय पुरुष मरीज दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। एक निर्माण स्थल पर ट्रक से सामान उतारते समय दुर्घटनावश लोहे की छड़ मरीज की गर्दन के आर-पार हो गई। 4 मई 2025 को सहकर्मियों द्वारा उन्हें तुरंत पास के एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। लेकिन सर्जरी की जटिलता और संभावित जटिलताओं को देखते हुए मरीज को श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में रैफर कर दिया गया। पटेलनगर स्थित अस्तपाल में किए गए सफल उपचार के चलते परिजनों ने आभर व्यक्त।किया।

# दि प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल भनियावाला पर लगी लाखों की पेनल्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दि प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल भनियावाला ने लाखों की पेनल्टी जमा कराई है तथा लिखित रूप में फीस कम करने का जिला प्रशासन को सहमति दी है।जिलाधिकारी सविन बंसल शिक्षा माफियाओं पर कड़ा रूख अपनाए हुए हैं, जिससे एक और जहां अभिभावकों में खुशी है वही शिक्षा माफिया में प्रशासन का डर पैदा हो गया है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन में जिला प्रशासन जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में शिक्षा माफियाओं पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभिभावकों से फीस के नाम पर वसूली की शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा शहर के कई नामी-गिरामी निजी स्कूलों पर कार्यवाही से जहां शिक्षा माफियाओं के हौसले पस्त हुए हैं वही बड़े-बड़े स्कूलों का फीस बढोतरी का खेल भी सामने आया है। फीस बढोतरी पर जिला प्रशासन की जीरो टालरेंस की नीति अपनाए हुए है।

### प्रशासन के बुलाने के बाद भी नहीं हुए थे हाजिर, प्रशासन में खंगाले कागज तो सामने आया सच

जिला प्रशासन के कड़े रूख और निरंतर प्रवर्तन की कार्यवाही जारी है, जिससे शहर कस्बों में अवस्थित निजी नामी गिरामी स्कूलों के तेवर ढीले हो गए हैं। वहीं स्कूल प्रबन्धन अब अपनी फीस घटा रहे। ताजा मामला द प्रेसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल भानियावाला का है।स्कूल प्रबन्धन द्वारा लिखित रूप से स्कूल फीस कम करने का पत्र प्रशासन को दिया है। जिला प्रशासन की दृढ़ इच्छा शक्ति के आगे अब शिक्षा माफियाओं के हौसले नहीं टिक पा रहे हैं।जिससे जिले के कई नामी गिरामी स्कूल अब मनमर्जी फीस बढोतरी पर आए बैकफुट पर आएं है। जिला प्रशासन ने जैसे ही सख्ताई दिखाई तो धीरे-2 स्कूल फीस बढोतरी का खेल भी खुलने लगा। द प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल, भनियावाला का मामला सामने आया है जहां 100 से अधिक अभिभावकों ने फीस बढ़ोतरी की थी शिकायत, बिना मान्यता नवीनीकरण के स्कूल संचालित होने पर प्रशासन ने लगाई लाखों र रुपए की की शास्ति लगाई थी। जिसे चेक के माध्यम से जमा करा दिया गया है।

# भाजपा शासन में ईमानदार अधिकारियों की जरूरत नहीं: धीरेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य आंदोलनकारी और उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने उत्तराखंड की जानी-मानी आईपीएस पुलिस अधिकारी रचिता जुयाल के पुलिस सेवा से इस्तीफा की पेशकश पर गहरा दुख और नाराजगी व्यक्ति की है।

धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि रचिता जुयाल जैसी योग्य और कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार अधिकारी को इस्तीफा इसलिए देना पड़ा है क्योंकि उन्होंने एक भ्रष्ट पुलिस अधिकारी को भ्रष्टाचार में पकड़ा था और जिस टीम ने उनके नेतृत्व में इस कारनामे को अंजाम दिया था उस टीम के कनिष्ठ अधिकारियों कोÞ पुरुस्कृत किऐ जाने की बजाय राज्य सरकार द्वारा तिरस्कृत किया जा रहा है। और उन अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं।

### आईपीएस रचिता जुयाल के इस्तीफा से प्रताप दुखी

धीरेंद्र प्रताप ने इस मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध किया है कि वह स्थिति की गंभीरता को समझे और उत्तराखंड की एक योग्य पुलिस अधिकारी और आईपीएस रैंक के अधिकारी के सम्मान की रक्षा करें और जो अच्छे अधिकारी हैं बजाय उन्हें दंडित किए जाने के उनके सम्मान की रक्षा करें यही उत्तराखंड के हित में है। उन्होंने कहा पुलिस हो या प्रशासनिक अधिकारी हो यदि वह अच्छा काम करते हैं और उन्हें पुरुस्कृत करने की बजाय दंडित किया जाता है तो इससे पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं का मनोबल गिरता है इसलिए सरकार को चाहिए कि वह आईपीएस रचित जीवन की भावना को समझे और बेईमान लोगों के खिलाफ जो अभियान चल रहा है उस अभियान में अच्छे अधिकारियों की सुनवाई करें।

# रक्तदान शिविर में 55 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** समाजसेवी फारूक राव व ऑटो ड्राइव संस्थापक जावेद मालिक, शक्ति पुंडीर के नेतृत्व में भारतीय सेना के सम्मान में ऑटो ड्राइव कार बाजार के सौजन्य से देव भूमि ब्लड बैंक की और से रक्तदान शिविर लगाया गया।

शिविर में मुख्य अथिति कीर्ति चक्र, शोर्य चक्र, विशिष्ट सेवा मैडल, राज्य पूर्व सैनिक सलाहकार समिति अध्यक्ष, राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार कर्नल अजय कोठियाल व देहरादून बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल रहे। विशिष्ट अथिति के रूप में थाना पटेल नगर प्रभारी चंद्र भान सिंह व इंस्पेक्टर योगेश दत्त रहे। इस मौके पर कर्नल कोठिया ने कहा सभी युवाओं को रक्तदान करना चाहिए और बढ़ चढ़ कर इसमें हिस्सा लेना चाहिए। समाजस.ेवी फारूक राव ने कहा हम समय समय पर रक्तदान शिविर लगाते रहते है। फारूक राव ने बताया आज के शिविर में लगभग 55 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ है।



## लोक कलाकार दून में आज गरजेंगे

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सांस्कृतिक दलों से जुड़े लोक कलाकार कल (आज) को को देहरादून में संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रहे हैं। इस दिन लोक कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में राजधानी देहरादून पहुचेंगे। लोक कलाकार नाचते गाते लैंसडाउन चौक से सतपाल महाराज के कैंप कार्यालय तक जाएंगे। जौनसार बावर के लोक गायक सुरेंद्र राणा ने बताया कि संस्कृति विभाग के वर्तमान महा. निदेशक ने गढ़वाल और कुमाऊं को दो मंडलों में बांट दिया है। प्रत्येक जिले के कलाकारों को केवल अपने ही जिलों में कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा एक जिले के कलाकार दूसरे जिले में कार्यक्रम नहीं कर पाएंगे। जिससे उत्तराखंड की संस्कृति अपने ही जिलों में सिमट कर रह जाएगी। उन्होंने कहा कि जब से राज्य बना है तब से उत्तराखंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आवंटन और बिलों का भुगतान संस्कृति निद.ेशालय से ही होता चला आ रहा है। सांस्कृतिक दलों का भुगतान समय पर किए जाये, कलाकारों के साथ किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर तत्काल संस्कृति विभाग कल्याण कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इसके अलावा कार्यक्रमों का आवंटन जिलाधिकारी की ओर से नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों से नहीं कराया जाए। ना ही बिलों को अल्मोड़ा और पौड़ी में जमा करवाया जाए। पूर्व की तरह संस्कृति विभाग में ही बिलों को जमा किया जाए, वहीं से कलाकारों का भी भुगतान किया जाए।

# कूड़ा डंपिंग जोन प्लांट हटाने को किया अनशन

### कूड़े के दुष्प्रभाव से संपूर्ण देहरादून में बीमारियां फैल रही: रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति दल की केंद्रीय महामंत्री किरन रावत कश्यप, वरिष्ठ नेता शकुंतला रावत, योगेश पैपने, पंडित बीएल जगूड़ी ने कारगी कूड़ा डंपिंग जोन प्लांट को हटाए जाने के लिए 24 घंटे की भूख हड़ताल की। किरन किरन ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल इस डंपिंग जोन और प्लांट का घोर विरोध करता है और इसको जनहित के लिए तत्काल हटाए जाने की मांग करता है।

उन्होने कहा कि बिंदल नदी में कूड़े का अंबार लग गया है। देहरादून के केंद्र में स्थित होने के कारण इस कूड़े के दुष्प्रभाव से संपूर्ण देहरादून में बीमारियां फैल रही हैं। आसपास के लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया है। इस कूड़ा डंपिंग जोन और प्लांट से असहनीय बदबू और वायु प्रदूषण उत्पन्न हो रहा है।



कचरे से निकलने वाली गंदगी बिंदल नदी में बह रही है इस कारण डेंगू ,मलेरिया ,चिकनगुनिया जैसी बीमारियां बढ़ गई है।

किरन रावत कश्यप ने सरकार से मांग रखते हुए कहा कि इस डंपिंग जोन से देहरादून में संक्रामक रोग फैलने की प्रबल संभावना है यदि देहरादून में संक्रामक रोग फैला तो यह सरकार की जिम्मेदारी होगी इस प्लांट को तत्काल हटाया जाना अति आवश्यक हो गया है। इस अवसर पर दल के वरिष्ठ नेता देवचंद उत्तराखंडी, राजेंद्र बिष्ट, राजेश्वरी रावत, शकुंतला रावत, बिहारी लाल जगूड़ी, सरदार महेंद्र सिंह, एडवोकेट श्याम लता वर्मा, शुभम चौहान, अनूप बिष्ट, गजेंद्र नेगी, मनीष रावत, राकेश ध्यान, वीरेंद्र बिष्ट, भावना पांडे आदि उपस्थित रही।

# 'मेरा घर मेरी दुनिया' अभियान शुरू

### एलिवेटेड रोड परियोजना बंद की जाए: विनोद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मलिन बस्तियों को तोड़े जाने के विरोध में नव पर्वतीय विकास संस्था की और से 'मेरा घर मेरा मेरी दुनिया अभियान' के तहत इंद्रा कॉलोनी में जनसभा आयोजित की गई। मुख्य वक्ता विनोद कुमार एडवोकेट अध्यक्ष नव पर्वतीय विकास संस्था ने कहा कि सरकार एलिवेटेड रोड परियोजना बंद करे अन्यथा हजारों मलिन बस्तिवासियों को बेघर किया जा रहा हैं।

विनोद कुमार अध्यक्ष नव पर्वतीय विकास ने जोर देकर कहा कि महलों में बैठकर मलिन बस्तियों की नीति तैयार नही की जा सकती। कहा कि 14 जून को मुख्यमंत्री आवास घेराव किया जाएगा जिमसें शहर की मलिन बस्तियों के लोग भारी संख्या में भाग लेंगे। जनसभा में विनोद कुमार अध्यक्ष नव पर्वतीय विकास संस्था ने कहा कि मुख्यमंत्री का मलिन बस्ती मुक्त उत्तराखंड, का नारा गरीब विरोधी नारा हैं जो कि मलिन बस्तियों के प्रति मुख्यमंत्री की नफरत को दर्शाता हैं। इस मौके पर वसीम राव अली, प्रवेश कुमार, सतीश कुमार, इंतजार मलिक, हरीश सिसोदिया, जगमोहन सिंह, विपिन खन्ना, फारुख अहमद, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।



# मोटे अनाज को बढ़ावा देने में चैनलिंक घेरबाड़ योजना बनी सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** वर्तमान समय में देश और दुनिया में मिलेट्स आधारित मोटे अनाजों की मांग तेजी से बढ़ रही है, और इसी के मद्देनजर उत्तराखंड सरकार भी मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। लेकिन जब तक किसानों की फसलों को जंगली और आवारा जानवरों से सुरक्षित नहीं किया जाता, तब तक किसी भी फसल उत्पादन की कल्पना अधूरी मानी जाती है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए टिहरी गढ़वाल जिला प्रशासन द्वारा 'चौनलिंक घेरबाड़ योजना' को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के मार्गदर्शन और कृषि विभाग की पहल पर यह योजना न केवल फसलों को जंगली जानवरों से सुरक्षा प्रदान कर रही है, बल्कि ग्रामीणों को खेती के प्रति पुनः आशावान बना रही है। घेरबाड़ से सुरक्षित कृषि भूमि पर अब बेहतर उत्पादन संभव हो पाया है, जिससे पलायन की गति भी थमी है और गांवों में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं।

### जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा से बढ़ा किसान आत्मविश्वास, बंजर भूमि हो रही आबाद उच्च मूल्य की फसलों की ओर बढ़ते ग्रामीण, पलायन पर भी लगी लगाम

विकासखंड जौनपुर के अंतर्गत आने वाले उनियाल गांव और हवेली गांव में वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिला योजना से क्रमशः 3-3 लाख रुपये की लागत से 122-122 चौनलिंक घेरबाड़ करवाई गई। इससे उनियाल गांव के 18 और हवेली गांव के 13 परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि यह योजना उनके लिए खेती को पुनर्जीवित करने का अवसर लेकर आई है।

उनियाल गांव की वंदना उनियाल ने बताया कि गांव की भूमि अत्यंत उपजाऊ है, लेकिन जंगली जानवरों की लगातार बढ़ती दखल से किसान खेती छोड़ने को मजबूर हो रहे थे। जब किसानों ने कृषि विभाग से संपर्क कर अपनी समस्याएं साझा कीं, तब विभाग ने गांव में सर्वे कराकर चौनलिंक घेरबाड़ की योजना को धरातल पर उतारा। वंदना का कहना है कि अब फसलें सुरक्षित हैं, और किसान पुनः खेती की ओर लौट रहे हैं।ग्राम हवेली की प्रधान प्रशासक सुषमा देवी ने भी इस योजना को एक वरदान बताते हुए कहा कि घेरबाड़ के बाद गांव में जंगली जानवरों का आतंक समाप्त हो गया है। पहले जहां खेत वीरान पड़े थे, अब वहां फसलें लहलहा रही हैं और ग्रामीणों को बेहतर आय प्राप्त हो रही है।

मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराडी ने बताया कि चौनलिंक घेरबाड़ योजना के अंतर्गत जिला योजना मद से जो धनराशि प्राप्त हुई, उससे गांवों में सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। फसलें सुरक्षित हुई हैं और ग्रामीण अब उच्च मूल्य की फसलों जैसे सब्जियां, मसाले और औषधीय पौधों की खेती की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजना की बढ़ती मांग को देखते हुए इसे आगामी जिला योजना में भी प्रस्तावित किया गया है, और धनराशि उपलब्ध होते ही योजना को और विस्तार दिया जाएगा।

इस योजना के माध्यम से न केवल किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, बल्कि मोटे अनाज जैसे मिलेट्स की उत्पादन क्षमता बढ़ाकर राज्य सरकार की नीति को धरातल पर साकार करने की दिशा में भी एक प्रभावी कदम उठाया गया है।

# भेनगी गांव में नशामुक्ति की दिशा में ग्रामीणों की सशक्त पहल

### अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर लगेगा भारी जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर ब्लॉक के अंतर्गत भेनगी गांव में नशा मुक्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पंचायत घर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता महिला मंगल दल की अध्यक्ष रीता देवी और युवक मंगल दल के अध्यक्ष परमवीर पोखरियाल ने की। बैठक में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाने का संकल्प लिया और कई प्रस्ताव पारित कर उन्हें क्रियान्वयन के लिए थानाध्यक्ष लंबगांव को सौंपा गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इसके अलावा, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर भी सख्ती बरती जाएगी। शराब बेचने या खुलेआम पीने वालों के लिए जुर्माने की स्पष्ट रूपरेखा तय की गई है। पहली बार अवैध रूप से शराब बेचते पाए जाने पर 1500 रुपये और दूसरी बार में 11,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, गांव में शराब पीकर उत्पात मचाने या खुलेआम शराब पीने वालों पर 2,100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इस बैठक में महिला मंगल दल की रिक्त सचिव पद पर विनीता देवी को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। यह निर्णय भी महिला सशक्तिकरण और सामाजिक नेतृत्व की भावना को बल देने वाला रहा। बैठक में कमला देवी, फुलदेई, ऐलमा देवी, लक्ष्मी देवी, वीरेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, भगवान चंद, विनीता देवी, बसंती देवी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने भाग लिया और नशामुक्त गांव की दिशा में मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। यह पहल न केवल भेनगी गांव को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक साहसिक कदम है, बल्कि अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी एक प्रेरणा बन सकती है, जहां नशे के दुष्परिणामों से समाज को बचाने के लिए सामूहिक जागरूकता और सहभागिता की आवश्यकता है।

### मुख्यमंत्री ने हरिद्वार पहुंचकर वात्सलय गंगा आश्रय आश्रम का किया लोकार्पण

# साध्वी ऋतम्भरा के नेतृत्व में हो रहा निराश्रित बेटियों को नवजीवन देने का कार्य: पुष्कर सिंह धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरिद्वार पहुंचकर वात्सलय गंगा आश्रय आश्रम का लोकार्पण किया तथा श्री कृष्ण कथा में प्रतिभाग करते हुए साधु सन्तों का आशीर्वाद प्राप्त किया और मां गंगा की आराधना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि उत्तराखंड में बाहर से आए सभी महानुभावों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा को बहुत बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा जो प्रकल्प चलाए जा रहे हैं। उनके बारे में जितना कहा जाए उतना ही कम है। उन्होंने कहा कि कम कहकर-ज्यादा काम करना, दीदी मां से सीख सकते हैं, आत्मसात कर सकता हैं, उनका सान्धिय प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि साध्वी दीदी मां ऋतम्भरा के नेतृत्व में निराश्रित बेटियों को नव जीवन देने का जो दिव्य कार्य हो रहा है। यह वास्तव में समाजसेवा की प्रेरणादायी मिसाल है। धामी ने भगवान तथा मां गंगा से प्रार्थना की कि दीदी मां स्वस्थ रहे, और लंबे समय तक दीदी मां का आशीर्वाद मिलता रहे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा उनके सहयोग से देवभूमि उत्तराखंड में अनेक प्रकार के कार्य हो रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में हमारे जो धार्मिक पुनरुत्थान है, उसका महा पर्व चल रहा है। उन्होंने कहा कि युग पुरुष पूज्य परमानन्द महाराज हों या दीदी मां ने अनेक संघर्ष किए और आगे बढ़ाया। उसी का परिणाम है, देश के अंदर जहां हम सब चाहते थे कि श्री रामचंद्र जी का मंदिर बने और वहां भव्य और दिव्य मंदिर बन गया और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हमने देखा किस प्रकार से दीदी मां के भाव उस समय आए। उन्होंने कहा कि जब मंदिर की बात आती है सभी की आंखों में आंसू देखे, कितने संघर्षों के बाद मंदिर का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले काशी विश्वनाथ में छोटा सा मार्ग भी अन्दर जाने के लिए नही मिलता था। अगर कोई महादेव का भक्त मां गंगा का जल लेकर जाता था तो उसको मार्ग नहीं मिलता था। लेकिन अगर आज आप जाएंगे तो एक साथ कई लाख लोग अंदर जा सकते हैं, कोई भी महादेव का भक्त मां गंगा का जल लेकर महादेव पर जलाभिषेक कर सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की 2013 की आपदा बाद पूरा केदारनाथ क्षतिग्रस्त हो गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आज भव्य केदार और दिव्य केदार बन गया है। उन्होंने कहा कि और नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भगवान ने उन्हीं से ये काम करवाया। उन्होंने कहा कि भगवान बद्री विशाल के मास्टर प्लान पर काम हो रहा है। ऐसे अनेक काम मोदी की प्रेरणा एवं उनके आशीर्वाद से देवभूमि उत्तराखंड में कर रहे हैं। हरिद्वार-ऋषिकेश में गंगा कॉरिडोर बनाना या मां पूर्णागिरि धाम जहां शारदा मैया निकलती है। शारदा



मैया के तट के ऊपर मां पूर्णागिरि के धाम के आसपास शारदा कोरिडोर बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी चार धाम यात्रा चल रही है। चार धाम यात्रा में इस वर्ष लगभग 18 लाख श्रद्धालुओं एवं तीर्थ यात्रियों ने दर्शन कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों पहलगाम घटना के कारण यात्रा को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था वरना यह संख्या और अधिक होती। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जितने यात्री, श्रद्धालु एवं भक्त आए उनकी यात्रा अच्छी हो, सब कुशल हो, सुरक्षित हो, उनकी सुरक्षा हमारे लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छे तरीके से यात्रा चल रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली -देहरादून, दिल्ली से हरिद्वार-ऋषिकेश हो यह सारे मार्ग तेजी से बन रहे हैं, आने वाले समय में एलीवेटेड सड़क का निर्माण पूरा होने वाला है और एलिवेटेड सड़क का काम पूरा होते ही हरिद्वार से दिल्ली तक की दूरी लगभग दो से ढाई घंटे में पूरी हो जाएगी। दिल्ली से हरिद्वार, देहरादून आने वाला व्यक्ति हवाई यात्रा नहीं करेगा। जौलीग्राण्ट एयरपोर्ट से अनेक शहरों के लिए फ्लाइटें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि देवभूमि उत्तराखंड की डेमोग्राफी न बदले और इसको लेकर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन हेतु उत्तराखंड सरकार कृत संकल्पित है। प्रदेश के मूल स्वरूप को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए लैंड जिहाद, लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी विकृत मानसिकताओं के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि का जो मूल अस्तित्व है, वह बचा रहना चाहिए, यह मेरा संकल्प है देवभूमि का संकल्प है। उन्होंने कहा कि देवभूमि के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए अनेक ऐसे काम किये हैं और उन कामों को लगातार आगे बढ़ाने का काम कर हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। यह दिल्ली के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि है और धामी पूरे देश के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि जो भी अच्छी योजनाएं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लायेंगे वह दिल्ली में भी जायेंगी। यमुना के लिए जल और योजनाएं भी दिल्ली लेकर जायेंगे। उन्होंने कहा कि मां यमुना स्वच्छ हो, मां गंगा के चरणों में आकर अपने प्रण को पुन: दोहराया। इस दौरान साध्वी दीदी मां ऋतम्भरा, युग पुरूष परमानन्द गिरी महाराज, आचार्य बालकृष्ण, अखाडा परिषद के अध्यक्ष महन्त रविन्द्रपुरी महाराज द्वारा भी सम्बोधन करते हुए अपने-अपने विचार रखे गये। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, युगपुरुष परमानंद गिरी, साध्वी ऋतंभरा, आचार्य बालकृष्ण, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी, महानिर्वाणी पीठ के आचार्य महामंडलेश्वर विशोखानंद, महामंडलेश्वर संतोषी माता, महामंडलेश्वर हरिचेतनानंद, साध्वी मैत्रीगिरी, विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान, विधायक प्रदीप बत्रा, मेयर किरन जेसल, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल, उपाध्यक्ष एचआरडीए अंशुल सिंह, नगर आयुक्त नन्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र सिंह नेगी, दर्जा राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल, डा.जयपाल सिंह चौहान, ओमप्रकाश जमदग्नि, शोभाराम प्रजापति सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार डम्फर ने बाइक सवार युवक को पीछे से मारी टक्कर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव धनपुरा स्थित पीठ बाजार में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार कर कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। जबकि, डंपर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार, नोशाद (30 वर्ष) पुत्र नवाब अली निवासी सुल्तानपुर हरिद्वार से बाइक पर सवार होकर अपने घर सुल्तानपुर जा रहा था। धनपुरा के पास पीठ बाजार में पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद युवक बाइक सहित सड़क पर गिर गया और डंपर उसके ऊपर से गुजर गया। घायल हालत में उसे पुलिस ने 108 सेवा की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। की तलाश में लगी है। परिजनों की मौजूदगी में युवक का पोस्टमार्टम कराया



अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने युवक की बाइक व डंपर को कब्जे में ले लिया है। डंपर चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया पुलिस चालक जाएगा। एसओ पथरी मनोज नौटियाल ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। दोनों वाहनों को कब्जे में लिया गया है।

## आलानकब के साथ तीन दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रोशनाबाद।** थाना सिडकुल पुलिस ने चोरी के इरादे से घूम रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से आलानकब बरामद हुई है। रात्रि चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपियों अर्जुन पवार पुत्र करतार सिंह, चिंटू कुमार पुत्र मोहर सिंह व दीपक कुमार पुत्र श्रवण निवासी आमखेड़ी थाना मंगलौर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में एसआई मनीषा नेगी, कांस्टेबल प्रदीप व सुनील कुमार शामिल रहे।


## एक नजर

### हर्ष फायरिंग में किशोरी की मौत के बाद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पथरी, क्षेत्र के गांव शिवगढ़ में घुड़चढ़ी के दौरान हर्ष फायरिंग में हुई किशोरी की मौत के मामले में पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर एक आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार घटना 24 मई की बताई जा रही है। गांव शिवगढ़ में मोनू चौहान पुत्र जनेश्वर चौहान की शादी में घुड़चढ़ी रस्म के दौरान दूल्हे के छोटे भाई मोहित चौहान द्वारा अपने जीजा की लाईसेंस की डबल बैरल बंदूक से हॉर्स फायर कर दी। हर्ष फायरिंग के बाद बंदूक से कारतूस का खोखा निकालने के दौरान एक कारतूस चल गया और भीड़ में खड़ी एक किशोरी भूभीका पांच वर्ष पुत्री नेपाल निवासी महाराजपुर लकसर की गर्दन पर गोली लग गई। किशोरी रिश्तेदारी में शादी समारोह में सामिल होने आई हुई थी। गोली लगने से किशोरी के हालात गंभीर हो गए। बारात की खुशियां अचानक सोक में बदल गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने किशोरी को हरिद्वार जिला अस्पताल पहुचाया। किशोरी के हालात नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया जहाँ उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। किशोरी के पिता नेपाल की तहरीर पर पुलिस ने मोहित पुत्र जनेश्वर निवासी शिवगढ़ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया शादी में घुड़चढ़ी के दौरान हर्ष फायरिंग में हादसा हुआ था। हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी युवक की तलाश जारी है।

### यूपी सिंचाई विभाग पर लगाया गंगा घाटों पर जल प्रवाह बाधित करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** व्यापारी नेता महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने एक बार फिर यूपी सिंचाई विभाग पर उत्तरी हरिद्वार के घाटों पर जल प्रवाह बाधित कर श्रद्धालुओं को परेशान करने का आरोप लगाया है। प्रैस को जारी बयान में सुनील सेठी ने आरोप लगाया कि सवेरे गंगा स्नान और पूजा अर्चना के समय सर्वानंद घाट से हरकी पैड़ी तक के तमाम घाटों पर जल की अविरल धारा को बाधित किया जा रहा है। जल प्रवाह कम होने पर घोड़े खच्चरों के माध्यम से खनन किए जाने से गंगा प्रदूषित हो रही है। सेठी ने बताया गंगा जल की धारा को सुचारू रखने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। यदि जल्द गंगा की अविरल धारा पुरानी स्थिति में सुचारू नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा। सुनील सेठी ने बताया कि दो माह पूर्व भी यूपी सिंचाई विभाग द्वारा अविरल धारा को बाधित किए जाने से श्रद्धालुओं को परेशान होना पड़ा था। आंदोलन करने और जिला अधिकारी के संज्ञान लेने पर अविरल धारा को पुनः शुरू किया गया। दो महीने बाद फिर से पुरानी स्थिति हो गई है। सुबह स्नान के समय जल आपूर्ति बाधित की जा रही है और गंगा की धारा को दूसरी तरफ मोड़ा जा रहा है। जिससे खड़खड़ी श्मशान घाट पर भी पर्याप्त मात्रा में गंगा जल नहीं पहुंच पा रहा है और अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। खनन कार्य में लगे घोड़े खच्चर गंगा को प्रदूषित कर रहे है। यदि जल्द व्यवस्था न सुधरी तो पुनः यूपी सिंचाई विभाग के खिलाफ सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। अनिल कोरी, महेश कालोनी, राजू जोशी, अमित भट्ट, एसएन तिवारी, राकेश सिंह, रवि बांगा, भूदेव शर्मा, सचिन अग्रवाल, सुनील मनोचा, सोनू चौधरी आदि व्यापारियों ने भी यूपी सिंचाई विभाग के प्रति रोष जताया।

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने हरकी पैड़ी पर किया गंगा स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रविवार को हरिद्वार आयी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता परिवार के साथ हरकी पौड़ी पर ब्रह्कुंड में गंगा स्नान और गंगा पूजन किया। हरकी पैड़ी पर गगा स्नान के दौरान रेखा गुप्ता ने दिल्ली में सरकार के 100 दिन पूरे होने के बाद यमुना को गंगा जैसी निर्मल और पवित्र बहने देने का संकल्प दौहराया। स्नान के बाद रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार के 100 दिन एक संदेश देने वाले हैं कि किस तरह अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का अधिकार और विकास कैसा हो यह 100 दिन में दिखाने



की कोशिश की है। सीएम रेखा गुप्ता के हरकी पैड़ी पहुंचने पर श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने अन्य पदाधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया और गंगा पूजन कराया। गौरतलब है कि हरिद्वार आयी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता परिवार के साथ गंगा स्नान के बाद साध्वी ऋतंभरा के नवनिर्मित गंगा वात्सल्य आश्रय के उदघाटन में भी प्रतिभाग किया। इसके अलावा रेखा गुप्ता ने जूना अखाड़े के आचार्य म.मं. स्वामी अवधेशानंद गिरी से भी मुलाकात की।

# समारोह पूर्वक मनाया माता रामभजन देवी का 116वां अवतरण दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गंगा भजन आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी सत्यदेव महाराज की गुरू माता रामभजन देवी का 116वा अवतरण दिवस संत महापुरूषों व श्रद्धालु भक्तों के सानिध्य में समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर स्वामी सत्यदेव के संयोजन में पंतदीप में संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें संत महापुरूषों और श्रद्धालुओं ने माता रामभजन देवी पर पुष्पवर्षा कर मां गंगा से उनकी दीघार्यू की कामना की। संत सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जयराम पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, राम कथा व सत्संग आदि धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। लेकिन यह देखकर बड़ी पीड़ा होती है कि कथा सत्संग में शामिल होने के बाद भी परिवारों में विघटन बढ़ रहा है। सामाजिक स्तर पर भी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते हुए स्वामी सत्यदेव ने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं



कि उन्हें माता रामभजन देवी जैसी प्रखर संत का सानिध्य प्राप्त हुआ। स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज ने कहा कि वयोवृद्ध अवस्था में समाज को धर्म और अध्यात्म की प्रेरणा दे रही माता रामभजन देवी का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है। कथाव्यास गौरदास ने कहा कि कुछ कथावाचकों ने कथा सत्संग को नाचने गाने, फिल्मी गानों और कव्वाली का मंच बना दिया है। कथाओं पर टीवी सीरियलों और फिल्मों पर चर्चा की जा रही है। ऐसे में युवा पीढ़ी कैसे संस्कारवान बनेगी। संत सम्मेलन का संचालन स्वामी रविदेव शास्त्री ने किया। इस अवसर पर कथाव्यास गौरदास महाराज, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि, स्वामी ऋषिश्वरानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी ज्ञानानंद, स्वामी कृष्णानंद, स्वामी ज्योर्तिमयानंद सहित कई संत महापुरूष और बड़ी संख्या में श्रद्धाल मौजूद रहे।

# पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया साक्ष्य संकलन का प्रशिक्षण

## फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट अक्षय कुमार ने टीम के साथ सिखाई साक्ष्य संकलन की बारीकियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विवेचना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए रोशनाबाद स्थित पुलिस कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को साक्ष्य संकलन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी थानों और कोतवाली के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण में क्राइम सीन की सुरक्षा, फिंगरप्रिंट संग्रहण, सैंपल सीलिंग, दस्तावेजीकरण और फॉरेंसिक प्रक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अपराध के बाद घटना स्थल पर साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता में सुधार लाने एवं विवेचना प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली व साक्ष्य आधारित बनाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए प्रशिक्षण में जनपद के समस्त थानों एवं कोतवाली के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फील्ड यूनिट के प्रशिक्षित स्टाफ फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट अक्षय कुमार ने अपनी टीम के सदस्यों अनिल चौहान व विनय भट्ट के साथ "क्राइम किट बॉक्स" के माध्यम से घटनास्थल से फिंगरप्रिंट उठाने



तथा अन्य साक्ष्यों के वैज्ञानिक संकलन की अलग-अलग तकनीकी के बारे में उपकरण सहित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान स्टाफ द्वारा क्राइम सीन की सुरक्षा, फिंगरप्रिंट संग्रहण, सैंपल सीलिंग, दस्तावेजीकरण और फॉरेंसिक प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को साक्ष्य संकलन में प्रशिक्षित करने के लिए लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** एसएसपी के निर्देश पर संदिग्ध और बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने पीठ बाजार और लोधा मंडी के आसपास रहने वाले बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन हेतु तड़के 6 बजे अभियान चलाया। अभियान के दौरान 15 संदिग्ध व्यक्तियों का 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान कर 3750 रूपए जुर्माना वसूल किया। 200 व्यक्तियों का मौके पर ही सत्यापन किया गया। बिना सत्यापन कराए किराएदार रखने पर 5 मकान मालिकों का 83 पुलिस अधिनियम के तहत चालान कर 50,000 रूपए का कोर्ट चालान किया गया। अभियान में एसआई रविंद्र जोशी, कांस्टेबल दीपक चौहान, रणबीर पवार, महावीर पुंडीर, अंकुर चौधरी, गोपाल तोमर, हसलवीर रावत, सतवीर सिंह, रवि कुमार शामिल रहे।

# चोरों की तलाश में पुलिस ने खंगाले कई स्थानों के सीसीटीवी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र में एक घर से नकदी और जेवर चोरी करने के मामले में पुलिस ने कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी खंगाले है लेकिन अज्ञात चोरों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नही लग सका है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के अनुसार विकास बेलवाल निवासी ग्राम पंचायत टिहरी भागीरथी नगर कॉलोनी ने तहरीर देकर बताया कि 27 मई को वह चंडीगढ़ किसी कार्ये से गया था। घर पर उसकी मां अकेली थी। दोपहर करीब एक बजे उसकी मां सीता देवी घर पर ताला लगाकर पड़ोस में खाना खाने गई थी। जब वह खाना खाकर वापस लौटी तो कमरे में रखी अलमारी का लॉक टूटा हुआ था और समान खुर्द बुर्द पड़ा था।अलमारी खोलकर देखा तो उसमें रखे लाख रुपये, पर्स जिसमें एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पासबुक व सोने की अंगूठी, चेन आदि सामान गायब था। मामले में पीड़ित ने पुलिस को शिकायत की जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला लेकिन पुलिस को कोई सफलता हाथ नही लग सकी। पुलिस ने मामले में मुखबिर तंत्र को लगाया है जल्द मामले में खुलासा होने की संभावना लगाई जा रही है।

एसओ पथरी मनोज नौटियाल का कहना है कि चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही हैं। साथ ही मुखबिर तंत्र लगाया गया है। जल्द मामले का खुलासा होगा।

# फर्जी डिग्री धारी चिकित्सकों पर कार्रवाई करे सरकार: मलिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्व विद्यालय के छात्र आशु मलिक ने फर्जी डिग्री के आधार पर चिकित्सक बन अस्पतालों में काम कर रहे झोलाछाप चिकित्सों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान एबीवीपी के जिला संयोजक आशु मलिक ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग एवं सरकार को फर्जी डिग्री के आधार पर चिकित्सा सेवा में लगे लोगों की उच्च स्तरीय जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गंभीर विषय यह है कि कुछ चिकित्सालय फर्जी डिग्री प्राप्त करने वाले झोलाछाप चिकित्सकों से अस्पताल में सेवाएं भी ले रहे हैं। ऐसे अस्पतालों पर भी स्वास्थ्य विभाग को कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। जानकारी करने पर अस्पताल प्रबंधन ऐसे चिकित्सकों को प्रशिक्षु बताते हैं। जबकि प्रशिक्षण सरकारी अस्पतालों में कराया जाता है। स्वास्थ्य विभाग को फर्जी डिग्री प्राप्त कर अपने आप को चिकित्सक बताने वाले लोगों के खिलाफ वृहद स्तर पर अभियान चलाकर ऐसे चिकित्सकों का सत्यापन करना चाहिए। आशु मलिक ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान अजय कुमार, परितोष वत्स, रोहित देशवाल, हिमांशु चौहान, शिवम सैनी, पारस तोमर, विजय, वंश चौहान आदि विवि के छात्र भी मौजूद रहे।

# उदयवीर महासचिव, निशांत बने रालोद के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रालोद प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत ने कार्यकारिणी का विस्तार करते पार्टी के वरिष्ठ नेता उदयवीर सिंह को प्रदेश महासचिव एवं निशांत चौधरी को मुख्य प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है। इसके अलावा बिल्लू वाल्मीकि को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, ज्योति लम्बा प्रदेश महासचिव, उदयवीर सिंह प्रदेश महासचिव, निशांत चौधरी मुख्य प्रदेश प्रवक्ता, अरविंद ठाकुर प्रदेश सचिव, मोरध्वज सिंह लोहान गढ़वाल मंडल अध्यक्ष, लोकेश सैनी जिला अध्यक्ष हरिद्वार, विकास शर्मा महानगर अध्यक्ष हरिद्वार, रूपल वत्स को ऋषिकेश महानगर अध्यक्ष नियुक्त मनोनीत किया। देहरादून स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए राजेंद्र पंत ने सभी पदाधिकारियों से पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान करते



हुए कहा कि रालोद भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की विचारधाराओं पर चलने के लिए संकल्पित हैं। इसके लिए वर्तमान में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार करने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी के अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने से रालोद उत्तराखंड में मजबूत पार्टी के तौर पर उभरेगा। इस दौरान प्रदेश संगठन महासचिव अशोक चौधरी, प्रदेश सचिव आरती जैस्वाल, सचिव प्रमोद डोभाल, जिला अध्यक्ष सुशील मलिक, महानगर अध्यक्ष महेंद्र सिंह बिष्ट, संजय तितोरिया, सिमरन शर्मा, स्वाति, अश्वनी त्यागी, सुनील, राजकुमार, संजीव उपाध्याय, हर्ष त्यागी, अरुन कुमार, राजीव शर्मा प्रमुख रूप मौजूद रहे।

# पीएम देते हैं किसानों की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता : जोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उत्तरकाशी/मोरी।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को उत्तरकाशी जनपद के मोरी विकासखंड स्थित गैंचवांण गांव में शविकसित कृषि संकल्प अभियानश का शुभारंभ किया। मोरी विकासखंड के गैंचवांण गांव में पहली बार है जब कोई मंत्री इस गांव में पहुँचे हैं। ग्रामीणों ने कृषि मंत्री जोशी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री जोशी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया, जिनमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य और अन्य विभागों ने किसानों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मंत्री ने एप्पल मिशन योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसानों को चेक वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तरक. ाशी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में सेब उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार इसे प्राथमिकता के आधार पर विकसित कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने जिस पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए, वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित थी। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि किसान सरकार की नीति निर्माण की केंद्रबिंदु में हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान की शुरुआत उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा



गुनियाल गांव से की गई थी। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए पूरे देश में दो हजार वैज्ञानिक दलों का गठन किया गया है, जो अगले 15 दिनों तक किसानों से सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में यह अभियान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पंतनगर विश्वविद्यालय, भरसार विश्वविद्यालय और विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा जैसे प्रतिष्ठित कृषि संस्थान स्थित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर प्रत्येक जनपद में तीन टीमों का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन तीन कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिदिन कम से कम 600 किसानों से संवाद स्थापित किया जाएगा। मंत्री जोशी ने

**■ कृषि मंत्री ने किया उत्तरकाशी जनपद के मोरी विकासखंड स्थित गैंचवांण गांव में शविकसित कृषि संकल्प अभियानश का शुभारंभ ,मोरी विकासखंड के गैंचवांण गांव में पहली बार पहुंचे कोई मंत्री, ग्रामीणों ने कृषि मंत्री जोशी का गर्मजोशी से किया भव्य स्वागत**

इसे एक सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे किसानों को वैज्ञानिकों और संबंधित संस्थाओं से प्रत्यक्ष संपर्क का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसान नवीनतम कृषि तकनीकों का उपयोग कर अपनी उपज और कृषि क्षेत्रफल में वृद्धि कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हित में कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है और इस दिशा में युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर विधायक दुर्गेश्वर लाल, जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, पूर्व विधायक माल चन्द, ब्लॉक प्रमुख बचन सिंह पंवार, मंडल अध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष राजीव कुंवर, प्रधान अनिता देवी, सीडीओ एस.एल सेमवाल, निदेशक बागवानी मिशन महेंद्र पाल, निदेशक कृषि परमाराम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सीएचसी बागी को उप जिला चिकित्सालय बनाने की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सार्वजनिक जनहित मंच ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बागी को उप जिला चिकित्सालय में प्रोन्नत करने और वहां महिला एवं बाल रोग विशेषज्ञ की शीघ्र नियुक्ति की मांग की है। मंच ने यह भी स्पष्ट किया कि हाल ही में लंबे समय बाद सीएचसी बागी में एक्स-रे टेक्नीशियन की तैनाती मंच द्वारा चलाए गए जनआंदोलन का ही परिणाम है। मंच अध्यक्ष जगदीश चंद्र आर्य और संयोजक विनोद टोडरिया ने इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, टिहरी गढ़वाल का आभार जताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि केवल एक्स-रे सुविधा से मरीजों को पूर्ण लाभ नहीं मिल सकता जब तक वहां एक आर्थोपेडिक विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं की जाती। मंच का कहना है कि हड्डी से संबंधित रोगों के निदान और उपचार के लिए एक्स-रे मशीन के साथ-साथ आर्थोपेडिक विशेषज्ञ की उपस्थिति अनिवार्य है। फिलहाल, एक्स-रे रिपोर्ट मिलने के बावजूद मरीजों को उचित इलाज के लिए ऋषिकेश, श्रीनगर या अन्य बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता है, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए आर्थिक और शारीरिक रूप से अत्यंत कठिन है। मंच ने यह भी रेखांकित किया कि क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को देखते हुए महिला एवं बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती बेहद आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इन नियुक्तियों को प्राथमिकता दी जाए और सीएचसी बागी को उप जिला चिकित्सालय का दर्जा दिया जाय।

# निशुल्क 600 लोगों का हुआ उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता/सहिया।** तहसील चकराता के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, लाखामंडल में आज आशा हॉस्पिटल, पावटा रोड हरबर्टपुर, देहरादून द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में क्षेत्र के लगभग 600 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बीपी, शुगर जैसी सामान्य जांचें की गईं और जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

कैंप का आयोजन उन ग्रामीणों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हुआ, जो विभिन्न कारणों से देहरादून या विकासनगर जैसे शहरों तक इलाज के लिए नहीं पहुंच पाते। उन्हें अब अपने गांव के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हुईं। शिविर में आशा हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र तिवारी ने उपस्थित लोगों को जानकारी दी कि हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड धारकों को निशुल्क ऑपरेशन सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। कार्यक्रम में विशेष सहयोग इंटर कॉलेज लाखामंडल के प्रधानाचार्य केन्द्र सिंह अशवाल, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता बचना शर्मा, ओम प्रकाश (युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी, लाखामंडल) का रहा। शिविर में लाखामंडल चौकी इंचार्ज नवीन सिंह, कांस्टेबल नागेंद्र गॉड, कांस्टेबल जोगिंदर, कांस्टेबल सुरेश ने भी सहभागिता निभाई।स्वास्थ्य सेवाओं में डॉ. शिवानी सैनी, डॉ. शैलेंद्र तिवारी, फार्मासिस्ट विपिन शर्मा, नर्सिंग स्टाफ अक्षीमा, रुचि, वीरेंद्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा। ग्राम प्रधान सोनिया भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए ऐसे शिविरों को ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# जेठ के तीसरे रविवार को जौनसार-बावर के काली मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जेठ माह के तीसरे रविवार को जौनसार-बावर के विभिन्न काली मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। चकराता तहसील के इंद्रोली और जाड़ी गांव में स्थित काली मंदिरों में शनिवार रात से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। रविवार सुबह मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। मां काली के दर्शन के लिए न सिर्फ जौनसार-बावर, बल्कि रवाई, जौनपुर, हिमाचल और गढ़वाल से भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।

इंद्रोली गांव के काली मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ हवन और यज्ञ का आयोजन हुआ। मंदिर के मुख्य आचार्य पंडित विद्यादत्त जोशी ने क्षेत्र की सुख-शांति और आगामी फसल की अच्छी उपज के लिए



**■ इंद्रोली और जाड़ी में हवन-भंडारे और चांदी के छत्तर चढ़ाकर मां काली को अर्पित की श्रद्धा**

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। यज्ञ में मंदिर समिति के पदाधिकारियों सहित स्थानीय ग्रामीणों ने आहुतियां अर्पित कीं। इस अवसर पर कंधाड़ गांव की महिलाओं ने भंडारे का आयोजन किया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं इंद्रोली की महिलाओं ने मंदिर परिसर में धूप चढ़ाकर मां काली से परिवार की खुशहाली और मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की।

उधर जाड़ी गांव के काली मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। मनोकामनाएं पूरी होने पर कई श्रद्धालुओं ने मां काली को चांदी के छत्तर चढ़ाकर कृतज्ञता प्रकट की। पूरे आयोजन में मंदिर के पुजारी संजय जोशी, वजीर टीकम सिंह भंडारी, प्रीतम सिंह, सुल्तान सिंह, खजान सिंह ठानी, केशर सिंह, मेजर सिंह, दिनेश चौहान, सतपाल सिंह, देव माली, कुंवर सिंह, अर्जुन सिंह और तिलक सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

# रिसॉर्ट की घटना में आया अब नया मोड़

**रिसॉर्ट के मालिक ने हाईकोर्ट में पक्षकार बनाए जाने की लगाई गुहार**

**विकासनगर।** बदामावाला क्षेत्र में बीती 14 मार्च होली वाले दिन एक रिसॉर्ट की घटना में अब नया मोड़ सामने आया है, जिसमें रिसोर्ट के असली मालिक चमन सिंह नेगी ने हाईकोर्ट में विचाराधीन मामले में खुद को पक्षकार बनाए जाने की गुहार लगाई है। दरअसल आपको बता दें कि बीती 14 मार्च होली वाले दिन दो पक्षों में हुए विवाद के बाद बादामावाला के आनंद वाटिका रिसोर्ट में आगजनी हुई थी, जिसमें रखें गैस सिलेंडर ब्लास्ट के बाद रिसोर्ट में बने हट्र्स सहित वहां के रेस्टोरेंट में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया था। जिसके चलते रिसोर्ट संचालक राहुल सेठिया की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज कर कोतवाली विकासनगर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हालांकि हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई।वहीं दूसरी ओर हाल ही में यह बात भी सामने आई कि दोनों पक्षों में समझौता भी हुआ और रिसोर्ट संचालक ने अपना मुकदमा वापस लेने की कोशिश की। जिसके चलते आज इस मामले में उस वक्त नया मोड़ सामने आया जब रिसोर्ट के असली मालिक चमन सिंह नेगी ने मीडिया के सामने आकर उन्हें इस मामले में पक्षकार बनाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वह पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हैं, लेकिन अभी तक भी उनके बयान दर्ज नहीं किए गए। कहा कि वह इस मामले में निष्पक्ष जांच चाहते हैं और जरूरत पड़ी तो वह मुख्यमंत्री से मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करेंगे और मामले को लेकर कोर्ट तक जायेंगे।

# विकासनगर व सहसपुर पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान



**विकासनगर/सहसपुर।** कोतवाली विकासनगर पुलिस ने ढकरानी, गोल घर, पोंटा रोड, कोर्ट रोड, भीमावाला में चलाया किरायेदार व बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ सत्यापन अभियान चलाकर लगभग 300 व्यक्तियों का किया सत्यापन। पुलिस ने 7 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर चालान रूपये 70000 रूपये का जुर्माना न्यायालय अध्यारोपित किया तथा 10 चालान पुलिस अधिनियम में कर 2500 रूपये नगद वसूले। वही थाना सहसपुर पुलिस द्वारा रामपुर शंकरपुर चोई बस्ती धर्मावाला सभावाला सिंहनीवाला क्षेत्र में चलाया सत्यापन अभियान चलाकर 230 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया तथा 22 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर चालान रूपय 220000 रूपये का जुर्माना अध्यारो. पित किया तथा 15 चालान पुलिस अधिनियम में कर 3750 नगद वसूले गए।

# विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 7 जून तक चलेगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी** 01 जून : भारतीय सेना के पूर्व सैनिक विश्व पर्यावरण दिवस की थीम "वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण का अंत" करने का अभियान चलायेंगे।उक्त जानकारी देते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव, जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) ने बताया किपूर्व सैनिकों द्वारा संचालित पहल अतुल्य गंगा ट्रस्ट (।ळज्) द्वारा आगामी 5 जून से 7 जून तक गंगोत्री से हर्षिल तक व्यापक प्लास्टिक उन्मूलन कारसेवा का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में स्थापित अतुल्य गंगा ट्रस्ट का उद्देश्य गंगा नदी के सतत पुनर्जीवन को सुनिश्चित करना है। इसके प्रमुख कार्यक्षेत्रों में वनीकरण, प्रदूषण मानचित्रण (माइक्रोप्लास्टिक की

**■ अतुल्य गंगा गंगोत्री से हर्षिल तक करेगी प्लास्टिक उन्मूलन का आयोजन,ट्रस्ट का उद्देश्य गंगा नदी के सतत पुनर्जीवन को सुनिश्चित करना**

पहचान), और जन-जागरूकता अभियान शामिल हैं। ट्रस्ट का मुख्य ध्येय है गंगा में निर्मलता और अवि. रलता को पुनर्स्थापित करना, साथ ही नागरिकों और नीति-निर्माताओं के बीच पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देना।

जहां एक ओर भारत की सशस्त्र सेनाएं सीमाओं की रक्षा करती हैं, वहीं अतुल्य गंगा के पूर्व सैनिक पर्यावरण संरक्षण के माध्यम से राष्ट्र सेवा को जारी रखे हुए हैं। इस वर्ष की कारसेवा एक पांच दिवसीय अभियान है, जिसका उद्देश्य गंगोत्री से हर्षिल तक के पारिस्थितिकीय रूप से संवे. दनशील क्षेत्र से प्लास्टिक अवशिष्ट को हटाना है। यह अभियान उत्तराखंड प्रशासन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसमें सीमा सड़क संगठन (ठत्व), स्थानीय सैन्य इकाइयों और नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (छप्ड) का सहयोग प्राप्त हो रहा है। बिसलेरी कंपनी इस पहल में कॉर्पोरेट समर्थन दे रही है।

### अभियान की रूपरेखा और गतिविधियाँ:-

2 जून 2025 : लखनऊ से लेफ्टिनेंट जनरल अनिन्द्या सेनगुप्ता, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, सेंट्रल कमांड द्वारा अभियान का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा।

3 जून 2025 : सभी स्वयंसेवक उत्तरकाशी में एकत्रित होंगे।

4 जून 2025, दोपहर 3:00 बजे : उत्तरकाशी के जिलाधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट एवं ठत्व कमांडेंट द्वारा नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में अभियान का विधिवत झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जाएगा।

5-7 जून : प्रतिदिन गंगोत्री से हर्षिल तक प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया जाएगा। एकत्रित कचरे को शहरी स्थानीय निकायों (न्स्ठ) को पर्यावरणीय रूप से अनुकूल निपटान के लिए सौंपा जाएगा।

# कृषि मंत्री ने किया जरमोला राजकीय उद्यान का स्थलीय निरीक्षण।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उत्तरकाशी/ मोरी।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत रविवार को जरमोला राजकीय उद्यान का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने उद्यान की भौगोलिक स्थिति, कृषि उत्पादन, बागवानी गतिविधियों और संसाधनों का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री जोशी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उद्यान को मॉडल कृषि केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, ताकि आसपास के किसान नवीनतम कृषि तकनीकों से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार पर्वतीय क्षेत्रों की कृषि को आत्मनिर्भर और वैज्ञानिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है

**■ द्यान की भौगोलिक स्थिति, कृषि उत्पादन, बागवानी गतिविधियों और संसाधनों का बारीकी से अवलोकन किया**

और जरमोला उद्यान को एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से जोड़ें और उद्यान के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर स्थानीय विधायक दुर्गेश्वर लाल, जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल सहित कई संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# डीजे संगठन में एकता बनाए रखने पर दिया गया जोर

**विकासनगर।** हरबर्टपुर स्थित एक फार्म में आयोजित बैठक में डीजे की टाइमिंग और रेट को लेकर साथ ही डीजे संगठन मैं एकता बनाए रखने की बात रखी गई और साथ ही कुछ सदस्य को पद नियुक्त किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रदीप कुमार, उपाध्यक्ष सागर कश्यप, सचिव विशाल वर्मा, महासि. चव दीपक राणा, कोषाध्यक्ष विजय राठौर, सदस्य गौतम, विपिन, शुभम, मीडिया प्रभारी सतीश चौहान शामिल थे। इस मौके पर राजा डीजे, वीर चौहान डीजे, हरसू डीजे, एसके डीजे, अंकित डीजे आदि शामिल रहे।

# अहिल्याबाई की जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**विकासनगर।** प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत व पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर जी की 300वी जयंति के समापन के अवसर पर सहसपुर विधानसभा के भाऊवाला-माण्डूवाला में राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार भुवन विक्रम डबराल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. धीरज जोशी, जिला महामंत्री अमित डबराल, रजनीश शर्मा, विकास रमोला, सुमन रतूड़ी, संजय, यशपाल नेगी, नवीन रमोला, धर्मेन्द्र डबराल, नीलकंठ भट्ट, आनंद रमोला, मंजीत मेहता, आर्यन प्रधान, सुमित वर्मा, अंकित शर्मा, सन्नी शर्मा, विंग कमांडर गांगुली, बब्बल, महाराज भगवती, वन विभाग के अधिकारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वित्त वर्ष 2024-25 में इफको का शानदार प्रदर्शन

**देहरादून।** विश्व की नंबर 1 सहकारी संस्था, इफको ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर-पूर्व लाभके रूप में 3,811 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, साथ ही नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47: की वृद्धि दर्ज की। इस वित्त वर्ष (2024-2025) में नैनो-उर्वरकों की 365.09 लाख बोतलें बेची गईं, जबकि पिछले वित्त वर्ष (2023-2024) में 248.95 लाख बोतलें बेची गई थीं। वित्त वर्ष 24-25 के दौरान इफको ने 41,244 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह देश के पूरे सहकारी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि इफको के शानदार विकास के आंकड़े सहकार से समृद्धि के सपने को साकार कर रहे हैं।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय ढुंगीधार, नई टिहरी में आयोजित ग्रीष्मकालीन शि. विर (समर कैंप) का समापन शुक्रवार को रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। पांच दिवसीय इस शिविर में विद्यार्थियों को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में शामिल किया गया, बल्कि उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास को भी मंच प्रदान किया गया।

27 से 31 मई तक चले इस शिविर में छात्र-छात्राओं ने योगासन, खेलकूद, क्राफ्ट, मिट्टी के कार्य, पिक्टो ब्लॉक गेम्स, पहेलियों, प्रेरक कहानियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में



बढ़-चढ़कर भागीदारी की। योगाभ्यास, सूर्य नमस्कार और ध्यान जैसी क्रियाओं के माध्यम से बच्चों को शारीरिक व मानसिक संतुलन का महत्व बताया गया। खेल गतिविधियों में कुर्सी दौड़, कैरम, लूडो, खो-खो और क्रिकेट ने बच्चों को न केवल आनंदित किया, बल्कि उनमें टीम भावना और खेल भावना का भी संचार किया।

शिविर के अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक लोक परिधानों में रैम्प वॉक कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके अतिरिक्त रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता जैसी रचनात्मक गति. विधियों ने विशेष रूप से छात्राओं की प्रतिभा को उजागर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुत किए गए लो. कगीत, नृत्य और अभिनय ने समापन समारोह को उल्लासपूर्ण बना दिया। विद्यालय के शिक्षक रविंद्र सिंह खाती ने बताया कि इस ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्देश्य छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारना और उन्हें आत्मविश्वास व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देना था। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर छात्रों में रचनात्मक सोच, अनुशासन और सहभागिता की भावना विकसित करते हैं।समापन समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा संगीता देवी, योग प्रशिक्षक जयप्रकाश डंगवाल, विजयलक्ष्मी रतूड़ी, मोर सिंह असवाल, विजय जोशी, करन सिंह, बागेश्वरी उनियाल, रेखा पंवार, सरस्वती देवी, अनीता देवी सहित अनेक अभिभावक और ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। सभी ने शिविर की सराहना करते हुए इसे बच्चों के समग्र विकास के लिए एक प्रशंसनीय पहल बताया।

# मार्ग के लिए चार करोड़ की धनराशि स्वीकृत, किया भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवददाता**

**उत्तरकाशी /नौगांव:** पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने नौगांव-स्योरी मोटर के लिए 4करोड़ 69 लाख;53 हजार की धनराशि स्वीकृत कर बड़ी सौगात दी है।रविवार को क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने विकासखण्ड नौगांव में लोनिवि ने को 4 करोड़ 69 लाख 53 हजार की स्वीकृत लागत से नौगांव-स्योरी मोटर मार्ग के अवशेष भाग में डामरीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का पुरानी मटियाली में शिलान्यास एवं भूमि पूजन कर कार्य शुभारंभ किया।

विधायक ने कहा इस मार्ग के डामरीकरण होने से स्योरी फल पट्टी के किसान एवं बागवानों को सेब की फसल को मंडी पहुंचाने में सुलभता होगी।

जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी एवं उत्साह



का माहौल बना हुआ है। इस मोटर मार्ग की मांग दशकों से पुरे क्षेत्रवासियों की रही है जो पूर्ण हो गई है, हमारा हमेशा ही प्रयास रहा है कि मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए उसी का परिणाम है कि पुरोला विधानसभा में सर्वाधिक मोटर मार्गों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास विगत

**■ सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य से स्योरी फल पट्टी को लगेंगे नये पंख**

तीन वर्षों में किया गया है जो ऐतिहा. सिक उपलब्धि है।

इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष नौगांव श्रीमती अमिता परमार, निवर्तमान प्रदेश किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी जगमोहन चंद , जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्रीमती कमला राणा , नगर पंचायत अध्यक्ष नौगांव विजय कुमार, गढ़वाल मंडल किसान मोर्चा संयोजक विजय सिंह रावत मण्डल महामंत्री , प्रताप सिंह चौहान , एवं गंगा सिंह , निवर्तमान प्रधान मंजियाली प्रकाश रावत , पूर्व प्रधान मटियाली जगेन्द्र राणा, हरपाल सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रियलमी ने जीटी 7 सीरीज पेश की

**देहरादून।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज भारत में अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज पेश की। यह लॉन्च पेरिस में इसके ग्लोबल लॉन्च के साथ किया गया है। इस सीरीज का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है, जो एस्टन मार्टिन फॉर्मुला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एएमएफ1 के साथ को-ब्रांडिंग वाला पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, रियलमी जीटी 7 सीरीज के साथ हम 2025 में फ्लैगशिप किलर की परिभाषा को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। अनुज सिद्धार्थ, डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा, "जीटी 7 के लिए रियलमी के साथ हमारा सहयोग फ्लैगशिप इनोवेशन को भारतीय ग्राहकों तक पहुँचाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है।

# जीआरडी कॉलेज का वार्षिक उत्सव अंतरया-2025 का रंगारंग समापन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजधानी के प्रतिष्ठित कॉलेज गुरु राम दास इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी देहरादून का वार्षिक उत्सव अन्तरया-2025 रविवार को बॉलीवुड सिंगर आकांशा शर्मा की लाइव परफॉरमेंस के साथ संपन्न हुआ !

वार्षिक उत्सव के पहले दिन एक ओर छात्र छात्राओं ने नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स एवं मॉडल्स प्रस्तुत किये वही शिक्षा, खेलकूद,एवं सांस्कर्तिक कार्यकर्मो में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाले छात्र-छात्राओं तथा सरकारी नौकरी पाने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को सम्मानित किया गया ! वही दूसरी और छात्र छात्राओं ने अपने रंगा रंग कार्यकर्मो से सबको



मन्त्र मुग्ध कर दिया ! समारोह के समापन सत्र में फेमस बॉलीवुड सिंगर आकांशा शर्मा एवं डी. जे. हैरी ने थोड़ी फुर्सत, काली एक्टिवा, तेरे संग यारा, जोगी आदि बॉलीवूड गानो पर अपनी लाइव परफॉरमेंस देकर छात्र-छात्राओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया ! इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला । सस्थान के चेयरमैन सरदार राजा सिंह, वाइस चेयरमैन सरदार इंदरजीत सिंह डॉली ओब. ेराय, सुरजीत कौर, सरदार प्रबजी ओबेराय, महा निदेशक डॉ. पंकज चौधरी, सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें ।

# बच्चों के लिए भारत की सबसे बड़ी कॉमिक लाइब्रेरी की यात्रा एक छोटे से हिमालयी गांव से शुरू हुई

**चौड़ा, चंपावत।** बच्चों में पढ़ने की आदत डालने की एक दिल को छू लेने वाली पहल के तहत, चंपावत के खूबसूरत गांव चौड़ा में एक अनूठी कॉमिक लाइब्रेरी शुरू की गई है। स्वर्गीय जय प्रकाश वर्मा (लीसा फैक्ट्री, चंपावत के पूर्व प्रबंधक) की बेटी श्रीमती दीप्ति वर्मा के नेतृत्व में, यह ओपन-एयर लाइब्रेरी बच्चों के लिए भारत की सबसे बड़ी कॉमिक लाइब्रेरी बनने की आकांक्षा रखने वाली एक छोटी सी शुरुआत है।

वर्तमान में निर्माणाधीन लाइब्रेरी भवन के साथ, बच्चे अब सोमवार से शुक्रवार तक, हर दिन एक घंटे के लिए खुले आसमान के नीचे अमर चित्र कथा, टिंकल और मैजिक पॉट जैसी कॉमिक्स पढ़ने के लिए इकठ्ठा होते हैं। यह पहल केवल मनोरंजन के बारे में नहीं है। इसका उद्देश्य मजबूत पढ़ने की आदतें बनाना, ज्ञान बढ़ाना और गांव के बच्चों को प्रतिस्पर्धी और सूचित भविष्य के लिए तैयार करना है। पुस्तकालय का नाम चौड़ा गांव के चतुर सिंह राणा की याद में रखा गया है, जिनका दुखद निधन कम उम्र में ही हो गया था। पुस्तकालय के दैनिक कार्यों का प्रबंधन उनकी पत्नी श्रीमती लक्ष्मी राणा और भाई मदन राणा द्वारा किया जाएगा।




कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती दीप्ति वर्मा के पति डॉ. अभिषेक कुमार ने कहा कि उद्घाटन के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी अविस्मरणीय थी। ऐसे युग में जब बच्चे मोबाइल फोन से चिपके रहते हैं, यह पहल एक ताज़ा और बहुत ज़रूरी बदलाव लाती है। यह न केवल युवा दिमाग को आकार देगा बल्कि गांव के भीतर एक सकारात्मक, शैक्षिक स्थान भी प्रदान करेगा। पुस्तकालय ने आने वाले महीनों में अपने संग्रह का विस्तार करने की योजना बनाई है, जिसमें बड़े छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की किताबें और सामग्री शामिल की जाएगी, जो वास्तव में इसे स्थानीय युवाओं के लिए आजीवन संसाधन बना देगा। यह विचारशील पहल पुरानी यादों, उद्देश्य और दृष्टि को जोड़ती है, जो साबित करती है कि सबसे छोटे गांव भी सबसे बड़े सपनों को जगा सकते हैं।

## नैनीताल में पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार

**नैनीताल।** वीकेंड पर नैनीताल में सैलानियों की भारी भीड़ रही जिसकी वजह से नगर के अधिकांश पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार रहे। कई मार्गों पर जाम लगने से पर्यटक परेशान हुए। वर्तमान में नगर का ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन उछाल पर है। रविवार को भी बड़ी संख्या में सैलानियों का पहुंचना जारी रहा। अलबत्ता शुक्रवार व शनिवार को सर्वाधिक संख्या में सैलानी पहुंचे। नगर के अधिकांश होटलों के कमरे पैक रहे। पार्किंग स्थल भी फुल हो चले हैं।

# समर्थ जैन रहे टूर्नामेंट के ओवरऑल चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा 30 मई से आयोजित तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2025 रविवार को सम्पन्न हो गया। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से 177 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। राजभवन नैनीताल में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल/अध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) द्वारा टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेता/चैंपियन समर्थ जैन रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता नुसरत अब्बासी घोषित हुए। बेस्ट नेट विजेता सुधीर सिंह और उपविजेता कर्नल संजीव पंत रहे। टूर्नामेंट में सुपर वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में कर्नल एससी गुप्ता विजेता और एसके सूरी उपविजेता रहे। महिला कैटेगरी में डा. सृष्टि धौन विजेता और शरण्या साह उपविजेता रही। वेटरन ग्रास कैटेगरी में जफर इकबाल विजेता और नरोत्तम दास उपविजेता रहे। मास्टर भव्य रतन को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगरी में 15-17 आयु वर्ग में अमायरा बजाज विजेता और ऐमीर उस्मानी उपविजेता रहे। 12-14 आयु वर्ग में समृद्ध चंद ठाकुर विजेता और मेधांश बिष्ट उपविजेता रहे। 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में रूशांक प्रताप सिंह सिजवाली विजेता और मोहम्मद माज मंसूर उपविजेता घोषित किए गए। राज्यपाल ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि गोल्फ प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों ने न केवल खेल का आनंद लिया होगा, बल्कि नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण ने भी उन्हें एक अविस्मरणीय अनुभव मिला होगा। राजभवन गोल्फ कोर्स में खेलने का अनुभव सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और अतिथि परंपरा से जुड़ने का अवसर भी है। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि देश के विभिन्न भागों से आए गोल्फ खिलाड़ी और उनके परिजन उत्तराखण्ड की सुंदरता और मेहमान. नवाजी को अपने साथ लेकर जाएंगे, और इससे राज्य का पर्यटन प्रचार भी होगा। राज्यपाल ने कहा कि विगत वर्षों में राजभवन गोल्फ कोर्स को आमजन, विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए भी खोला गया है, ताकि युवाओं में गोल्फ के प्रति रूचि उत्पन्न हो सके। गोल्फ को लोकप्रिय और इससे आमजन को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने महिला खिलाड़ियों और युवाओं की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी वर्षों में टूर्नामेंट को और अधिक प्रभावी और भव्य बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। राज्यपाल ने इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को, आयोज. कों को, प्रायोजकों को, दर्शकों को और विशेष रूप से राजभवन गोल्फ क्लब, नैनीताल और स्थानीय प्रशासन को इस स्फल आयोजन के लिए बधाई दी। पुरस्कार वितरण समारोह में सचिव श्री राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब रविनाथ रामन, आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, अपर सचिव श्री राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब स्वाति एस. भदौरिया, परिसहाय श्री राज्यपाल एवं सचिव राजभवन गोल्फ क्लब अमित श्रीवास्तव, परिसहाय श्री राज्यपाल एवं सदस्य राजभवन गोल्फ क्लब सुमित कुमार शादिजा, गोल्फ कैप्टन कर्नल विवेक भट्ट, वित्त नियंत्रक श्री राज्यपाल डा. तृप्ति श्रीवास्तव, सदस्य डा. सचिन चमोली, वेद प्रकाश मुहार, जीएम आईओसीएल एसए निमकर उपस्थित रहे।




शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## सम्बन्ध-विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र राघव मुटनेजा एवं उसकी पत्नी सारवी गुप्ता हमारे कहने सुनने में नहीं है समस्त कार्य अपनी मर्जी से करते हैं। हम इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में अपने किसी भी कार्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**चरणजीत**, 21 आदर्श नगर ऋषिकेश जिला देहरादून।

Sitara A SEWA INITIATIVE

## सेवा गृह ऋण लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय का पता: बिल्डिंग नं. 8, टॉवर सी, 8वीं मंजिल, डीएलएफ साइबर सिटी, गुरुग्राम 122002

**मांग सूचना** — **वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 3(1) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित**

नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अंतर्गत **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)") से आह्वान किया गया है कि वे उन्हें जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाएं, जो नीचे भी दी गई हैं। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर, उक्त उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** को भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, नीचे दर्शाई गई राशि, साथ ही उक्त मांग सूचना(ओं) में वर्णित अतिरिक्त ब्याज, नीचे उल्लिखित तिथि(ओं) से लेकर भुगतान और/या वसूली की तिथि तक, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों / लेखों, यदि कोई हो, के साथ पठित ऋण समझौते के तहत देय है। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियों को क्रमशः उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** के पास बंधक रखा गया है।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं./ कर्जदार/गांरटर का नाम | मांग सूचना की तिथि एवं राशि |
|---|---|---|
| 1. | **ऋण खाता संख्या : H3CP000005009756**<br>**1. श्रीमति शबाना बेगम, पति श्री अनीस अहमद, 2. श्री अनीस अहमद, पिता श्री जुम्मा, 3. श्री वसीम अहमद, पिता श्री अनीस अहमद 4. श्री फरीद अहमद, पिता श्री जाहीर अहमद** | **29.01.2025**<br>**₹ 7,74,986/- (सात लाख चौहत्तर हजार नौ सौ छियासी रूपये) दिनांक 31.12.2024 तक** |

**सुरक्षित आस्तियों का विवरण अचल सम्पत्ति :** खसरा न 432/2 गाँव वार्ड न 06 मोहल्ला कायस्थान **बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश, चौहद्दी:- पूर्व** - विक्रेता की जमीन, **पश्चिम** - राजीव-अग्रवाल की जमीन, **उत्तर** - 15 फीट रोड, **दक्षिण** - हाड़ी राजा खान की जमीन

यदि उक्त उधारकर्ता **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** अधिनियम की धारा 13(14) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ लागत और परिणामों के संबंध में पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के जोखिम पर कार्यवाही करेगा, उक्त उधारकर्ताओं को अधिनियम के तहत **सेवा गृह ऋण लिमिटेड** की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करेगा या उल्लंघन के लिए उकसाएगा, अधिनियम के अधीन कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

**स्थान: रामपुर, दिनांक: 01.06.2025** — **प्राधिकृत अधिकारी, सेवा गृह ऋण लिमिटेड**

UTTARAKHAND

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लोक निर्माण विभाग ऋषिकेश (देहरादून)

Website-http://pwd.uk.gov.in E-Mail-cetdrksh@rediffmail.com

निविदा सूचना सं0. 1165 /निविदा दिनांक : 31/05/25

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी, द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु सील्ड निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.06.2025 से दिनांक 06.06.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 09.06.2025 दोपहर 11:00 तक इन्ही कार्यालयों में डाले जा सकते है, तथा दिनॉक 09.06.2025 का 04:00 बजे टेण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

1- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 9 वों वृत्त लो0नि0वि0 देहरादून। 2- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून। 3- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| कम सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र डाईवाला में दुजियावाला मोटर मार्ग पर स्थित बंगाला नाला में 6 मीटर स्पान पुलिया का निर्माण कार्य। | 74250.00 | 2,000.00+18% GST | 60 दिन | 6 माह | सेतु कार्य में श्रेणी 'डी' एवं उच्चतर |

निविदा दिनांक 09.06.2024 को अपराह्न 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी।

निविदा से सम्बन्धित समस्त प्रपत्र (स्टाम्प पेपर, एफ0डी0आर0 आदि) निविदा आमत्रंण की तिथि के पश्चात के ही मान्य होगें। ठेकेदार द्वारा पंजीकरण की प्रति खण्डीय रोकडिया को उपलब्ध कराये जाने के पश्चात ही निविदा प्रपत्र निर्गत किये जायेगें। स्टाम्प पेपर पर निविदा की वैद्यता एवं सम्बन्धित निविदा का विवरण अंकित होना अनिवार्य होगा।

किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 ऋषिकेश

## कार्यालय-नगर पंचायत भगवानपुर, जिला हरिद्वार

पत्रांकः- 195/न0पं0भ0/2025-26 दिनांक : 31/05/2025

### अति अल्पकालीन पुनः निविदा सूचना

नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार द्वारा **राज्य वित्त/पंचायत निधि** के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक **12/06/2025 को दोपहर 2:00 बजे तक** सीलबन्द निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है, जो **उसी दिवस को सायं 3.00 बजे** गठित निविदा समिति एवं निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार के कार्यालय से **दिनांक 03/06/2025 से दिनांक 11/06/2025 को सायं 5.00 बजे तक** किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कराकर क्रय की जा सकती है।

निविदा के साथ धरोहर धनराशि के रूप में भारत के किसी भी शैडयूल बैंक द्वारा जारी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/टी0डी0आर0/राष्ट्रीय बचत पत्र, जो अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार के पदनाम से बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार में निहित होगा। निविदा की अन्य शर्ते नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार के कार्यालय में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड नं0-01 खानपुर में सोनू के मकान से शिव मन्दिर की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 287,000.00 | 8,610.00 | 500+18 %GST | 60 दिवस |
| 2 | वार्ड नं0-01 खानपुर में मेन रोड़ से संजय बिरम के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 532,000.00 | 15,960.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 3 | वार्ड नं0-01 में नेशनल हाईवे के पास कब्रिस्तान से ईदगाह की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 697,000.00 | 20,910.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 4 | नगर पंचायत भगवानपुर के वार्ड नं0-02 में नेशनल हाईवे से ताहिर के मकान की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 1,686,000.00 | 50,580.00 | 1500+18 %GST | 60 दिवस |
| 5 | वार्ड नं0-02 में खुर्शीद के मकान से अख्तर के मकान व इमरान के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 406,000.00 | 12,180.00 | 500+18 %GST | 60 दिवस |
| 6 | वार्ड नं0-02 में सौरभ के मकान से सुशील नम्बरदार जी के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क निर्माण व नाली निर्माण कार्य। | 291,000.00 | 8,730.00 | 500+18 %GST | 60 दिवस |
| 7 | वार्ड नं0-02 में फुरकान मास्टर के मकान से डा0 उनियाल व सौम्मा के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 364,000.00 | 10,920.00 | 500+18 %GST | 60 दिवस |
| 8 | वार्ड नं0-03 में मा0 विधायक श्रीमती ममता राकेश जी के कार्यालय से राजेश सैनी के मकान की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 963,000.00 | 28,890.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 9 | वार्ड नं0-4 शाहपुर में कब्रिस्तान की दीवार का निर्माण कार्य। | 1,175,000.00 | 35,250.00 | 1500+18 %GST | 60 दिवस |
| 10 | वार्ड नं0-04 में मुज्जिमल के मकान से उस्मान के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 509,000.00 | 15,270.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 11 | वार्ड नं0-04 में रायपुर रोड़ से काले के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 1,696,000.00 | 50,880.00 | 1500+18 %GST | 60 दिवस |
| 12 | वार्ड नं0-04 में शाहिद के मकान से इसरार के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 771,000.00 | 23,130.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 13 | वार्ड नं0-05 में ताहिर के मकान से नौशाद के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 635,000.00 | 19,050.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 14 | वार्ड नं0-05 में मोमिन के मकान से जाहिद के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 723,000.00 | 21,690.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 15 | नगर पंचायत भगवानपुर के वार्ड नं0-06 में बसेसर पण्डित के मकान से सुशील सिंघल के मकान की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 538,000.00 | 16,140.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 16 | वार्ड नं0-06 में महिपाल कश्यप के मकान से खुर्शीद के मकान की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 548,000.00 | 16,440.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 17 | वार्ड नं0-06 में खुर्शीद के मकान की से तसलीम के गोदाम की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 1,282,000.00 | 38,460.00 | 1500+18 %GST | 60 दिवस |
| 18 | वार्ड नं0-06 में नफीस के मकान से शहजाद के मकान की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 1,252,000.00 | 37,560.00 | 1500+18 %GST | 60 दिवस |
| 19 | मक्खनपुर महमूद आलम वार्ड नं0-07 में मेन रोड़ सोसाइटी से लेकर राशिद के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 827,000.00 | 24,810.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 20 | मक्खनपुर महमूद आलम वार्ड नं0-07 में मेन हाईवे से मौसम के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 1,229,000.00 | 36,870.00 | 1500+18 %GST | 60 दिवस |
| 21 | भगवानपुर के प्रताप कालोनी में हरेन्द्र शर्मा के मकान से विनित गोयल के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 1,631,000.00 | 48,930.00 | 1500+18 %GST | 60 दिवस |
| 22 | भगवानपुर के प्रताप कालोनी में प्रवीण गर्ग के मकान से साधूराम सैनी के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 1,470,000.00 | 44,100.00 | 1500+18 %GST | 60 दिवस |
| 23 | वार्ड नं0-08 सम्राट कालोनी में ईमली रोड़ पर सोनू की दुकान से ज्ञानोदय स्कूल की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 691,000.00 | 20,730.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 24 | वार्ड नं0-08 में कर्मसिंह के मकान से ब्रहमपाल के मकान की ओर इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 776,000.00 | 23,280.00 | 1000+18 %GST | 60 दिवस |
| 25 | वार्ड नं0-09 में शेर अली के मकान से अमित सैनी की दुकान की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 348,000.00 | 10,440.00 | 500+18 %GST | 60 दिवस |
| 26 | वार्ड नं0-09 में रामपाल के मकान से नरेश प्रधान वाली गली में मस्जिद की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 297,000.00 | 8,910.00 | 500+18 %GST | 60 दिवस |
| 27 | नगर पंचायत भगवानपुर में कार्यालय की मरम्मत एवं सौन्दर्यकरण का कार्य। | 645,000.00 | 19,350.00 | 1000+18 %GST | 3 माह |
| 28 | नगर पंचायत भगवानपुर में ट्रेंचिंग ग्राउण्ड की दीवार का निर्माण कार्य। | 2,278,000.00 | 68,340.00 | 2000+18 %GST | 6 माह |

नोट :-निर्धारित तिथि को अवकाश होने अथवा निविदा न खोले जाने की स्थिति में उक्त कार्य की निविदा आगामी कार्य दिवसों में खोली जायेगी।

(सुरेन्द्र कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार

(गुलबहार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भगवानपुर, हरिद्वार

## वनडे में 34 ओवर के बाद एक बॉल का इस्तेमाल होगा

**आईसीसी अगले महीने से नए नियम लागू करेगी, पांच कन्कशन रिप्लेशमेंट बताने होंगे**

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) टेस्ट और वनडे के कुछ नियमों में बदलाव करने जा रहा है। आईसीसी ने अपने मेंबर्स को भेजे गए मैसेज में कहा कि नए प्लेइंग-कंडीशन्स टेस्ट मैचों में जून से और व्हाइट बाल क्रिकेट में जुलाई से लागू होंगे।

नए नियमों में वनडे क्रिकेट में एक बाल का इस्तेमाल, बाउंड्री पर कैच और कन्कशन रिप्लेसमेंट शामिल है। वनडे क्रिकेट में एक बाल का इस्तेमाल अक्टूबर 2011 से वनडे में दो नई बाल का नियम लागू है। अभी वनडे में दो नई बाल का दोनों साइड से इस्तेमाल किया जाता है। आईसीसी के नए नियम के मुताबिक, 1 से 34 ओवर के लिए दो नई गेंदें होंगी। यानी एक पारी में पहले 34 ओवर तक दोनों गेंदें चलेंगी। फिर 35वें ओवर से सिर्फ एक गेंद पारी के अंत तक दोनों एंड से इस्तेमाल की जाएंगी (जब तक कि इसे बदलने की जरूरत न हो)। 34 ओवर पूरे होने के बाद और 35 ओवर की शुरुआत से पहले फील्डिंग टीम उन दो गेंदों में से एक का सिलेक्शन करेगी। कन्कशन रिप्लेसमेंट नियमों में भी कुछ बदलाव किए जाएंगे।

टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच कन्कशन रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के नाम देने होंगे। जिसमें एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक पेसर, एक स्पिनर और एक आलराउंडर रहेगा। अगर रिप्लेस किया गया खिलाड़ी भी चोटिल हो जाता है, तो मैच रेफरी नया आप्शन चुन सकता है। दो नियम के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा आईसीसी विज्ञप्ति में कहा गया है कि बाउंड्री लाइन कैच और डीआरएस प्रोटोकाल में नियमों में बदलाव के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा। टेस्ट में जून और वनडे में जुलाई से लागू होंगे नियम टेस्ट क्रिकेट में नए नियम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अगले साइकिल (2025-27) से लागू होंगे। यह श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गाल में 17 जून से होने वाले पहले टेस्ट के जरिए लागू होंगे।

## पीकेएल-12 की नीलामी में 10 खिलाड़ी बने करोड़पति

- **गुजरात जायंट्स ने दो बाद के चैंपियन मोहम्मदरेजा शादलू को सबसे बड़ी बोली लगाकर 2.23 करोड़ में खरीदा**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 की रविवार को समाप्त हुई खिलाड़ियों की नीलामी में 10 खिलाड़ी करोड़पति बने। गुजरात जायंट्स ने दो बार के चैंपियन मोहम्मदरेजा शादलू को सबसे बड़ी बोली लगाकर 2-23 करोड़ रूपये में खरीदा। प्रो कबड्डी के 12वें सत्र के 12 प्रफेंचाइजियों ने दो दिन बोली गई।

इसके अलावा दो करोड़ क्लब में देवांक दलाल शामिल रहे, जिन्हें बंगाल वॉरियर्ज ने 2-205 करोड़ रूपये में साइन किया। दो दिनों तक चली नीलामी में इस बार एक नई फाइनल बिड मैच (एफबीएम) नीति को भी लागू किया गया, जिसके तहत टीमें अपने रिलीज किए गए खिलाड़ियों को नीलामी में लगी अंतिम बोली से मैच करके एक या दो सीजन के लिए दोबारा साइन कर सकती थीं। इस नियम के तहत पांच खिलाड़ी दो सत्र के लिए और नौ खिलाड़ी एक सत्र के लिए रिटेन किए गए। कैटेगरी सी ऑलराउंडर्स के लिए शानदार मौका साबित हुई, जहां नितिन रावल, गुरदीप और धीरेज को बड़ी बोलियाँ मिलीं। नितिन को जयपुर पिंक पैंथर्स ने 50 लाख रूपये में साइन किया, गुरदीप को पुनेरी पलटन ने 47-10 लाख रुपये में खरीदा और धीरेज बेंगलुरु बुल्स की जर्सी पहनेंगे, जिन्हें 40-20 लाख रूपये की बोली मिली। हालांकि इस श्रेणी की सबसे ऊंची बोली रेडर आकाश लशदे के नाम रही, जो 53-10 लाख रूपये में बेंगलुरु बुल्स में शामिल हुए। खिलाड़ियों नीलामी की सबसे चौंकाने वाली बोली कैटेगरी डी में देखने को मिली, जब यू मुंबा ने हिमाचल प्रदेश के ऑलराउंडर अनिल मोहन को 78 लाख रूपये की रिकॉर्ड तोड़ बोली में साइन किया। खास बात यह है कि पीकेएल इतिहास में कैटेगरी डी की यह सबसे बड़ी बोली है। अनिल मोहन ने नीलामी के दूसरे दिन दोनों कैटेगरी में सबसे बड़ी बोली पाई। उनके बाद कैटेगरी डी में दूसरी सबसे बड़ी बोली उदय पार्टे को मिली, जिन्हें जयपुर पिंक पैंथर्स ने 50-10 लाख रूपये में खरीदा। नीलामी को लेकर मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस प्रमुख और प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, ह्यह बहुत सकारात्मक है कि पीकेएल 12 की नीलामी के पहले दिन की गति दूसरे दिन भी बरकरार रही। टीमों ने कैटेगरी सी और डी में गहरी रुचि दिखाई है, विशेष रूप से पीकेएल डेब्यूटेंट आनिल मोहन के लिए 78 लाख की बोली से, जो कैटेगरी डी के लिए हमारी लीग के इतिहास की सबसे ऊंची बोली है। ऐसे नए खिलाड़ी अक्सर टीम की रीढ़ बनते हैं, और उनके विकास में निवेश करना प्रतिस्पर्धी टीमों के निर्माण के लिए आवश्यक है। निश्चित रूप से, इस सीज़न में 10 'करोड़पति' खिलाड़ियों का उभरना एक संतुलित बाजार को दर्शाता है।

### कैटेगरी ए के शीर्ष पांच खिलाड़ी

मोहम्मदरेज़ा शादलू चियानेह (ईरान) 2-23 करोड़ रूपये गुजरात जायंट्स, देवांक दलाल (भारत) – 2-203 करोड़ रूपये बंगाल वॉरियर्ज, आशु मलिक (भारत) 1-90 करोड़ रूपये दबंग दिल्ली, अर्जुन देशवाल (भारत) 1-405 करोड़ रूपये तमिल थलाइवाज, योगेश विजेंद्र दहिया (भारत) 1-125 करोड़ रूपये बेंगलुरु बुल्स।

### कैटेगरी बी के शीर्ष पांच खिलाड़ी

अंकित जगलान (भारत) 1-573 करोड़ रूपये पटना पाइरेट्स, नवीन संसार सिंह कुमार (भारत)1-20 करोड़ रूपये हरियाणा स्टीलर्स, गुमान सिंह (भारत) 1-073 करोड़ रूपये यूपी योद्धाज सचिन तंवर (भारत) 1-058 करोड़ रूपये पुनेरी पलटन, नितिन कुमार धनखड़ (भारत) 1-002 करोड़ रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स।

### कैटेगरी सी के शीर्ष पांच खिलाड़ी

आकाश संतोष शिंदे (भारत) 53-10 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स, नितिन रावल (भारत) 50 लाख रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स, संदीप कुमार (भारत) 49 लाख रूपये यू मुंबा, गुरदीप (भारत) 47-10 लाख रूपये पुनेरी पलटन, धीरेज (भारत) 40-20 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स

### कैटेगरी डी के शीर्ष खिलाड़ी

अनिल मोहन (भारत) 78 लाख रूपये यू मुंबा, उदय पार्टे (भारत) 50-10 लाख रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स, शुभम बिटाके (भारत) 9-10 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स।



## मनीष-सृष्टि की टीम ने मिश्रित एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण पदक

- **रुद्रांश और सुमेधा की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया**

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** डब्ल्यूएसपीएस वर्ल्ड कप के दूसरे दिन रविवार को मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ की मिश्रित एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यहां प्रतियोगिता के दूसरे दिन मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की मिक्स्ड एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रुद्रांश खंडेलवाल और सुमेधा पाठक की टीम ने कांस्य पदक जीता। वहीं अवनी लेखरा और इशांक आहूजा की आर 10 मिश्रित टीम ने 10 मीटर राइफल एसएच 1 स्पर्धा में कांस्य पदक जाता। दिन के आखिर तक कुल तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते।

## रीतिका हुड्डा ने फ्रीस्टाइल श्रेणी में जीता सोना

- **रितिका ने नॉर्डिक सिस्टम में 3-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की**



**उलानबटार, वार्ता।** उलानबटार ओपन 2025 रेसलिंग रैंकिंग सीरीज में भारत की रीतिका हुड्डा ने महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। पेरिस 2024 ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली 22 वर्षीय भारतीय पहलवान रीतिका हुड्डा ने शनिवार को नॉर्डिक सिस्टम में 3-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की, जिसका समापन अंतिम पूल मैच में घरेलू पसंदीदा और एनख-अमरिन दावानासन के खिलाफ 5-2 से जीत के साथ हुआ। इस दिन भारत ने अपने खाते में चार और पदक जोड़े। दीपक पुनिया ने (पुरुषों की 92 किग्रा), शिक्षा ने (महिलाओं की 65 किग्रा) और पुष्पा ने (महिलाओं की 55 किग्रा) में एक-एक रजत और जयदीप ने (पुरुषों की 74 किग्रा) में कांस्य पदक जीता। दीपक पुनिया ने लगातार तीन जीत के साथ धमाकेदार शुरुआत की, जिसमें मंगोलिया के डेमचिगदोर तुमुरबाटर पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता और बैट-एर्डीन ब्याम्बासुरेन पर 4-1 के कड़े मुकाबले में जीत शामिल है। हालांकि, चोट के कारण उन्हें अस्काब सादुलाएव के खिलाफ अपने अंतिम मैच से हटाने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 74 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रहे जयदीप सेमीफाइनल में ईरान के योनेस इमामी से 5-3 से हार गए। कांस्य पदक के मुकाबले में मंगोलिया के तुग्सजार्गल एर्डेनेबैट को हराया। इस बीच, शिक्षा और पुष्पा दोनों ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीता। पुष्पा ने शुरुआती हार से उबरते हुए मंगोलिया की दुलगुन बोलोरमा को मात दी और ओटगोंटुया बयानमुंख को हराया। लेकिन आखिर में स्वर्ण पदक से चूक गई। शिक्षा ने महिलाओं की 65 किग्रा नॉर्डिक सिस्टम में चार मुकाबलों में तीन जीत हासिल की और दूसरे स्थान पर रहीं। एशियन चैंपियन मनीषा भानवाला महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में ग्रुप स्टेज में बाहर हो गईं। उन्होंने अलीना कासाबीवा के खिलाफ एक प्रभावशाली शुरुआती जीत दर्ज की, लेकिन मंगोलिया की पूर्व विश्व चैंपियन ओरखोन पुरेवदोरज से हार का सामना करना पड़ा। कुश्ती टूर्नामेंट में अब भारत के पदकों की संख्या 17 हो गई। भारत

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को हराया

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुक.ाबले में नियमित समय में 2-2 से ड्रा के बाद हुए शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया। यहां खेले गए मुक.ाबले में भारतीय टीम की उपकप्तान हिना ने (10वें) व लालरिनपुई ने (24वें) मिनट में मैच की शुरुआत में गोल दागे। गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में गोल. कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने 10वें मिनट हिना के गोल से शानदार शुरु की, इसके बाद लालरिनपुई ने 24वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफटाइम तक भारत के पास 2-0 की बढ़त थी। उरुग्वे ने अंतिम क्वार्टर में इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट और इसके बाद मिलग्रोस सीगल ने 57वें मिनट बाद गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मुक.ाबला शुटआउट में चला गया। शूटआउट में गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने भारत के लिए लगातार तीन गोल किए।

**खेल विशेष**

## पाओलिनी को हराकर स्वितोलिना फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**पेरिस, वार्ता।** यूक्रेन की टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने रविवार को चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले साल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी को हराकर फेंच ओपन के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बना ली है। यहां खेले गए मुकाबले में यूक्रेन की 30 वर्षीय खिलाड़ी स्वितोलिना ने जैस्मीन पोओलिनी को 6-4 6-7 (6) 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच के बाद स्वितोलिना ने कहा कि मुझे कभी विश्वास नहीं था कि यह मैच मेरे पक्ष में जाएगा। यह वास्तव में एक कठिन मैच था, जैस्मीन वास्तव में बहुत अच्छा खेल रही थी। मुझे आखिरी पॉइंट तक लड़ना पड़ा और मैं अगले दौर में पहुंचकर बहुत खुश हूं।

## इंटर को 5-0 से रौंदकर पीएसजी ने जीता चैंपियंस लीग का खिताब

**म्यूनिख, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में मुकाबले में इंटर मिलान को 5-0 से रौंद कर पहली बार यूरोपीय चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। शनिवार रात एलियांज एरिना में खेले गए मुकाबले में लुइस एनरिक की युवा टीम ने मैच में शुरुआत से ही इंटर मिलान पर दबदबा बनाए रखा। पीएसजी के लिए पहला गोल 12वें मिनट में अशरफ हकीमी ने किया। इसके बाद डेजायर डोऊ ने 20वें और 63वें मिनट में गोल दागे। मैच का चौथा गोल ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने 73वें मिनट में किया। अन्य खिलाड़ी के स्थान पर खेलने मैदान में उतरे सेनी मायुलु ने 86वें मिनट में गोल दागकर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही पीएसजी यूरोपीय कप जीतने वाला 24वां क्लब बन गया।

## अनऑफिशियल टेस्ट में करुण नायर का दोहरा शतक

- **इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया-ए 557 रन बनाकर ऑलआउट**

**कैंटरबरी, वार्ता।** अनआफिशियल टेस्ट के दूसरे दिन इंडिया-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 557 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नंबर-3 पर उतरे करुण नायर 204 रन बनाकर आउट हुए। सरफराज खान ने 92 और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने 94 रन बनाए।

भारत ने 125.1 ओवर बैटिंग की कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस ने टास जीतकर बालिंग चुनी थी। भारत ने पहले दिन 3 ही विकेट के नुकसान पर 409 रन बना लिए थे। करुण नायर 186 और जुरेल 82 रन बनाकर नाटआउट लौटे थे। दूसरे दिन नायर ने दोहरा शतक लगा दिया, लेकिन जुरेल संेचुरी पूरी नहीं कर सके। शार्दूल ठाकुर ने 27, हर्ष दुबे ने 32, अंशुल कम्बोज ने 23 और हर्षित राणा ने 16 रन बनाकर टीम का स्कोर 557 रन तक पहुंचाया। इंडिया-ए ने 125.1 ओवर बैटिंग की और पहली पारी में 557 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। हल और अख्तर को 3-3 विकेट इंग्लैंड लायंस से जोश हल और जमान अख्तर ने 3-3 विकेट लिए।

एडी जैक को 2 विकेट मिले। रेहान और अजीत ने 1-1 विकेट लिया। डैन और टाम हैंन्स को कोई विकेट नहीं मिला। कम्बोज ने पहला विकेट लिया दूसरे दिन ही इंग्लैंड लायंस ने अपनी पहली पारी शुरू कर दी। बेन मैकिनी 16 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें अंशुल ने बोल्ड कर दिया। दूसरा सेशन खत्म होने तक लायंस ने 1 विकेट के नुकसान पर 75 रन बना लिए। टाम हैंस 25 व एमिलियो गे 28 रन बनाकर नाटआउट रहे।

## तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि

- **फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में पाच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजन**

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियाँ, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा कि यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है।

फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ - फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबा. इल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएंगे।



## फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में जोकोविच

**पेरिस, वार्ता।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रिया के फिलिप मिसोलिच को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है।

24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए तीसरे दौर के मुकाबले में ऑस्ट्रिया के फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। फ्रेंच ओपन में यह जो. कोविच की 99वीं जीत है। वह ऑस्ट्रेलिया ओपन में 99 मैच जीत चुके है। जोकोवि का प्री-क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के कैम नोरी से मुकाबला होगा।

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सचिन ने जीता सिल्वर

- **जेवलिन इवेंट में 85.16 मीटर का पर्सनल बेस्ट थ्रो किया, पाकिस्तान के अरशद नदीम के नाम गोल्ड**



**साउथ कोरिया, वार्ता।** एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत के सचिन यादव ने जेवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। शनिवार को जेवलिन इवेंट में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 86.40 मीटर का आखिरी थ्रो फेंककर गोल्ड जीता।

साउथ कोरिया के गुमी में हो रहे टूर्नामेंट में भारत पाइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर हैं। देश के 8 गोल्ड, 10 सिल्वर और 6 ब्रान्ज सहित 24 मेडल हो गए हैं। शुरुआत में भारत के सचिन यादव मेडल की दौड़ से बाहर रहे, लेकिन उन्होंने अंतिम 2 थ्रो में 83.03 मीटर और 85.16 मीटर के साथ सिल्वर मेडल जीता।

सचिन के अलावा, यशवीर सिंह 82.57 मीटर के अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के साथ 5वें स्थान पर रहे। सचिन यादव और यशवीर सिंह अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के बावजूद वर्ल्ड चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन मार्क तक नहीं पहुंच पाए। इसके लिए एथलीट को मिनिमम 85.50 मीटर थ्रो की आवश्यकता होती है।

पेरिस ओलिंपिक 2024 में गोल्ड जीतने के बाद अरशद नदीम की यह पहली प्रतियोगिता थी। उन्होंने 86.34 मीटर के थ्रो के साथ हीट में टाप स्थान हासिल करके इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। फाइनल में, अरशद के पहले दो थ्रो निराशा. जनक रहे, लेकिन उन्होंने दिन के अपने तीसरे थ्रो के साथ 85 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया। इसके बाद से, वे बढ़त में बने रहे और गोल्ड जीता। वहीं नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग इवेंट के लिए इस टूर्नामेंट को छोड़ने का फैसला किया। नीरज ने हाल ही में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। भारत के अनिमेष कुजूर ने शनिवार को 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेंस 200 मीटर के फाइनल में ब्रान्ज मेडल जीता। वहीं, विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर हर्डल रेस में ब्रान्ज अपने नाम किया। कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकेंड का नया नेशनल रिकार्ड बनाया। इस 21 साल के प्लेयर ने 20.40 सेकेंड का अपना पिछला रिकार्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। जापान के तोवा ने 20.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी के अब्दुल अजीज अताफी (20.31 सेकेंड) ने सिल्वर जीता।

## रिंकु सिंह और सांसद प्रिया सरोज 18 नवम्बर को करेंगे शादी



- **रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी**

**वाराणसी, वार्ता।** जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी। उनकी शादी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह के साथ होनी है।

शादी 18 नवम्बर 2025 को वाराणसी के होटल ताज से होगी। इसमें क्रिकेट के सितारे, फिल्म जगत की हस्तियों और उद्योगपतियों का जमवाड़ा रहेगा। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अलीगढ़ के रिंकू सिंह की शादी प्रिया से तय है। इसकी पुष्टि पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज के पिता व केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने की थी।

विधायक ने कहा था कि अलीगढ़ में रिंकू के परिजनों से मुलाकात हुई थी। परिजन शादी के लिए राजी हैं। आईपीएल के बाद दोनों की शादी होगी। अब रिंग सेरेमनी और शादी की तारीख तय हो गई है। सपा विधायक के करीबियों के मुताबिक, शादी पारंपरिक रीति-रिवाज से होगी। इसमें देशभर प्रमुख राजनेता, क्रिकेटर, फिल्मी सितारे और समाजसेवी शामिल होंगे। यह रिश्ता दोनों परिवारों की सहमति और स्नेह से तय हुआ है। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए वक्त दिया और अब एक नई शुरुआत के लिए तैयार हैं। प्रिया सरोज पेशे से अधिवक्ता हैं।

### पूर्व डीसीबी चेयरमैन चौ. सुरेद्र सिंह पनियालास ने

# फर्जी कागजों के सहारे षड्यंत्र रचकर भूमि पर अवैध कब्जा करने के आरोप में गजे सिंह सहित नौ के खिलाफ मुकदमा

**❖2017 में चौधरी गजे सिंह ने खुद व साथियों के साथ जिस भूमि का बैनामा किया बाद में उसी जगह को अपने भाई के नाम फर्जी बैनामे के जरिये कब्जाने की गई कोशिश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पूर्व कांग्रेस नेता चौधरी गजे सिंह उनके पुत्र व उनके भाईयों सहित नौ लोगों के खिलाफ मंगलौर कोतवाली में फर्जी कागजों के जरिये साजिश कर जमीन का बैनामा कर के पूर्व में खुद के द्वारा बैनामा कर के बेची गयी भूमि पर फिर से अवेध कब्जा करने के आरोप में मंगलौर कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन चौ. सुरेद्र सिंह पनियाला ने तहरीर देकर बताया कि प्रार्थी द्वारा गजे सिंह पुत्र घसीटा सिंह, दीपक पंवार पुत्र गजे सिंह, निवासी आवास विकास कालोनी रूडकी व श्रीमती पूजा पत्नी पवन निवासी रामनगर रूडकी व रोहिताश पुत्र मनीराम निवासी सुनहरा रूडकी, कमर आलम पुत्र स्व. कमर आलम पुत्र मकसूद हसन नगला कुबडा से दिनांक 10.08.2017 में एक बैनामा उप निबंधक रूडकी प्रथम के यहां कराया जिसका दस्तावेज संख्या 3433 के रूप में नियमानुसार हुआ। एक भूखण्ड जोत चकबंदी आकार पर 23 के अनुसार चक सं0 27 गाटा संख्या 245/2 रकबई 0.143 हैक्टेयर खरीदी थी जो गोदावरी होटल के पास मंगलौर स्थित है। चौ. सुरेंद्र सिंह का कहना है कि वह तब से ही उक्त भूखण्ड पर कब्जेदार है किसी ओर का वहां अतिरिक्त भूखण्ड नहीं है जबकि गजे सिंह व उसके पुत्र दीपक पंवार ने सुरेंद्र सिंह पुत्र सोरण सिंह निवासी सुसाडी व अजीत सिंह पुत्र रामपाल निवासी मौहल्ला नई मंडी मुजफफरनगर व यशपाल सिंह पुत्र घसीटा व जयवीर पंवार पुत्र यशपाल निवासीगण चांदोडी देवबंद सहारनपुर तथा सुधीर पंवार पुत्र यशपाल निवासी नई मंडी कस्बा झबरेडा व पूजा द्वारा रोहिताश पुत्र मनीराम निवासी सुनहरा अपराधिक षडयंत्र रचकर सोची समझी साजिश के तहत बेईमानी की नियत से साज कर फर्जी व कूट रचित विक्रय पत्र तैयार कर असल रूप में प्रयोग कर के मेरे द्वारा खरीदे गये उपरोक्त भूखण्ड जो मैंने 10.08.2017 को खरीदा था उस पर नाजायज व गैर कानूनी तरीके से अवेध कब्जा कर लिया है। प्रार्थी ने जब उक्त अवेध कब्जे का विरोध किया तो प्रार्थी व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी ओर यह भी कहा कि उनके संबंध बडे बडे नेताओं, उच्च अधिकारियों व जूडिशियल वालों से भी हैं इसलिए तुम उनका कुछ नहीं बिगाड पाओंगे। प्रार्थी का कहना है कि जिस वक्त उन्होंने यह भूमि खरीदी थी उस वक्त गजे सिंह से ही सौदा तय हुआ था ओर नीरज पुत्र कमलेश त्यागी मौके के गवाह है। चौ. सुरेंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गजे सिंह व उसका पुत्र दीपक, सुरेंद्र सिह पुत्र सोरण सिंह, अजीत सिंह, यशपाल सिंह, पूजा, रोहिताश, जयवीर, सुधीर के खिलाफ मंगलौर कोतवाली पर मुकदमा अपराध सं0 0433 31.05.2025 बीएनएस 318(4) 336(3) 338, 340(2), 351(2) व 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मुकदमा दर्ज कर गहनता से जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना के नेतृत्व में मंगलौर में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने मंगलौर गुड़ मंडी से मंगलौर तक एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जिसमें भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया इस मौके पर पूर्व केबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के के चलते हमारे देश के जवानों की जाने गई तो वही उन्होंने दुश्मन देश के भी छक्के छुड़ाने का काम किया है इसी के चलते रविवार को स्थित मंगलौर गुड़ मंडी से यह यात्रा मंगलौर बस स्टैंड को होते हुए देश के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने का काम किया है उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए सबसे पहले देश है बाद में राजनीति और आज वह देश के लिए पूरी तरह से समर्पित है इसी दौरान उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि 2027 में वह मंगलौर विधानसभा से चुनाव लड़ेंग



# राज्य मंत्री रोहेला का रुड़की पहुंचने पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रोहेला ने रविवार को कार्यकर्ताओं से बैठक कर आपदा से पूर्व बचाव पर सुझाव लिए। उससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सोमवार को रोहेला इस संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

रुड़की पहुंचे दर्जा प्राप्त मंत्री विनय रोहेला का कार्यकर्ताओं ने ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री धीर सिंह रोड के कैम्प कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया। उसके बाद आईआईटी स्थित एक सभागार में उन्होंने अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमें क्षेत्रीय आपदाओं, विशेष रूप से बरसात में जलभराव, नालों पर अतिक्रमण, नालों की सफाई, नदियों के कटाव, तालाबों पर अतिक्रमण और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया और सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रबंधन को लेकर पूरी तरह से सतर्क और संवेदनशील है तथा जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जमीनी स्तर पर जाकर समस्याओं का निरीक्षण करें और उसके निराकरण के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार करें। वहीं सोमवार को वह नगर निगम सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, मंडल अध्यक्ष सुमित अग्रवाल,अवनीश शर्मा,सचिन चौधरी,कविंद्र चौधरी,अरविंद गौतम, सुशील त्यागी, पवन तोमर, जिला महामंत्री अरविंद गौतम,भीम सिंह, सावित्री मंगला, सतीश सैनी, पंकज नंदा, पूजा नंदा,आलोक गौतम, मनोज नायक, विवेक कंबोज, सुशील रावत, रवि राणा , धीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन गुर्जर, रोमा सैनी , मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सैनी, सुमित अग्रवाल, गगन सरीन, विपुल कुमार ,विनीत प्रजापति,प्रोफेसर संदीप सिंह, विपुल सिलवाल, अजय टाक,बीएल अग्रवाल, कुणाल सचदेवा,अवनीश त्यागी, वरुण, पुलकित,ममता चहल आदि उपस्थित



## लक्सर पुलिस का सत्यापन अभियान

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा चारधाम यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए सत्यापन अभियान चलाया है। अवैध रूप से रह रहे लोगों में खलबली मच गई है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा चार धाम यात्रा के मध्य नजर जनपद में निवास बाहरी व्यक्तियों व होटल ढाबो में कार्य करने वाले व्यक्तियों बाजारों में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों फड फेरी वाहनों की बारीकी से चेकिंग कर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया था जिसमे अलग-अलग पुलिस टीम बनाई गई पुलिस टीम के द्वारा कोतवाली क्षेत्र में 163 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया जिनमें तीन व्यक्तियों के चालान न्यायालय 30000 किए गए बाकी चालान 81 पुलिस एक्ट 5500 रुपए संयोजन शुल्क वसूला गया

# धनौरी मे ईद व कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**पिरान कलियर।** ईद उल अजहा ओर कावड़ यात्रा सम्बंध में क्षेत्र के गण्यमान्य ओर जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

जानकारी के अनुसार रविवार को थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने धनौरी चौकी परिसर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों के साथ ईद उल अजहा ओर आगामी कावड़ यात्रा के सम्बंध बैठक कर कहा कि आगामी कांवड मेला ओर ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को शान्ति पूर्ण तरीके से मनाने एवं शासन/प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशो का पालन करे ओर पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने ने पुलिस का सहयोग करे।उन्होंने कहा कि आने वाले पर्व के अवसर पर असामाजिक तत्वो द्वारा आपराधिक घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को सहयोग करने ओर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।इस दौरान धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## 48 पव्वों के साथ दो गिरफ्तार

**पिरान कलियर।** पुलिस ने बाईक सवार दो व्यक्तियों को अंग्रेजी शराब के 48 पव्वो के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है।

कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि चेंकिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि कलियर बाईपास मार्ग से दो व्यक्ति बाईक पर अंग्रेजी शराब को बेचने के लिए जा रहे है।पुलिस ने दोनो व्यक्तियों को बाईक सहित पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 48 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मोहित ओर सन्नी निवासी हकीमपुर तुर्रा थाना कलियर बताया। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सैनी महापंचायत ने समाज के मेधावियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सैनी महापंचायत संगठन उत्तराखंड द्वारा संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक जय भगवान सैनी एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंकित सैनी प्रदेश संरक्षक मनोज सैनी चैयरमेन प्रदेश संरक्षक रवि पाल सैनी की उपस्थिति में रुड़की शेरपुर स्थित रेड कॉरपोरेट वेंकट हॉल में मनोज सैनी प्रिंसिपल डीएवी कॉलेज यह अध्यक्षता में सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के प्रदेश महासचिव शिवकुमार सैनी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी के द्वारा किया गया। किसलय सैनी जी के द्वारा क्रांतिकारी कविताओं से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। महापंचायत ने हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में राज्य एवं सम्मान समारोह प्रतियोगिता में कु वैष्णवी प्रताप सैनी पुत्री निर्मल सिंह सैनी हाईस्कूल और प्रतियोगिता में इंटरमीडिएट परीक्षा में कुंवारी रिया सैनी निवासी माजरी ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक शुभकामनाएं सहित उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संगठन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और प्रदेश अध्यक्ष अंकित सैनी द्वारा रक्तदान करने वाले रक्त वीरों का भी धन्यवाद किया गया और प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभा करने वाले सभी छात्राओं के परिजनों अनुरोध किया कि हमें 'अपने महापुरुषों के छाया चित्रों को अपने घरों में लगाने पर जोर दिया' और अपने बच्चों को बताना चाहिए कि 'भारत की प्रथम महिला शिक्षिका राष्ट्र माता सावित्रीबाई फुले के' इतिहास की जानकारी देनी चाहिए। संगठन के द्वारा सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया और सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मास्टर नीटू सिंह सैनी, नवीन सैनी, विनय सैनी, मांगेराम सैनी प्रधान रोहतास सैनी, निर्भय सैनी अनूज सैनी सुनील सैनी संस्कारी डॉक्टर नवीन सैनी अजय सैन, शिव सैनी, सैनी, अंकित सैनी शविकास सैनी एडवोकेट कुलदीप सैनी एडवोकेट शुभम सैनी रामकुमार सैनी रजनीश सैनी शुभम सैनी विशाल सैनी श अमरीश सैनी दौलतराम सैनी सुबोध सैनी मोहन सैनी ललित सैनी गुड्डू सैनी नीरज सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।



# लाखों रुपए के सरकारी पेड़ों पर चलाई वन माफिया ने कुल्हाड़ी

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर क्षेत्र के अबदिपुर में वन माफिया द्वारा लाखों रुपए के पेड़ों पर छुट्टी होने से सुबह 6:00 बजे ही सरकारी जमीन से लाखों रुपए के पेड़ काट डाले। दो ट्राली पेड़ वहां से उठा लिए गए और बाकी मौके पर पड़े हुए हैं। रविंदर कुमार निवासी अवदीपुर ने बताया कि खसरा नंबर 131 सोलानी नदी एवं वन विभाग की जमीन है जिसमें कुछ लोगों के द्वारा अभी 10 दिन पहले भी लाखों रुपए के पेड़ काटकर बेच दिए गए थे आज सुबह ही फिर लाखों रुपए के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी जिसमें से कुछ पेड़ उठाकर ले गए। कुछ मौके पर ही पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा हमने पहले जो पेड़ काटे गए थे उसकी जानकारी भी संबंधित अधिकारियों को दी थी और आज की जानकारी भी संबंधित अधिकारियों को दी है जिस पर अभी तक किसी भी अधिकारी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई इस सरकारी जमीन का मामला उच्च न्यायालय नैनीताल में भी विचाराधीन है इस मामले की जानकारी होते हुए भी संबंधित अधिकारी कुछ भी करने को तैयार नहीं है। वही सोनू कुमार निवासी अवदीपुर ने कहा कि जिस तरह से लाखों रुपए के पेड़ पहले भी काट लिए गए थे उसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई थी आज भी इसी तरह से पेड़ काट ले गए हैं जिसकी जानकारी व्हाट्सएप के द्वारा संबंधित अधिकारियों को दी गई संबंधित अधिकारियों ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है उन्होंने कहा हमने सभी संबंधित अधिकारियों को लिखित में शिकायती पत्र दे रखा है और हमारा मामला उच्च न्यायालय नैनीताल में भी विचाराधीन है वही ग्राम प्रधान कृष्ण पाल ने बताया कि मुझे जानकारी मिली की कुछ लोगों ने सरकारी जमीन से पेड़ काट लिए हैं मैं तुरंत ही मौके पर पहुंचा और काटे हुए पेड़ों को वहीं रुकवाया जिसमें प्रीतम कुछ पेड़ काट कर ले गया है उन्होंने कहा मैंने सभी संबंधित अधिकारियों के व्हाट्सएप पर सूचना भेज दी है क्योंकि आज छुट्टी होने की वजह से कोई ऑफिस नहीं खुला हुआ है वहां पर लेखपाल एव वन-विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए थे वह भी वन माफिया प्रीतम के खिलाफ कार्रवाई की बात करते नजर आ रहे थे।

## अवैध खनन में पुलिस की छापेमारी, तीन वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा अवैध खनन ओवरलोड में छापेमारी करते हुए तीन वाहनों को पड़कर सीज कर दिया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अवैध खनन ओवरलोड चलने वाले वाहनों पर अंकुश लगाए जाने के लिए समस्त थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया था जिसमें लक्सर पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा अवैध खनन माफिया के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को पकड़कर सीज कर दिया गया है उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल कांस्टेबल अरुण चौहान मोहित खंतवाल शामिल रहे उन्होंने यह भी कहा कि उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार अवैध खनन ओवरलोड लक्सर कोतवाली क्षेत्र में नहीं चलने दिया जाएगी।

## केवि 2 में समर कैंप का आयोजन

**रुड़की।** पीएम श्री केवि 2 में 30 मई 6 जून तक भारतीय भाषा समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में बच्चों को भाषा के साथ.साथ पारंपरिक लोक नृत्यए वेशभूषाए वाद्य यंत्र प्रदर्शन और पारंपरिक व्यंजनों की जानकारी दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस समर कैंप में 40 से अधिक छात्रों ने भाग ले रहे हैं। कैंप में गायनए नृत्यए श्रवण कौशल विकासए रोल प्लेए भारतीय मसालों की जानकारी और स्थानीय ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

# पुलिस ने शांति भंग में चार को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अलग-अलग प्रकरणों में कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा शांति भंग करने पर 04 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया है। दिनांक 31.05.25/01.06.25 को उपनिरीक्षक नवीन कुमार, स्पे करूणा रौकली, हेड कांस्टेबल दुर्गा प्रसाद, कांस्टेबल राकेश राणा, कांस्टेबल राहुल कुमार द्वारा दौराने शांति व्यवस्था ड्यूटी, शांति भंग करने के आरोप में अभियुक्त गण 1.याकूब पुत्र दीन मोहम्मद निवासी ग्राम तेलीवाला कोतवाली गगनहर जनपद हरिद्वार 2-आसिफ पुत्र शेर अली निवासी उपरोक्त,. 3-आकिब पुत्र शेर अली निवासी उपरोक्त 4-मेहबूब उर्फ टोनी पुत्र अब्दुल हमीद निवासी पश्चिम अंबर तालाब कोतवाली गगनहर जनपद हरिद्वार को सम्बन्धित अन्तर्गत धारा 170 मे गिरफ्तार किया गया। अभि0गणो को बाद मेडिकल परीक्षण के माननीय ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट रुड़की महोदय के समक्ष पेश किया जाएगा। हबूब उर्फ टोनी पुत्र अब्दुल हमीद निवासी पश्चिमी अंबर तालाब कोतवाली गंगनहर बताया।

# भगवानपुर पुलिस ने चलाया विशेष सत्यापन अभियान, वसूला जुर्माना

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**भगवानपुर।** एसएसपी हरिद्वार के निर्देशन में थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा विशेष सत्यापन अभियान चलाया गया। 110 मकान मालिकों के घरो पर जाकर सत्यापन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार महोदय द्वारा जनपद में बाहरी प्रदेशों से आये कर्मचारी/ मजदूर/ फड़/ किरायेदार ठेली वाले व्यक्तियो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर द्वारा आज अलग- अलग टीमों का गठन कर वेरिफिकेशन अभियान चलाया गया एवम निम्नलिखित कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान-सत्यपान का क्षेत्र ग्राम सिसौना 110 मकान मालिकों के घरो पर जाकर सत्यापन किया गया जिनमें से 50 मकान मालिक को द्वारा अपने मकानो में रखे गए किराएदारों का सत्यापन नहीं कराया गया था जिस कारण 50 मकान मालिको का धारा 83 पुलिस अधिनियम में चालान संयोजन शुल्क 500,000/-रुपये न्यायालय किया गया। सत्यापन की कुल संख्या-210 किरायेदार, सत्यापन के दौरान संदिग्ध पाये जाने पर 04 लोगो के 81 उत्तराखंड पुलिस अधिनियम मे किया चालान 1000/-रु0 संयोजन शुल्क वसूला गया है।

### सरकार की मनमानी से विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से शिक्षा खस्ताहाल

# सेवानिवृत्त से खाली पद नहीं भरे जा रहे: ब्रह्मचारी

## नारसन में अशासकीय विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन की जनपदीय इकाई की बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन/रुड़की।** अशासकीय विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन की जनपदीय इकाई के संरक्षक एवं सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि प्रदेश सरकार अशासकीय विद्यालयों का अस्तित्व मिटाने पर लगी है जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा यदि जरूरत पड़ी तो मामले को लोकसभा में उठाया जाएगा। वह नारसन स्थित राजा महेंद्र प्रताप प्रेम विद्यालय इण्टर कॉलेज में जनपदीय अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता तथा जिला मंत्री अरविंद राठी के संयोजन में आहुत आम सभा की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सोनीपत (हरियाणा) से कांग्रेस सांसद एवं एस० एम० एस० डी० इण्टर कॉलेज कनखल के प्रबंधक सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने से पद खाली होते जा रहे हैं लेकिन शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत की मनमानी के कारण नियुक्ति प्रक्रिया पर अघोषित रोक लगी हुई है। किसी भी विद्यालय को बिना माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने की अनुमति नहीं दी जा रही है सउन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय बार-बार इस मामले पर सरकार को फटकार लगा चुका है। सांसद ब्रह्मचारी ने कहा कि अशासकीय विद्यालयों के बेहतर परीक्षाफल के बावजूद इन स्कूलों के बच्चों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि जरूरत पड़ी तो प्रदेश सरकार के रवैये के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। महानगर रुड़की की मेयर अनिता देवी अग्रवाल व उनके पति वरिष्ठ भाजपा नेता ललित मोहन अग्रवाल प्रबंधक मारवाड़ कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज रुड़की छावनी ने अपने संबोधन में कहा कि वह मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री को मिलकर अशासकीय विद्यालयों की समस्याओं से अवगत कराएंगे तथा एसोसिएशन का मांग पत्र उन्हें सौंप कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आग्रह करेंगे। एसोसिएशन के प्रांतीय संरक्षक चंद्र मोहन पयाल ने सांसद सतपाल ब्रह्मचारी व मेयर अनिता देवी अग्रवाल को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा तथा कहा कि शिक्षामंत्री बार-बार भर्तियों के लिए चयन बोर्ड (आयोग) बनाने की धमकी दे रहे हैंजबकि उच्चतम न्यायालय पूर्व में ही पश्चिम बंगाल के मामले में स्पष्ट कर चुका है कि सरकार अशासकीय विद्यालयों के लिए नियम कायदे कानून बना सकती है परंतु नियुक्ति का अधिकार प्रबंधतंत्रों से नहीं छीना जा सकता है। प्रांतीय महामंत्री विमल नेगी ने कहा कि शासन/विभाग द्वारा आहूत समीक्षा बैठकों में शिक्षक संघो को तो आमंत्रित किया जाता है परंतु विद्यालयों के संचालको/ प्रबंध तंत्रों को नहीं बुलाया जाता है। जनपदीय संरक्षक राजकुमार चौहान एडवोकेट ने 1 अक्टूबर 2005 से पूर्व विज्ञप्ति एवं परिणाम वाले मामलों में राजकीय की भांति अशासकीय विद्यालयों के कार्मिकों को भी पुरानी पेंशन से आच्छादित करने की मांग समानता के आधार पर उठाई। प्रधान विजय कुमार मखदुमपुर ने 50 प्रतिशत विद्यालयों में लंबे समय से अनावश्यक रूप से जमे प्रबंध संचालकों को हटाने तथा प्रबंध समितियो का विधिवत चुनाव कराकर उन्हें पदारूढ़ कराने की मांग की। डॉ मनोज चौधरी मानकपुर आदमपुर ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विहीन विद्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्ति का अधिकार प्रधानाचार्य को दिए जाने तथा धनोरी प्रबंधक आदेश सैनी ने डाऊनग्रेड प्रधानाचार्यों के लिए बनाए गए प्राचीन मानकों में संशोधन कर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि को अर्ह होने संबंधी शासनादेश जारी किए जाने की बात दोहरायी। हबीबपुर नवादा प्रबंधक ताराचंद सैनी एडवोकेट ने अनुभागों का निर्धारण राजकीय विद्यालयों के अनुरूप करने तथा माजरी गुम्मावाला प्रबंधक श्रीमती राजबाला सैनी ने अनुदानित विद्यालयों में संचालित वित्त विहीन विषयों के पद सृजित किए जाने पर जोर दिया। मीडिया प्रभारी डॉ घनश्याम गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर रितु कैप्टन अजय कौशिक सत्य प्रकाश भीम सिंह राठौड़ सत्यपाल नवीन अग्रवाल डॉक्टर एनके शर्मा बर सिंह जितेंद्र नेगी विजेंद्र सिंह अतुल अग्रवाल समय सिंह सैनी अमित गोयल देवेंद्र सिंह गौरी शंकर गुप्ता मुकेश कुमार अरुण कुमार ओमवीर सिंह समेत अनेक प्रबंधक तथा प्रतिनिधि प्रधानाचार्य बैठक में आदि उपस्थित रहे।



## पुलिस ने एक युवक को किया तड़ीपार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति को जिला बदर कर दिया गया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अपराधिक प्रवर्ति के लोगों को जनपद सीमा से बाहर करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे जिसमें लक्सर पुलिस द्वारा गुंडा एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई पूर्ण कर अभियुक्त मनजीत पुत्र राजपाल निवासी दाबकी कला कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार को जनपद सीमा से बाहर करते हुए 30 दिन के लिए सख्त हिदायत दी गई है उन्होंने कहा जिला हरिद्वार की सीमा से बाहर कर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश में अभियुक्त को रवाना किया गया है और समय अवधि के अंदर जिला हरिद्वार में प्रवेश नहीं करने की हिदायत दी है।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

सोमवार, 2 जून 2025

## ट्रम्प का शगूफा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को एक बार फिर भारत-पाक के बीच सीजफायर को लेकर श्रेय लेने का शगूफा छोड़ दिया। ऐसा उन्होंने एक बार नहीं एक दिन में दो बार किया। कुल मिलाकर बात करें, तो यह 11वां मौका था जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सार्वजनिक रूप से यह कहते दिखाई दिए कि उन्होंने ही दस मई को भारत-पाक के बीच सीजफायर कराया था। वह यहीं नहीं रुकते, जो सबसे बड़ी बात वह कहते हैं वह यह कि अमेरिका से ट्रेड की धमकी देकर वह संभावित युद्ध को रोकने में सफल रहे। मतलब साफ है कि इस बात से वह यह कहना चाह रहे हैं कि युद्ध रोकने के लिए न भारत तैयार था न पाक। अमेरिका से व्यापार करने की धमकी ही दोनों देशों को सीजफायर करने के लिए विवश होने पर मजबूर कर गई। जहां तक बात भारत की है, भारत अपनी तरफ से कई बार यह सफाई दे चुका है कि सीजफायर का फैसला भारत और पाक के बीच ही वार्ता में तय हो पाया था और तीसरे देश की इसमें किसी तरह की कोई भूमिका नहीं थी, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प हैं कि चुप होने का नाम नहीं ले रहे हैं। वह अमे. रिका में ही नहीं बल्कि अमेरिका से बाहर जाकर अपने दौरे में भी वह इस तरह की बातें कर रहे हैं। पिछले दिनों जब वह कतर व सऊदी की यात्रा पर आए थे तब भी उन्होंने यह राग अलापा था। निश्चित रूप से यह भारत सरकार के लिए बड़ी असहज स्थिति है। देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस ट्रम्प की इन बयानबाजियों को लेकर सरकार पर निशाना साध रहा है, जोकि स्वाभाविक ही है। जयराम रमेश व पवन खेड़ा जैसे कांग्रेसी नेता खुलकर प्रधानमंत्री मोदी को इस मामले में घेर रहे हैं। वह इस पूरे प्रकरण पर सरकार की चुप्पी विशेषकर पीएम मोदी की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं। निश्चित रूप से यह एक गंभीर मुद्दा बन गया है। सरकार इस मामले में खुलकर अपनी राय नहीं रख पा रही है। विपक्ष मांग कर रहा है कि सरकार बताए कि अमेरिकी राष्ट्रपति को मध्यस्थता के लिए किसने कहा था और यदि वह अपनी ओर से कह रहे हैं तो सरकार को बाकायदा अपना विरोध दर्ज कराना चाहिए और ट्रम्प से कहना चाहिए कि वह इस तरह की बयानबाजी से बाज आएं, लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर पा रही है। यह समझना भी बेहद कठिन है कि आखिर ट्रम्प भारत के साथ इस तरह का व्यवहार क्यों कर रहे हैं और बार-बार उनको यह कहने की जरूरत क्यों पड़ रही है। जाहिर है वह कोई भी ऐसा मौका नहीं गवा रहे हैं, जिससे भारत की परेशानी बढ़े। विशेषकर मोदी को लेकर वह ज्यादा ही विमुख होते दिखाई दे रहे हैं। एक तरफ वह उनको अपना दोस्त भी बताते हैं, उनकी प्रशंसा भी करते हैं लेकिन दूसरी तरफ इस तरह की बातें भी करते हैं, जिससे पीएम मोदी के सामने असहजता की स्थिति उत्पन्न हो। जाहिर है, अमेरिकी राष्ट्रपति दोहरा गेम खेल रहे हैं। वह भारत-पाक के बीच सीजफायर का श्रेय लेने की बात तो कह ही रहे हैं, साथ ही भारत व पाक को एक ही नजरिये से देख रहे हैं। ऐसे में भारत को बहुत सतर्कता के साथ पूरे मामले से निपटने की जरूरत है।

### कश्मीर को दोस्ती और समझ का पुल बनाएं



जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए, जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है, हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है, पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है, हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके, जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी, हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, पर वहां के लोगों से नहीं।

**-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी**

## नीचता, गलीचता से महानता तक

घटिया, नीच और गलीच की भी अपनी महानता के उच्च मापदंड हुआ करते हैं जब दौर ही सोच से गलीचों व नीचों का चल रहा हो तो उसमें भाषा में प्रेम और तर्क खोजे तो खोजे कौन? मूर्खता की प्रचंडता के इस स्वर्णिम बेला में हर एक सीवेज चिंतन वाला जब भी मुंह खोलेगा तो आपको ऐसा एहसास होगा मानो किसी सफाईकर्मी ने बहुत दिनों से मानव मल-मूत्र से जाम सीवेज का ढक्कन प्रेम के शुक्ल पक्ष में खोल दिया हो। ऐसा प्रेममई मुंह और उससे रिसती मवादीय भाषा ताजा मानवीय मल की तरह चैनलों के स्टूडियो से निकल कर पूरे वातावरण में लगभग हर रोज शाम को एक निश्चित एजेंडा के तरह फैलाई जा रही है।

प्राइम टाइम के वक्त लश्कर-ए-मीडिया के भाषाई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद रहते हैं। समूचे गोबरपट्टी या गोबरालैंड को रोज ऐसे ही भाषाई लंपटों की लंपटई के हवाले कर दिया जाता है। इस लंपटई, उठाईगिरी और उठाईगिरों की फौज को खड़ा करने में कई सालों की मेहनत और अथाह पैसा लगा है। लंपटई में किया गया यह निवेश अब जाकर फल दे रहा है। पूरे गोबरालैंड के समाज के भीतर फर्जी राष्ट्रवाद, फर्जी ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक नफरतों का ऐसा सैलाब आया हुआ है कि जैसे ही तथ्यान्वेषण होना आरंभ होता है तुरंत प्रेममई भाषा में जवाब आ जाता है। हमने सत्ता के लिए जाने-अनजाने, समाज के भीतर इतना विष घोल दिया है कि वह अब भयावह रूप में प्रगट हो रहा है। कहीं किसी न्यायालय परिसर में मूर्तियों की स्थापना को लेकर दो धड़े आमने-सामने आते हैं तो कहीं घोड़े से दलित को उतार कर उसकी पिटाई कर दी जा रही है। कहीं निम्न वर्ग द्वारा डीजे बजाने को लेकर हमले हो रहे हैं तो कहीं सत्ता प्रशासन मात्र इसलिए बुल्डोजर न्याय कर रहा है क्योंकि वहां एक धर्म विशेष के लोग ज्यादा हैं। कोई सवाल नहीं कि सालों-साल इन तथाकथित अवैध बस्तियों को बिजली व पानी कनेक्शन कैसे मिलता रहा? राशन कार्ड कैसे बनते रहे? हाउस टैक्स क्यों लिए जाते रहे? कांधे पर स्टार बढ़वाने, मलाईदार पोस्टिंग पाने और प्रमोशन की लालसा इतनी प्रेममई भाषा की तरह हो जाएगी कि न्याय, मानवीय संवेदनाओं और सरोकारों का भी कोई हिस्सा जीवित न रह पाएगा? जैसे ही सत्ता समर्थित छिछलेदार चीकट प्रेममई किसी व्यक्ति से आप तार्किकता पर आते हैं, वह असहज और असहाय सा हो उठता है, क्योंकि जब बर्तन में कुछ नहीं होता तो वह आवाज बहुत करता है। विगत दो दशकों में भाषाई फूहड़ आतंकवादियों का एक पूरा गिरोह तैयार किया गया है और यह पूरा का पूरा गिरोह विशुद्ध रूप से अनपढ़ों और गंवारों का है, चूंकि इनके पास तथ्यात्मक रूप से कुछ होता नहीं है इसलिए जैसे ही फंसते हैं यह गटर खोलते हैं। इनके पास इसका कोई जवाब नहीं है कि इनके एक खास गैर राजनीतिक संगठन ने आजादी की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी? ये संगठन हिन्दू हित की बात तो खूब करता है, लेकिन उसकी वेशभूषा आज तक विदेशी क्यों है? सुभाषचन्द्र बोस जब आजाद हिन्द सेना का गठन कर रहे थे, तब इस संगठन ने भारतीय युवाओं को सेना में शामिल होने से क्यों रोका? इनके एक बहादुरकर ने अंग्रेजों को 6 माफीनामे क्यों लिखे? जबकि उसी जेल में 436 लोग और थे। सिर्फ इन्होंने ही क्यों माफीनामे लिखे? ऐसी क्या आफत थी?

प्रेमभाषा से अगर यह सवाल किया जाए कि 1925 में प्रथम अधिवेशन में द्विराष्ट्रवाद के सिद्धान्त हिन्दू राष्ट्र मुस्लिम राष्ट्र का प्रस्ताव क्यों पारित किया गया, जबकि इनका मानस संघटन आज अखंड भारत की बात करता है। वर्ष 1942 में असहयोग आंदोलन का मानस संघटन ने बहिष्कार क्यों किया? मानस संगठन का यह पत्र सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है जिससे आज की पीढ़ी इनके सच को जान सके। गांधी जी इतना क्यों चुभते थे कि उनकी हत्या के पांच असफल प्रयास किए गए? मानस संगठन के प्रथम अगुवा ने हिंदुओं से यह अपील क्यों की कि वे अपनी ताकत का इस्तेमाल अंगेजों के खिलाफ न करते हुए देश में मुस्लिम, क्रिश्चियन और दलितों के खिलाफ करें? 15 अगस्त, 1947 को जब देश आजाद हुआ तब मानस संगठन के लोगों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को अपने पैरों तले क्यों कुचला? क्रान्तिकारी लीलाधर वाजपेई के खिलाफ गवाही किसने दी? जिससे उन्हें 2 साल का कठोर कारावास हुआ। मानस संगठन और इससे उपजे दल ने पिछड़े, दलित, आदवासियों के नासिक स्थित काला राम मंदिर में प्रवेश मुद्दे पर डॉ. आंबेडकर का जबरदस्त विरा. ेध क्यों किया? साल, 1925 से 1947 के बीच वन्देमातरम का नारा लगाने से परहेज क्यों रहा? मानस संगठन के प्रमुख कभी दलित, आदिवासी या पिछड़ा वर्ग से क्यों नहीं बने? यह हिंदू हैं भी या काम चलाऊ हैं? नागपुर में तिरंगा फहराने पर तीन युवाओं के खिलाफ एफआईआर क्यों? इन सवालों के जवाब जाहिर है प्रेमो टाइप्स चेपुओं के पास नहीं हैं। आइए वर्तमान में ही आ जाएं तर्कों के साथ। यहां भी कोई सार्थक जवाब नहीं है सिवाय तेरी मां। तेरी चाची। तेरी बहन जी के अलावा। भारत के व्यापार को चीन खा गया क्या किया सरकार ने? चीन एक ऐसा देश है जो भारत से अरबों डॉलर का व्यवहार करता है लेकिन पालता-पोसता पाकिस्तान को है। आश्चर्य है कि भारत की चीन से ऐसी क्या एंडी फंसी है कि सब कुछ लुटा के भी होश में न आया जा रहा है। यह कौन सी मोहब्बत है जो लुट रही है, लेकिन उफ तक न कर रही है। चीन से भारत का आयात लगातार बढ़ रहा है, एक रिपोर्ट के अनुसार, जिसमें 2023-24 में 101.73 बिलियन डॉलर का आयात हुआ था, जो 2022-23 के मुकाबले 3.28 प्रतिशत अधिक है। भारत ने 2024-25 में रिकॉर्ड 113.45 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो कि पिछले साल की तुलना में 11.52 प्रतिशत अधिक है। है कोई जवाब या वही एक प्रेमामई शब्द है तेरी। चाल, चरित्र और चिंतन के सड़क छाप टपोरी प्रवक्ताओं के पास दरअसल न तथ्य हैं न कथ्य हैं। सिवाय नफरत और झूठ के खांचों के सिवाए। पिछले एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थों की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे? नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे? रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों? राफेल महंगा क्यों खरीदा गया? फ्रांस से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की? गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों? सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है? एक पेड़ मां के नाम का फ्राड और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ? बेरोजगारी चरम पर क्यों? 4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं? महंगाई पर लगाम क्यों नहीं? शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है? हर ओर निजीकरण क्यों? 32 गुजराती देश की बैंकों का अरबों-खरबों लेकर आराम से कैसे भागे? सरदार पटेल और भगत सिंह के भाषणों को तोड़कर, उसमें मिलावट कर झूठ परोसने वाले सच से असहज होकर सीधे तेरी मां, तेरी चाची। तेरी बहन... की प्रेमकथा वाचन करने वाले बौद्धिक स्तर पर कितने खोखले हैं कि जब भी मुंह खोलते हैं कोयल और कौवे का फर्क समझ आ जाता है।

### सवाल

- **एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थो की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे?**
- **नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे?**
- **रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों?**
- **राफेल महंगा क्यों खरीदा गया?**
- **France से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की?**
- **गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों?**
- **सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है?**
- **एक पेड़ मां के नाम का धोखा और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ?**
- **बेरोजगारी चरम पर क्यों?**
- **4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं?**
- **महंगाई पर लगाम क्यों नहीं?**
- **शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है?**
- **हर ओर निजीकरण क्यों?**





पवन सिंह

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## देश की रक्षा परियोजनाओं में देरी क्यों

**एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के बयान ने रक्षा क्षेत्र में सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। रक्षा कॉन्ट्रैक्ट्स में यथार्थवादी समय सीमाएं निर्धारित की जानी चाहिए। सिंह ने सुझाव दिया कि हमें वही वादा करना चाहिए जो हम हासिल कर सकते हैं। इसके लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन करने से पहले गहन तकनीकी और लॉजिस्टिकल मूल्यांकन की आवश्यकता है। AMCA प्रोजेक्ट में निजी क्षेत्र की भागीदारी एक सकारात्मक कदम है। निजी कंपनियों को रक्षा उत्पादन में और अधिक शामिल करने से HAL और क्त्क्व पर निर्भरता कम होगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। HAL और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को 'मिशन मोड' में काम करने के लिए संगठनात्मक सुधार करने चाहिए। इसके लिए समन्वय, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और कर्मचारी प्रशिक्षण में सुधार की आवश्यकता है।**



विनीत नारायण

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने 29 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एक सभा में रक्षा परियोजनाओं में देरी को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा, टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। मेरे विचार में एक भी परियोजना ऐसी नहीं है जो समय पर पूरी हुई हो। कई बार हम कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय जानते हैं कि यह सिस्टम समय पर नहीं आएगा। फिर भी हम कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लेते हैं। यह बयान न केवल रक्षा क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों को उजागर करता है, बल्कि भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में चल रही प्रक्रिया पर भी सवाल उठाता है। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने अपने बयान में विशेष रूप से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी में देरी का उल्लेख किया। यह देरी 2021 में हस्ताक्षरित 48,000 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा है, जिसमें 83 तेजस Mk1A जेट्स की डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन अभी तक एक भी विमान डिलीवर नहीं हुआ है। इसके अलावा, उन्होंने तेजस Mk2 और उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान AMCA जैसे अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में भी प्रोटोटाइप की कमी और देरी का जिक्र किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, जिसे उन्होंने राष्ट्रीय जीत करार दिया। उनके बयान का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह रक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता को रेखांकित करता है। यह पहली बार नहीं है जब HAL की आलोचना हुई है। फरवरी 2025 में, एयरो इंडिया 2025 के दौरान, एयर चीफ मार्शल सिंह ने HAL के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था, मुझे HAL पर भरोसा नहीं है, जो बहुत गलत बात है।

यह बयान एक अनौपचारिक बातचीत में रिकॉर्ड हुआ था, लेकिन इसने रक्षा उद्योग में गहरे मुद्दों को उजागर किया। रक्षा परियोजनाओं में देरी के कई कारण हैं, जिनमें से कुछ संरचनात्मक और कुछ प्रबंधन से संबंधित हैं। तेजस Mk1A की डिलीवरी में देरी का एक प्रमुख कारण जनरल इलेक्ट्रिक से इंजनों की धीमी आपूर्ति है। वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में समस्याएं, विशेष रूप से 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद भारत पर लगे प्रतिबंधों ने HAL की उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है। सिंह ने HAL को मिशन मोड में न होने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा कि HAL के भीतर लोग अपने-अपने साइलो में काम करते हैं, जिससे समग्र तस्वीर पर ध्यान नहीं दिया जाता। यह संगठनात्मक अक्षमता और समन्वय की कमी का संकेत है। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही यह स्पष्ट होता है कि समय सीमा अवास्तविक है। फिर भी, कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिए जाते हैं, जिससे प्रक्रिया शुरू से ही खराब हो जाती है। यह एक गहरी सांस्कृतिक समस्या को दर्शाता है, जहां जवाबदेही की कमी है। हालांकि सरकार ने AMCA जैसे प्रोजेक्ट्स में निजी क्षेत्र की भागीदारी को मंजूरी दी है, लेकिन अभी तक रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भूमिका सीमित रही है। इससे HAL और DRDO जैसे सार्वजनिक उपक्रमों पर अत्यधिक निर्भरता बढ़ती है, जो अक्सर समय सीमा पूरी करने में विफल रहते हैं। भारत की रक्षा खरीद प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली है। इसके अलावा, डिजाइन और विकास में देरी, जैसे कि तेजस Mk 2 और AMCA के प्रोटोटाइप की कमी, परियोजनाओं को और पीछे धकेलती है। रक्षा परियोजनाओं में देरी का भारतीय वायुसेना की परिचालन तत्परता पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना के पास 42l5 स्क्वाड्रनों की स्वीकृत ताकत के मुकाबले केवल 30 फाइटर स्क्वाड्रन हैं। तेजस Mk1A जैसे स्वदेशी विमानों की देरी और पुराने मिग-21 स्क्वाड्रनों का डीकमीशनिंग इस कमी को और गंभीर बनाता है। इसके अलावा, देरी से रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति भी प्रभावित होती है। सिंह ने कहा, हमें केवल भारत में उत्पादन की बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि डिजाइन और विकास भी भारत में करना चाहिए। देरी न केवल भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता को कमजोर करती है, बल्कि रक्षा उद्योग में विश्वास को भी प्रभावित करती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे हालिया सैन्य अभियानों ने यह स्पष्ट किया है कि आधुनिक युद्ध में हवाई शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है, और इसके लिए समय पर डिलीवरी और तकनीकी उन्नति अनिवार्य है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## घातक साबित हो सकती है सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति

पहलगाम में हुए पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है। निश्चित रूप से हमारे सैनिकों खासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊंचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औकात को समझ चुका है, परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल जरूर उठाए जा रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किए जा रहे हैं। उधर भारत की तरफ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य जिम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुन: शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आंखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिए हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गई अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने खास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रूपए में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस Mk2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने रक्षा खरीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुए स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया और साफ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ AMCA फाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत करते वक्त ही हमें पता होता है कि यह सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि-मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब वायुसेना मोदी सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत तेजी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर जोर दे रही है। दूसरी तरफ सरकार द्वारा चलाई गई अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था, जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फायदे गिनाने में लगी है, परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिए चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71 % पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हजार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थाई समिति को दी गई जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद खाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गई थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए अग्निवीर के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25 प्रतिशत अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थाई रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को सेवा निधि पैकेज के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपए और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किए जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है।

इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर जोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थाई सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य जरूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन यह स्थाई नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्एक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी देखी गई।

लिहाजा ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और इसका चुनावी लाभ उठाने बजाए सैन्य विशेषज्ञों की सलाह पर तत्काल अमल किया जाए और सैन्य क्षमता को लेकर उठ रही उनकी चिंताओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाए क्योंकि दुर्भाग्यवश भारत इस समय चारों ओर से असुरक्षित है। ऐसे में सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति घातक साबित हो सकती है।






तनवीर जाफरी

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# यूक्रेन पर रूसी प्रहार, गाजा में इजरायली बर्बरता, दुनिया हैरान

## चीन-सऊदी नहीं चाहते हम वहां भीख मांगने जाए

**■ पाक के प्रधानमंत्री ने कहा: आसिम मुनीर और मैं आखिरी इंसान जो यह बोझ उठाना चाहते हैं**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान के दोस्त मुल्क नहीं चाहते हैं कि हम उनसे भीख मांगने जाए। यह बात उन्होंने क्वेटा में कमांड एंड स्टाफ कालेज में सैनिकों संबोधित करते हुए कही। शरीफ ने कहा: चीन, सऊदी अरब, तुर्की, कतर, यूएई सब पाकिस्तान के भरोसेमंद दोस्त हैं।

वे हमसे उम्मीद करते हैं कि हम उनके साथ ट्रेड, कामर्स, इना.वेशन, डेवलपमेंट, शिक्षा, स्वास्थ्य, और इन्वेस्टमेंट में शामिल हों। उन्होंने जोर देकर कहा: वे अब और नहीं चाहते कि हम उनके यहां भीख का कटोरा लेकर जाएं। शरीफ ने आगे कहा: आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मैं आखिरी इंसान हूं जो इस बोझ को अपने कंधों पर उठाना चाहता है। आखिर में बोझ इस देश के कंधों पर आता है। शरीफ ने कहा कि हमें नेचुरल रिसोर्सेज का पूरा इस्तेमाल करना चाहिए और उन्हें सही कामों में लगाना चाहिए। क्वेटा में ही एक अन्य कार्यक्रम में शरीफ ने कहा कि बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने जिन लोगों को भटकाया है उन्हें सही रास्ते पर लाना जरूरी है। आतंकवादियों को न तो जनता, न सरकार और न ही सेना बर्दाश्त करेगी। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान की दिक्कतों को बात.चीत के जरिए हल करने की जरूरत है। अगर कोई चिंता है, तो भाइयों को एक साथ बैठकर उसे हल करना चाहिए। पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भी क्वेटा कमांड एंड स्टाफ कालेज में भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने कश्मीर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर में भारत की तरफ से बनाए जा रहे हाइड्रो-पावर प्रोजेक्ट पर आपत्ति जताई थी। मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान को कभी भी दबाया नहीं जा सकता। सेना प्रमुख ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि अपने देश की रक्षा के लिए पाकिस्तानी लोग लोहे की दीवार बन गए।



## रूस ने किया तीन वर्षों में सबसे बड़ा अटैक



**यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे सात मिसाइलें भी दागी मिसाइल अटैक में 12 यूक्रेनी सैनिकों की मौत**

**कीव।** यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने पिछले तीन वर्षों में शुरू हुए युद्ध के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। वायु सेना के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे। यूक्रेनी वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इगनात ने बताया कि इस ड्रोन हमले के साथ-साथ रूस ने सात मिसाइलें भी दागीं। उधर, यूक्रेनी सेना ने बताया कि रूसी मिसाइल हमले में उसकी एक प्रशिक्षण इकाई को निशाना बनाया गया है, जिसमें 12 सैनिक मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए।

यह हमला दोपहर 12.50 बजे हुआ। बयान में गया कि हमले के समय वहां किसी प्रकार की सैन्य परेड नहीं हो रही थी या कोई समूह एकत्र नहीं था। बयान में कहा गया है कि एक जांच समिति बनाई गई है, जो यह पता लगाएगी कि इस हमले में इतनी बड़ी संख्या में जवानों की जान कैसे गई।यह प्रशिक्षण इकाई 1,000 किलोमीटर लंबी सक्रिय युद्ध रेखा के पीछे स्थित है, लेकिन रूसी जासूसी और हमले वाले ड्रोन इतनी दूरी तक भी हमला करने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना कर्मियों की कमी से जूझ रही है और रूसी ड्रोन हमलों से बचने के लिए बड़े समूह के रूप में एकत्र होने से बचने जैसे कदम उठा रही है, क्योंकि रूसी ड्रोन लगातार अपने लक्ष्य खोजते रहते हैं। बयान में कहा गया, अगर यह साबित होता है कि किसी अधिकारी की कार्रवाई या लापरवाही की वजह से सैनिकों की मौत हुई है या वे घायल हुए हैं, तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने रदावा किया कि उसकी सेना ने यूक्रेन के उत्तरी सुमी क्षेत्र में स्थित ओलेक्सीवका गांव पर नियंत्रण पा लिया है।

## गाजा में खाना बांटते समय फिर गोलीबारी, 32 मौतें



**232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली: जानकारी नहीं**

232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली-जानकारी नहीं-

गाजा। रविवार को दक्षिणी गाजा में खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी हुई जिसमें कम से कम 32 फलस्तीनी लोगों की मौत हो गई है। गाजा के सरकारी मीडिया आफिस ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर में रविवार को एक सहायता वितरण केंद्र के पास इजरायली सेना ने गोलीबारी की। इसमें 31 लोगों की मौत हो गई वहीं, 200 लोग घायल हुए हैं।

इसके अलावा मध्य गाजा के नेत्जारिम कारिडोर में भी एक सहायता केंद्र पर गोलीबारी की गई। इसमें 1 फलस्तीनी शख्स की मौत हो गई है जबकि 32 लोग घायल हैं। गाजा में खाना बांटने का काम एक अमेरिकी एजेंसी जीएचएफ चला रही है। अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में 27 मई से 1 जून तक खाना बांटने के दौरान हुई गोल.ीबारी में 49 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। फलस्तीन रेड क्रिसेंट के एक स्वास्थ्यकर्मी ने बताया कि जब गोलीबारी हुई, उस वक्त बड़ी संख्या में लोग राफा इलाके में खाने की मदद लेने के लिए जमा हुए थे। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अस्पतालों में कुल 179 लोग हताहत हुए हैं, जिनमें 30 की हालत गंभीर है। इतने लोगों के घायल होने से अस्पतालों में भारी भीड़ हो गई है और इमरजेंसी वार्ड, आपरेशन थिएटर और आईसीयू में जगह की कमी हो गई है। इजरायली सेना ने जवाब में कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सहायता वितरण केंद्र के पास उनके सैनिकों की गोलीबारी से कोई घायल हुआ हो।

## शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मुकदमा शुरू



**■ बांग्लादेश में ट्रायल TV पर लाइव दिखा रहे तख्तापलट के बाद से भारत में हैं हसीना**

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों में ट्रायल शुरू हो गया है। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी) में रविवार को इन आरोपों को औपचारिक तौर पर दर्ज किया गया। चीफ प्रासिक्यूटर ताजुल इस्लाम ने ट्रिब्यूनल में ये आरोप दर्ज कराए हैं।

आईसीटी के प्रासिक्यूटर गाजी मनोवार हुसैन तमीम ने डेली स्टार को यह जानकारी दी है। 12 मई को ट्रिब्यूनल की जांच एजेंसी ने हसीना के खिलाफ अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जुलाई 2024 में आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों के पांच आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक आंदोलन के दौरान 1500 से अधिक लोग मारे गए जबकि 25 हजार से ज्यादा घायल हुए थे।

इस कार्यवाही को बांग्लादेश के सरकारी न्यूज चैनल बीटीडब्ल्यू पर लाइव टेलीकास्ट किया जा रहा है। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रति.बंधित संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के कुछ आतंकियों ने दावा किया है कि उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भूमिका निभाई थी। इसकी वजह से प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटना पड़ा था। पीटीआई के अनुसार, ये बयान जेयूडी आतंकी सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिल हाशमी ने अपने भाषणों के दौरान दिए। लाहौर में समर्थकों को संबो.धित करते हुए कसूरी ने कहा मैं चार साल का था जब 1971 में पाकिस्तान का बंटवारा हुआ था। तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने घोषणा की थी कि उन्होंने खलीज (बंगाल की खाड़ी) में दो-राष्ट्र सिद्धांत को डुबो दिया है। 10 मई को हमने 1971 का बदला ले लिया है। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था।

## जेल में रहकर बाप बना आतंकी लखवी: ओवैसी

### आईएमआईएम चीफ ने अल्जीरिया में कहा: आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा पाक



**■ एफएटीएफ इसे फिर ग्रे लिस्ट में डाले**

**अल्जीरिया।** आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे वह पाकिस्तान की जेल में कैद रहकर भी एक बच्चे का बाप बन गया। उन्होंने अल्जीरिया में कहा: एक आतंकवादी पाकिस्तान में कैद रहते हुए बाप बन गया। दुनिया का कोई भी देश आतंकवाद के आरोप का सामना कर रहे आतंकवादी को जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं देगा, लेकिन वह जेल में बैठे-बैठे ही एक बेटे का बाप बन गया। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ा। उन्होंने विश्व समुदाय और एफएटीएफ से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की अपील की, ताकि उसकी गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। बता दें कि ओवैसी मोदी सरकार के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। फिलहाल वे अल्जीरिया के दौरे पर हैं। ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्दोष लोगों को मारना तो इस्लाम की शिक्षा के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान 'तकफीरवाद (इस्लाम का दुश्मन)' का केंद्र बन चुका है। वहां के आतंकी संगठनों की विचारधारा में और आईएसआईएस, अल-कायदा की विचारधारा में कोई फर्क नहीं है। वे मानते हैं कि उनके पास धार्मिक वैधता है, जो पूरी तरह गलत है। इस्लाम किसी की हत्या की अनुमति नहीं देता, लेकिन उनकी विचारधारा बन गई है। ओवैसी ने कहा कि भारत और अल्जीरिया ने नवम्बर 2024 में एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। मुझे यकीन है कि इससे हमारे रिश्ते मजबूत होंगे। उम्मीद है कि हमारे प्रधानमंत्री बहुत जल्द अल्जीरिया आएंगे और अल्जीरिया के राष्ट्रपति भारत आएंगे। ओवैसी ने बताया कि भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की रात आपरेशन सिंदूर के तहत लश्कर और जैश के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। ओवैसी ने कहा कि जो कोई भी हथियार उठाएगा, वो आतंकवादी है। आतंकवाद पूरी दुनिया का मसला है। किसी भी आतंकवादी को कहीं कोई जगह नहीं दी जा सकती। ओवैसी वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा कर रहे हैं। इनके अलावा निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला भी इसमें शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जैसे देशों के दौरे पर था।

## ट्रम्प जल्द करेंगे नासा प्रमुख के नाम की घोषणा: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के नए प्रमुख के नाम की घोषणा करेंगे। यह जानकारी व्हाइट हाउस दी है। इससे पहले ट्रम्प ने टेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को नासा के प्रमुख के रूप में नामित किया था, जो प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क के करीबी सहयोगी हैं। एजेंस फ्रांस-प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ने कहा कि यह जरूरी है कि नासा का अगला प्रमुख ऐसा व्यक्ति हो जो राष्ट्रपति ट्रम्प के अमे.रिका फर्स्ट एजेंडे के साथ पूरी तरह से ठीक बैठता हो। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा जल्द ही इसके बारे में घोषणा की जाएगी। इससे पहले अमेरिकी मीडिया ने सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ट्रम्प इसाकमैन के नामांकन को वापस लेना चाहते हैं।



**नई दिल्ली। अदालत के ध्वस्तीकरण के आदेश के बाद भारी सुरक्षा तैनाती के बीच जंगपुरा के मद्रासी कैंप में झुग्गी बस्तियों को ध्वस्त करते बुलडोजर।**

## कामिल इदरीस ने ली सूडान के पीएम पद की शपथ

**■ जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से पीएम का पद खाली था**

**खार्तूम।** कामिल इदरीस ने सूडान के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इदरीश ने सत्तारूढ़ संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के प्रमुख अब्देल फत्ताह अल-बुरहान के समक्ष शपथ ली। परिषद ने एक बयान में कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के बाद बुरहान और परिषद अन्य सदस्यों ने इदरीस से मुलाकात की और सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की, जिसमें अर्थव्यवस्था को स्थिर करना, नागरिक आजीविका की रक्षा करना और राज्यों में व्यवस्था बहाल करना शामिल है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के रूप में इदरीस की नियुक्ति 19 मई को बुरहान द्वारा जारी एक संवैधानिक डिक्री के माध्यम से औपचारिक रूप से की गई थी। बुरहान सूडानी सशस्त्र बलों के कमांडर के रूप में भी कार्य करते हैं। इस निर्णय का संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ आयोग एवं विकास पर अंतर-सरकारी प्राधिकरण (आईजीएडी) ने स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में बुरहान के नेतृत्व में सैन्य तख्तापलट करने और जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से प्रधानमंत्री का पद खाली था। हमदोक और अन्य नागरिक नेताओं को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। इसके कुछ बाद उन्होंने पद छोड़ दिया था और कहा था कि सूडान एक 'खतरनाक मोड़' पर है क्योंकि सैन्य शासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून में डॉक्टरेट की डिग्री रखने वाले इदरीस ने पहले विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के महानिद.ेशक और पौधों की नई किस्मों के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ के महासचिव के रूप में कार्य किया है।

## रूस में पुल ढहने से सात की मौत, 69 घायल

**मास्को।** रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में पुल ढहने की घटना में घायल हुए लोगों की संख्या बढ़कर 69 हो गई है, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है। क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज़ ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि विगोनिचस्की जिले में पीड़ितों के बारे में जानकारी। इस घंटे तक पीड़ितों की संख्या 69 है, जिसमें तीन बच्चे शामिल हैं। पीड़ितों में से तीन की हालत गंभीर है, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। 44 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 22 लोगों का अस्पताल से बाहर इलाज किया जा रहा है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि ब्रांस्क क्षेत्र के विगोनिचस्की जिले में एक पुल ढह गया है। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है और 30 लोग घायल हुए हैं। मास्को रेलवे की रिपोर्ट के अनुसार क्लिमोव-मास्को मार्ग पर यात्री ट्रेन नंबर 86 के लोकोमोटिव और डिब्बे परिवहन संचालन में अवैध हस्तक्षेप के कारण यह हादसा हुआ।

## म्यांमार ने की अस्थायी युद्धविराम बढ़ाने की घोषणा

**यांगून।** म्यांमार के रक्षा सेवाओं के कमांडर-इन-चीफ के कार्यालय ने शनिवार को अस्थाई युद्धविराम को 30 जून तक बढ़ाने की घोषणा की।

सरकारी स्वामित्व वाले दैनिक 'द मिरर' ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जून से शुरू होने वाले इस विस्तार का उद्देश्य भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास प्रयासों का समर्थन करना, देश और उसके लोगों के हितों की सेवा करना और शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देना है। इससे पहले म्यांमार सशस्त्र बलों ने 7.9 तीव्रता के भूकंप के बाद बचाव और राहत कार्य में मदद के लिए छह से 31 मई तक अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की थी। रिपोर्ट केव अनुसार, युद्धविराम के दौरान जातीय सशस्त्र संगठनों और अन्य सशस्त्र समूहों से आग्रह किया गया है कि वे जनता द्वारा उपयोग किए जाने वाले संचार मार्गों को बाधित या उनपर हमला न करें, नागरिकों के जीवन और संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं या नष्ट न करें, सुरक्षा कर्मियों और उनके शि.विरों पर हमला न करें, सैन्य कमांड को निशाना न बनाएं, शांति को कमजोर करने वाले बलों की भर्ती या लामबंदी न करें और क्षेत्रों का विस्तार न करें। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि ऐसी कोई कार्रवाई होती है तो म्यांमार सशस्त्र बल जनता की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रतिक्रियात्मक कदम उठाएंगे।

## ईरान एटम बम बनाने के बेहद करीब पहुंचा

### मिलिट्री ग्रेड यूरेनियम का स्टाक बढ़ाया, यूएस की निगरानी एजेंसी का दावा



**■ इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है**

**तेहरान/न्यूयार्क।** ईरान एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र की एटमी निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी आईएईए ने एक गोपनीय रिपोर्ट में दावा किया है कि ईरान ने मिलिट्री ग्रेड यानी 60 प्रतिशत तक शुद्ध यूरेनियम का स्टाक बढ़ा दिया है। यह यूरेनियम एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब माना जाता है।

एजेंसी ने ईरान से सहयोग बढ़ाने और अपनी नीति में बदलाव की अपील की है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच एटमी समझौते को फिर से शुरू करने की कोशिशें चल रही हैं। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। वहीं इजरायल ने कहा कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान एटमी हथियार बनाने की पूरी तैयारी कर चुका है। इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इसे तुरंत रोकने की अपील की है। अगर ईरान एटमी हथियार बना लेता है तो वह ऐसा करने वाला 10वां देश होगा। दुनिया में सबसे ज्यादा एटमी हथियार रूस के पास हैं। आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी) ने कहा है कि 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता वाला करीब 408.6 किलो यूरेनियम था। यह मात्रा फरवरी की तुलना में 50 प्रतिशत ज्यादा है। यूरेनियम को जब ज्यादा शुद्ध किया जाता है, तो वह हथियार बनाने के लायक बन जाता है। 90 प्रतिशत शुद्ध यूरेनियम को हथियार-ग्रेड यानी एटमी बम बनाने लायक माना जाता है। 60 प्रतिशत पर पहुंच जाने का मतलब यह है कि ईरान अब उस स्तर से सिर्फ एक कदम पीछे है। आईएईए ने यह भी बताया कि अगर ईरान 60 प्रतिशत वाले करीब 42 किलो यूरेनियम को और ज्यादा शुद्ध कर दे, तो उससे एक एटमी बम बनाया जा सकता है। फिलहाल ईरान के पास कुल मिलाकर 9247.6 किलो समृद्ध यूरेनियम है। हालांकि ईरान का कहना है कि उसका एटमी कार्यक्रम बम बनाने के लिए नहीं बल्कि शांतिपूर्ण उद्देश्यों, जैसे बिजली बनाने या चिकित्सा के लिए है। ईरान के विदेश मंत्रालय और एटमी ऊर्जा संगठन ने इस रिपोर्ट को गलत और पक्षपातपूर्ण बताया।

## युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहा हमास: इजरायल

**■ हमने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है: हमास**

**यरूशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किए गए नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है।

यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दी। नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है। अमे.रिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए बयान में कहा गया कि हमास की प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है और स्थिति को पीछे ले जाती है। इजरायल हमारे बंधकों की वापसी और हमास की हार के लिए अपनी कार्रवाई जारी रखेगा। हमास ने हालांकि कहा कि उसने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है, लेकिन लंबे समय तक युद्ध विराम की मांग सहित इसमें संशोधन की मांग भी की है। विटकॉफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हमास के जवाब को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया और समूह से आगे की वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए रूपरेखा को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यही एकमात्र तरीका है जिससे हम आने वाले दिनों में 60-दिवसीय युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता शेष बंधकों में से आधे की रिहाई की सुविधा प्रदान करेगा, जिसमें मृत व्यक्ति भी शामिल हैं और स्थायी युद्ध विराम पर बातचीत का द्वार खोलेगा। अमे.रिका द्वारा समर्थित प्रस्ताव में लड़ाई में 60-दिवसीय विराम, गाजा में अभी भी बंद 58 बंधकों में से 28 की रिहाई, 1200 से अधिक फलस्तीनी कैदियों का आदान-प्रदान और एन्क्लेव में मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल है। उधर, हमास के वरिष्ठ अधिक.ारी बासम नैम ने इस दावे को खारिज कर दिया कि समूह ने प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।

## शांति के बजाय हम पर दबाव बढ़ा रहा फ्रांस: रूस

**मॉस्को/पेरिस।** रूस ने कहा है कि फ्रांस शांति की कोशिश नहीं कर रहा है बल्कि उसके ऊपर दबाव बढ़ा रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रूसी पत्रकार पावेल ज़ारुबिन से कहा कि फ्रांस शांति की राह पर नहीं है। फ्रांस रूस पर दबाव बढ़ाने की राह पर है। उन्होंने कहा कि यह खेदजनक है कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों वास्तविक स्थिति को नहीं समझ पाए और उनका मानना था कि दबाव उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि केवल इस बात पर खेद व्यक्त किया जा सकता है कि फ्रांसीसी राष्ट्र के प्रमुख वास्तविक स्थिति को नहीं समझते हैं। इमैनुएल मैक्रों ने बार-बार रूस विरोधी बयान और प्रस्ताव दिए हैं।